





खाड़ी युद्ध : भारत के ऊर्जा क्षेत्र को झटका एलएनजी में कटौती - 18



प्रधानमंत्री मोदी बोले- भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरण - 19



दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कप्तानों की भूमिका होगी अहम - 20


# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 04:49 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

बुधवार, 4 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 193, पृष्ठ 20 ■ मूल्य 5 रुपये


# अमेरिका-इजराइल के भीषण हमले... ईरान का बेखौफ जवाब

## ईरान का नतांज परमाणु स्थल क्षतिग्रस्त राष्ट्रपति कार्यालय भी बना निशाना | ईरान के दो ड्रोन हमलों के बाद रियाद में बंद किया गया अमेरिका का दूतावास | इजराइल के सैन्य ठिकानों पर भी बरसीं मिसाइलें, खाड़ी देशों पर भी हमले जारी

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध मंगलवार को चौथे दिन में प्रवेश करने के साथ और घातक हो गया। अमेरिका-इजराइल ने राजधानी तेहरान समेत ईरान के अलग-अलग हिस्सों में भीषण हवाई हमले कर तमाम इमारतों को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया। इन हमलों से ईरान के नतांज परमाणु स्थल को भी क्षति पहुंची, हालांकि अभी विकिरण फैलने की आशंका को खारिज कर दिया गया है। ईरान ने इन हमलों का बेखौफ जवाब दिया। ईरानी सेना ने उसने इजराइल के सैन्य क्षेत्रों के साथ कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस अल-उदैद पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी दूतावास पर दो ड्रोन दागे गए जिसके दूतावास को बंद कर दिया गया है।

कतर के ऊर्जा संयंत्रों समेत खाड़ी के देश चौथे दिन भी ईरान के हमलों का निशाना बने। इससे पश्चिमी एशिया की ऊर्जा इकाइयों पर संकट के बादल छाए रहे। ईरान की सेना ने कतर में स्थित अमेरिकी एयरबेस अल उदैद को भी मिसाइल का निशाना बनाया। ओमान की बंदरगाह दुकम में मंगलवार को ड्रोन हमले के बाद एक तेल भंडारण इकाई को नुकसान पहुंचा।

ईरान ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन से हमला किया, जिससे यहां आग लग गई और इमारत को भी नुकसान पहुंचा। इसके बाद इस दूतावास को फिलहाल बंद कर दिया गया है। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर एक बयान में कहा कि मंगलवार को सभी अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए गए हैं। रियाद के साथ जेद्दा और धाहरान में भी कर्मचारियों को घर में ही रहने के निर्देश दिए गए हैं।

अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर मंगलवार को भीषण हवाई हमले किए गए और तमाम सरकारी व गैरसरकारी इमारतों को मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया गया। तेहरान में राष्ट्रपति कार्यालय के अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के भवन और ईरान के सरकारी प्रसारक कार्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया गया है। मिसाइल लॉन्च साइटों के भी नष्ट होने की खबरें हैं। इन हवाई हमलों में ईरान के नतांज परमाणु स्थल को क्षति पहुंची है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा है कि यह क्षति परमाणु स्थल के भूमिगत हिस्से के प्रवेश भवनों तक सीमित है। फिलहाल यहां विकिरण फैलने की आशंका नहीं है।



तेहरान में बमबारी से मलबे में तब्दील हुई एक इमारत पर लहराता ईरानी झंडा। ● एजेंसी



तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले से ध्वस्त इमारत।

### ईरान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 787 हुई

ईरान की रेड क्रिसेंट की रिपोर्ट के अनुसार देश में अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 787 से ज्यादा हो गई है। ईरान के हमलों में इजराइल में 12 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 777 घायल हुए हैं जबकि 11 लोग लापता हैं। युद्ध में अब तक अमेरिका के भी छह सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। इसके अलावा 18 सैनिक घायल हुए हैं।

### पश्चिम एशिया में तीन भारतीय नाविकों की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच विदेशी ध्वज वाले जहाजों पर सवार तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है जबकि एक घायल है। नौवहन महानिदेशालय ने मंगलवार को कहा, पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों से जुड़ी चार घटनाओं की सूचना मिली है। महानिदेशालय ने कहा कि प्रभावित नाविकों और उनके परिवारों को आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### अमेरिका का अपने नागरिकों को खाड़ी देशों से निकलने का निर्देश

**दुबई।** ईरान के बड़े पैमाने पर हमलों के मद्देनजर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बहरीन, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले अमेरिकियों से देश छोड़ने का आग्रह किया है। दुबई और अबू धाबी जैसे शहरों वाले संयुक्त अरब अमीरात को लंबे समय से पश्चिम एशिया का एक सुरक्षित क्षेत्र माना जाता रहा है लेकिन हमलों के कारण उसे भी ईरान युद्ध में घसीट लिया गया है। कई दूतावासों को पहले ही बंद कर दिया गया है।

### सिंधु दुबई से घर लौटीं

**बेंगलुरु।** ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने पुष्टि की है कि दुबई में फंसी रहने के बाद वह सुरक्षित रूप से अपने घर बेंगलुरु लौट आई हैं। सिंधु ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, पिछले कुछ दिन बेहद तनावपूर्ण और अनिश्चित रहे, लेकिन अपने घर वापस आकर मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

### ईरानी ड्रोन हमले के बाद कोर्ट छोड़कर भागे खिलाड़ी

**अबु धाबी।** एटीपी चैलेंजर इवेंट के दौरान ईरानी ड्रोन हमले से नजदीकी ऑयल टर्मिनल में आग लगने के बाद खिलाड़ी और अधिकारी कोर्ट छोड़कर भाग गए। लाइव फीड में जापान के टेनिस खिलाड़ी हयातो मात्सुओका और रूस के डेनियल ओस्टापेनकोव, अंपायर और लाइन जजों के साथ कोर्ट से छोड़कर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद फुजैराह में भी दो मैच रोक दिए गए और खेल रद्द कर दिया गया है।

## हिजबुल्लाह के लगातार हमलों के बाद लेबनान में घुसी इजराइल की सेना

- सीमा पर बनी कई चौकियों को खाली करके पीछे हटीं लेबनानी फौजें
- बेरुत हमले में ईरान की कुद्स फोर्स के अध्यक्ष रेजा खजाई की मौत

**तेल अवीव।** ईरान के समर्थन में लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह ने मंगलवार को भी इजराइल में कई हमले किए। इसके जवाब में इजराइली सेना ने यहां भी मोर्चा खोल दिया है और लेबनान की सीमा पार कर अंदर घुस गई। लेबनानी फौजों को सीमा पर बनी कई चौकियों को खाली करके पीछे हटना पड़ा। इजराइली हमलों में बेरुत में ईरान की कुद्स फोर्स के अध्यक्ष रेजा खजाई की भी मौत हो गई है। लेबनान पर इजराइल के जोरदार हमले के बाद इजराइली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेनाओं को लेबनान में और कई रणनीतिक जगहों पर कब्जा करने की इजाजत दे दी गई है। इजराइल ने दावा किया है कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर की कुद्स बल के अध्यक्ष रेजा खजाई की सोमवार रात बेरुत में इजराइली नौसेना के हमले में मौत हो गई। वह हिजबुल्ला को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद कर रहे थे। इससे पहले मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह पांच बजे से हिजबुल्ला ने इजराइली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर ड्रोन और रॉकेट हमले शुरू किए। हिजबुल्ला ने बयान जारी कर कहा कि इजराइल से उसकी खुली जंग होगी।

### हमले से पहले इजराइल की चेतावनी, खाली कर दें तेहरान के हवाई अड्डे, औद्योगिक क्षेत्र

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने योजनाबद्ध हवाई हमलों से पहले तेहरान के एक औद्योगिक क्षेत्र और करज के एक हवाई अड्डे पर ईरानियों के लिए अति आवश्यक चेतावनी जारी की है। आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल (रिजर्व) कमल पेनहासी ने कहा है, तेहरान के हकीमीये औद्योगिक क्षेत्र और करज के पयाम हवाई अड्डे पर आने वाले घंटों में आईडीएफ काम करेगी, जैसा कि उसने हाल के दिनों में पूरे तेहरान में किया है ताकि ईरानी शासन के सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया जा सके। उन्होंने कहा, आपकी सुरक्षा और भलाई के लिए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि मानचित्र के अनुसार चिह्नित क्षेत्र को तुरंत खाली कर दें।

---

### शुभकामनाएं/सूचना

समस्त सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं एवं विज्ञापनदाताओं को रंगों के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर बुधवार 4 मार्च को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक शुक्रवार 6 मार्च को प्रकाशित होगा। -संपादक

### ब्रीफ न्यूज

#### एंथ्रोपिक के 'क्लाउड एआई' की सेवाएं 24 घंटे में दूसरी बार ठप

**नई दिल्ली।** एंथ्रोपिक के लोकप्रिय 'क्लाउड एआई' की सेवाएं मंगलवार को कुछ क्षेत्रों में ठप हो गईं। 24 घंटे के भीतर यह इस तरह का दूसरा व्यवधान था, हालांकि यह चैटबॉट जल्द ही फिर सामान्य हो गया। सेवाओं की निगरानी करने वाले मंच 'डाउनडिटेक्टर डॉट कॉम के अनुसार, जब शिकायतों की संख्या अपने उच्चतम स्तर पर थी, तब सबसे ज्यादा समस्याएं 'क्लौड चैट' में देखी गईं। इसके बाद वेबसाइट और 'क्लाउड कोड' के इस्तेमाल में भी लोगों को परेशानी हुई। डाउनडिटेक्टर के आंकड़ों के अनुसार, भारत में दोपहर से ठीक पहले 350 से अधिक उपयोगकर्ताओं ने क्लाउड एआई की सेवा ठप होने की रिपोर्ट की, लेकिन यह व्यवधान जल्द ही कम हो गया।

## ईरान ने किया हमलों में 650 अमेरिकी सैनिक मारे जाने का दावा

**तेहरान, एजेंसी**

**अपने-अपने दावे**

- कहा- मिसाइल हमले के बाद अमेरिकी पोत अब्राहम लिंकन ने मैदान छोड़ा
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों पर हैरानी जताई

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमेरिकी बलों के खिलाफ उसकी जवाबी कार्रवाई में उसके 650 सैनिकों के मारे जाने और घायल होने का दावा किया है। यह भी कहा गया है कि उसके मिसाइल हमले में एक अमेरिकी लड़ाकू सहयोगी पोत को मिसाइल हमले में भारी नुकसान पहुंचा है। अमेरिका का विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन भी चार क्रूज मिसाइल दागने के बाद हिंद महासागर की ओर भाग गया है।

आईआरजीसी के प्रवक्ता के अनुसार, उसकी मिसाइलों और ड्रोन ने बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को कई बार निशाना बनाया। बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हुए हमलों में 160 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए हैं। अमेरिका ने हालांकि इन आंकड़ों का जोरदार खंडन करते हुए कहा कि यह अतिरंजित और प्रमाणविहीन दावे हैं। अमेरिकी सेना ने सोमवार शाम को स्थानीय समयानुसार चार बजे तक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों में छह अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है और 18 सैनिक गंभीर घायल हुए हैं। बहरीन स्थित सैन्य अड्डों पर किसी भी तरह की मौत की सूचना नहीं है।

## ईरान को अब तक भारी नुकसान, हमलों की बड़ी लहर आना बाकी : ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी सुरक्षा बल लगातार ईरान को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। शुरुआती हमलों में ही ईरान की 49 राजनीतिक और सैन्य हस्तियों का खात्मा कर दिया गया है। हालांकि अमेरिका के सैन्य अभियान का सबसे तीव्र चरण अभी शुरू होना बाकी है।

ट्रंप ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कार्रवाई बहुत प्रभावी है और अमेरिका अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि अगला चरण शीघ्र आने वाला है। उन्होंने इसे बड़ी लहर करार देते हुए कहा, हमने अभी तक उन्हें पूरी ताकत से नहीं मारा है। बड़ी कार्रवाई अभी बाकी है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ईरान की ओर से बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अरब देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले सबसे बड़ा आश्चर्य रहे। ट्रंप ने संघर्ष की अवधि पर कहा कि वह इसे लंबा नहीं देखना चाहते और उनका अनुमान था कि यह लगभग चार सप्ताह तक चलेगा।

इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इजराइल के साथ किए गए पूर्वव्यापी हमलों का उद्देश्य ईरानी खतरे को निष्क्रिय करना और अमेरिकी बलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

## ईरान ने बंद किया होर्मुज, भारत की चिंताएं बढ़ीं

**तेहरान, एजेंसी**

- मोदी ने ओमान, कुवैत और कतर के नेताओं के साथ की नाजुक होते हालात पर चर्चा

ईरान ने मंगलवार को अतिव्यस्त समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का एलान कर दिया। साथ ही इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों को हमले की चेतावनी भी दी है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग को बंद करने की घोषणा से भारत की चिंता बढ़ गई है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान, कुवैत और कतर के नेताओं के साथ इस नाजुक स्थिति पर चर्चा भी की।

ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज मार्ग को बंद कर दिया गया है। गार्ड के कमांडर इन चीफ के वरिष्ठ सलाहकार इब्राहिम जबारी के हवाले से कहा गया, होर्मुज अब पूरी तरह बंद है। अगर इधर से कोई जहाज गुजरने की कोशिश करेगा तो रिवोल्यूशनरी गार्ड और नौसेना उन जहाजों पर हमला करेंगे।

होर्मुज मार्ग से दुनिया भर में होने वाली तेल खपत का लगभग पांचवां हिस्सा इसी जलमार्ग से होकर गुजरता है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान, कुवैत और कतर के नेताओं के साथ इस नाजुक स्थिति पर चर्चा की। इस बीच भारत की ओर से संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक बार फिर संवाद और कूटनीति का आह्वान किया गया है।



### कच्चे तेल की कीमतों में आया और उछाल

ईरान की ओर से खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों और होर्मुज जलडमरू मध्य समुद्री मार्ग को बंद किए जाने के एलान के बाद मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतों में और तेज उछाल आया। अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 82 से 85 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुंच गया जो 2024 के बाद का उच्चतम स्तर है। मंगलवार को इसमें लगभग 1.4 प्रतिशत से से 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकी बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई भी उछलकर 76 से 77 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है। विशेषज्ञों का दावा है कि यदि यह संघर्ष लंबा खिंचा तो कच्चे तेल की कीमतें 100 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक भी जा सकती हैं।

### भारतीयों को वापस लाने के लिए इंडिगो ने चार उड़ानें जेद्दा भेजीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए इंडिगो ने मंगलवार को जेद्दा के लिए चार उड़ानें भेजीं। बाद में मस्कट के लिए एक और उड़ान चलाने की योजना है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि स्थानीय स्थिति और आवश्यक मंजूरी मिलने पर चार मार्च को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शहरों के लिए भी उड़ानें संचालित करने की योजना है। इंडिगो ने कहा कि वह मस्कट (ओमान), जेद्दा, मदीना और एथेंस (यूनान) के लिए चुनिंदा उड़ानें फिर से शुरू करेगी। इंडिगो इन चार गंतव्यों के लिए कुल 26 उड़ानें संचालित करेगी।

## रक्षा मंत्रालय ने छह सैन्य हेलीकॉप्टर के लिए एएचएल के साथ किया अनुबंध

- सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के लिए 5,083 करोड़ का सौदा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को छह आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) और सतह से हवा में प्रहार करने वाली मिसाइलों की खरीद के लिए 5,083 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एएलएच हेलीकॉप्टर भारतीय तटरक्षक के लिए खरीदे जा रहे हैं, वहीं श्टिल मिसाइलों को भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, दोहरे इंजन वाले हेलीकॉप्टरों में इस समय संचालित हवाई प्लेटफॉर्म से बेहतर आधुनिक विशेषताएं हैं और ये किनारे पर मौजूद एयरफील्ड के साथ-साथ समुद्र में जहाजों से भी कई तरह के समुद्री सुरक्षा मिशनों के संचालन में सक्षम हैं। इस अधिग्रहण से भारतीय तटरक्षक की कृत्रिम द्वीपों, अपतटीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और संरक्षण तथा मछुआरों और समुद्री पर्यावरण की हिफाजत के कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में काफी बढ़ोतरी होगी।

## राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किए नौ उम्मीदवारों के नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बिहार से लड़ेंगे चुनाव

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए मंगलवार को घोषित सूची में बिहार से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया। भाजपा ने राज्यसभा चुनावों के लिए नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की है, जिसमें पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा और छत्तीसगढ़ इकाई की उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा को उनके राज्यों से मैदान में उतारा गया है।

असम के लोक निर्माण मंत्री जोगेन मोहन और विधायक तेराश गोवाला राज्य से संसद के उच्च सदन के चुनावों के लिए भाजपा के प्रत्याशी होंगे। भाजपा ने अपनी ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल और मौजूदा राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार को भी आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए राज्य से अपना उम्मीदवार बनाया है। कुमार का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होगा। राज्य के पूर्व मंत्री सामल 2024 के ओडिशा विधानसभा चुनाव में हार गए थे। पार्टी नेता शिवेश कुमार बिहार से चुनाव लड़ेंगे, वहीं पार्टी के पूर्व लोकसभा सदस्य संजय भाटिया हरियाणा से राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी होंगे। शिवेश कुमार भाजपा की बिहार इकाई के महासचिव हैं।

## राजौरी में विमान के आकार का गुब्बारा मिला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में पुलिस ने मंगलवार को विमान के आकार का गुब्बारा बरामद किया जिस पर 'पीआईए' लिखा हुआ था।

अधिकारियों ने बताया कि धर्मसाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरहोती गांव में उर्दू में 'पीआईए' लिखा हुआ लाल और सफेद रंग का विमान के आकार का गुब्बारा मिला है। गुब्बारे के दिखने के बाद लोगों ने अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारियों ने बताया कि टेरीथ पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर उसे जब्त कर लिया। इससे पहले, 23 फरवरी को अखनूर सेक्टर के गुनारा गांव से दो गुब्बारे बरामद किए गए थे।

**जनता दर्शन** | मुख्यमंत्री ने 150 फरियादियों की समस्याओं को सुना, अधिकारियों को दिए निर्देश

## बेफिक्र होकर कराएं इलाज, सरकार देगी आर्थिक मदद

**राज्य ब्यूरो,लखनऊ/गोरखपुर**

जनता दर्शन में इलाज में आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वे बेफिक्र होकर अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं, सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मरीजों को आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके।

होलिकोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी के पास जाकर प्रार्थना पत्र लिए और अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए। किडनी की बीमारी से जूझ रहे एक व्यक्ति ने आर्थिक तंगी की बात रखी। मुख्यमंत्री ने उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। कार्ड न होने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक मदद दी जाएगी और धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।



जनता दर्शन के दौरान लोगों की फरियादें सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी को भी अनावश्यक परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जाने और दबंगई के मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, जनता दर्शन में आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया, चॉकलेट भेंट की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

समस्त जनपद वासियों को

# होली एवं नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

तिर्वा परिशिष्ट



होली की हार्दिक शुभकामनाएं

B.S.R. HOSPITAL

Near Bus Stand, Indergarh Road, Tirwa Kannauj

- जच्चा बच्चा ऑपरेशन
- गाल ब्लेडर पथरी ऑपरेशन
- हार्निया, हाईड्रोसील ऑपरेशन
- नि:संतान को I.V.F. सुविधा
- सी-आर्म, एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड
- हाथ/पैर की हड्डी का ऑपरेशन

24 EVERYDAY



डा. संतोष राजपूत
डायरेक्टर

श्रवण राजपूत
मैनेजमेंट डायरेक्टर

9559454823, 9621709988

समस्त जनपद वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

रामकली मोतीलाल स्मारक महाविद्यालय, रतनपुर
बेलामऊ सरैया, कन्नौज।



संस्थापक: स्वर्गीय सियाराम वर्मा
पूर्व प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलेज तिर्वा।

सूर्यकांत वर्मा
निदेशक



श्रीमती सुशीला देवी
प्रबंधक

समस्त जनपद वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज
गांधीनगर तिर्वा, कन्नौज।

- नया शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ।
- उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षा की प्रदेश की मैरिट लिस्ट में सदैव स्थान।
- प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
- छात्र-छात्राओं के परिवहन की सुविधा।

संस्थापक: स्वर्गीय महेंद्र नाथ चतुर्वेदी
पूर्व प्रवक्ता
डी.एन. इंटर कॉलेज तिर्वा।

मदन मोहन चतुर्वेदी
प्रधानाचार्य



समस्त जनपद वासियों को
रमजान, होली व ईद उल फितर की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी हनीफ खान
पूर्व जिला पंचायत सदस्य, कन्नौज
गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर।
ए, क्लास

सौजन्य से :
मेसर्स गुलाब एंड कंपनी, कन्नौज

समस्त जनपद वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
कन्नौज



हमारी विशेषताएं

- 100 प्रतिशत से अधिक छात्र सेवायोजन
- छात्रों हेतु स्वचालित भोजन तैयार करने की सुविधा
- इंडिया टुडे सर्वे में देश में 31 वां स्थान
- 20 से अधिक संस्थानों तथा औद्योगक प्रतिष्ठानों से आपसी सहयोग समझौता



प्रो. मनोज कुमार शुक्ला
निदेशक

समस्त जनपद वासियों को
होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

वैष्णवी हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेंटर
क्रांति तिराहा, बरधैया रोड, पशु चिकित्सालय के सामने, तिर्वा, कन्नौज



हमारी विशेषताएं

- सामान्य प्रसव की प्राथमिकता।
- अनुभवी महिला चिकित्सकों द्वारा इलाज
- आधुनिक ओ टी।
- कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टॉफ।



तेज सिंह कुशवाहा
निदेशक

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# हादसे में दो युवकों समेत 3 की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ/सौरिख

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

पहली घटना में दिल्ली से घर लौट रहे युवक की कुरावली क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान बिशुनगढ़ के गढ़िया गांव निवासी दीपक चौहान पुत्र जगवीर चौहान के रूप में हुई है। दिल्ली की एक निजी कंपनी में कार्यरत दीपक सोमवार शाम अपनी मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था। कुरावली में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल मैनपुरी ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मंगलवार सुबह जैसे ही परिजनों को मौत की सूचना मिली, घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दूसरा हादसा ताजपुर रोड पर स्थित ग्राम ककरैया के पास हुआ। कुंवरपुर लोधपुर निवासी नंदराम वर्मा (30) पुत्र अमर सिंह सोमवार रात किसी काम से छिबरामऊ जा रहा था। जैसे ही वह ककरैया गांव के सामने पहुंचा, सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नंदराम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सौ शैय्या अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सौरिख संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बेहटा रामपुर निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके चाचा गौरव पुत्र शंभू दयाल 2 मार्च की शाम करीब 4:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से छिबरामऊ से घर आ रहे थे। गांव के गौशाला के करीब अज्ञात वाहन के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। तिर्वा ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# 8 केंद्रों पर 14 व 15 को होगी दरोगा भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक यानि दरोगा (एसआई) भर्ती की परीक्षा 14 व 15 मार्च को होगी। इसके लिए जनपद में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि अभी परीक्षार्थियों का आवंटन नहीं आया है। होली बाद जल्द ही संख्या घोषित होने की संभावना जताई जा रही है।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा कराने की तैयारियां चल रहीं हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। साथ ही हर कमरे की रिकार्डिंग सुरक्षित की जाएगी और कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग होगी। अगर कहीं संदिग्ध गतिविधि मिलती है तो केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ कार्रवाई होगी। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बिना प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया गया है कि पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली का समय दोपहर 03 से है।

**इन विद्यालयों में होगा इम्तिहान** : शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज, जेपी बालिका इंटर कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, पीएसएम पीजी कॉलेज, एसबीएस इंटर कॉलेज और सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में एसआई भर्ती परीक्षा होगी। यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए ठोस पहल हुई है। परीक्षा के दौरान केंद्र में मोबाइल समेत अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए जैमर लगाए जाएंगे।

### ये बने सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट

■ पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा को लेकर प्रशासन ने सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए हैं। कहा है कि सभी मजिस्ट्रेट को परीक्षा से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने एसडीएम तिर्वा राजेश कुमार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रेशसा सहाय, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिनव वर्मा, तहसीलदार छिबरामऊ अवनीश सिंह, नायब तहसीलदार भारत मौर्या व नायब तहसीलदार अमित पाठक को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। एनआरएलएम डीसी राज कुमार लोधी, डीसी मनरेगा दिनेश कुमार, बीडीओ सदर दिनेश चंद्र, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव, खनन अधिकारी संदेश पटेल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, बीडीओ जलालाबाद रतीराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**सौरिख।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला। जानकारी पर पुलिस परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना क्षेत्र के नगला समाधान निवासी विवेक कुमार पुत्र रामदत्त (35) सोमवार ट्रक लेकर गांव आया था गांव के बाहर ट्रक खड़ा करके घर चला गया देर शाम अपनी मां को पैसे दिए और कहा होली के त्योहार के लिए बाजार से सामान मंगा लेना और खाना खाने के बाद ट्रक पर सोने की बात कह कर चला गया। सोमवार की रात गांव के बाहर एक पेड़ पर गमछे से फांसी लगा ली मंगलवार सुबह जब गांव के लोग खेतों की तरफ निकले तो पेड़ पर विवेक के शव को लटकता देखा। मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था।



रामदत्त।

### कब्रिस्तान की भूमि पर खड़े हरे पेड़ रात में काटे

**कन्नौज।** मोहल्ला अलाउद्दीनपुर में रात में कब्रिस्तान की जमीन पर लगे पेड़ काट लिये गये। जानकारी पर लोग मौके पर पहुंच गये। सूचना पर पुलिस पहुंची। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। इस में मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है। सदर कोतवाली के मोहल्ला अलाउद्दीनपुर निवासी खलीक अहमद पुत्र अमानतुल्लाह ने सदर कोतवाली में दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि सोमवार की रात करीब 9 :30 बजे 30 से 40 युवक टकोरा, हसिया लेकर उसके कब्रिस्तान पर पहुंच गये। जानकारी पर वह पहुंचा और तोड़फोड़ व पेड़ काटने से मना किया। इस पर युवकों ने गालीगलौज करते हुए दौड़ा लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने कई पेड़ काट लिये। जब वह भाग कर घर पहुंचा तो उक्त लोग पीछा करते हुए घर में घुस आये और वहां पर भी मारपीट की।

### शॉर्ट-सर्किट से घर में लगी आग

**छिबरामऊ।** नगर के मोहल्ला सैय्यदवाडा में शॉर्ट सर्किट के चलते एक घर की दूसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। मोहल्ला सैय्यदवाडा निवासी सुईल खान पुत्र फजल्ले खान, जो बजरिया रोड पर टेलरिंग की दुकान चलाते हैं, अपने परिवार के साथ घर के नीचे के हिस्से में मौजूद थे। इसी दौरान दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में आग लग गई। जब पड़ोसियों ने कमरे की खिड़कियों से धुआं निकलते देखा, तो शोर मचाते हुए पीड़ित परिवार को सूचित किया। आग की खबर मिलते ही मोहल्ले के लोगों ने घरों में जमा पानी व पास में लगी सबमर्सिबल पंप को तुरंत चालू कर आग बुझाना शुरू किया।

# होलिका दहन के साथ लगे जयकारे

## चंद्रग्रहण के चलते सोमवार रात को जली होली, आज भी जलेगी, मनेगा त्योहार, दिन भर चलती रहीं तैयारियां

संवाददाता तिर्वा/ कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में कई स्थानों पर होलिका दहन शुभ मुहूर्त में कर दिया गये जबकि कुछ स्थानों पर आज भी होली जताई जाएगी। जहां जहां होलिका पूजन व दहन हो गया वहां लोगों ने भक्त प्रहलाद के जयकारे लगाते हुए हरे जौं की बाली का अर्पण कर आखत डाले।

सूतक काल तथा चंद्र ग्रहण की वजह से सोमवार की रात जिले के अधिकांश होलिका दहन स्थल पर पूजा अर्चना के बाद गोबर की बल्लियों को डाल कर अग्नि प्रज्वलित की गई। लोगों ने सामूहिक रूप से होलिका की परिक्रमा लगाते हुए हरे जौं की वाली का अर्पण कर भक्त प्रहलाद के गगन भेदी जयकारे लगाए।इसके बाद होलिका स्थल से लाई गई अग्नि के अंगारों से घरों में बनाई गई होलिका को प्रज्वलित कर महिलाओं ने मंगल गीत गए। पुलिस ने सभी होलिका स्थल पर कड़ी पहरेदारी कर होलिका दहन के कार्यक्रम को संपन्न कराया है। मंगलवार को होली नहीं खेली गई। वहीं बाजार में केवल शहर की बात करें तो 100 ज्यादा अस्थायी दुकानें ही लगी नजर आईं। खास बात यह रही कि सभी दुकानों पर खासी भीड़ भी रही। उधर, चंद्रगहण के चलते मंदिरों के कपाट दिन भर बंद रहे।



कन्नौज में होली से एक दिन पहले सजीं रंग-पिचकारी की दुकानें। अमृत विचार



तिर्वा में होलिका दहन के बाद आखत डालते लोग। अमृत विचार

### केमिकल युक्त रंग बिगाड़ न दें चेहरे की सेहत, बरतें सावधानी

**कन्नौज।** केमिकल युक्त रंग कही चेहरे की रंगत न बिगाड़ दें इसके लिये सावधान रहें। रंग खेलने से पहले पूरी सावधानी बरतें। हो सके तो हर्बल रंगों का प्रयोग करें। रंग खेलने से पहले शरीर पर अच्छे तरह से सरसों का तेल लगा लें। रासायनिक रंगों से सूजन, एलर्जी, सांस की तकलीफ हो सकती हैं। यही नहीं संबंधित को अस्पताल में भर्ती भी होना पड सकता है। इसमें अस्थमा और एलर्जी हो जाती है। जिन रोगियों को फेफड़ों में दिक्कत है वह पूरी तरह से बचाव करें। यह उनके लिये जानलेवा हो सकती है। होली का पर्व रंग खेलने के अलावा हसी ठिठोली का भी पर्व है। इससे किसी को रंग लगाने से भी रोकना संभव नहीं होता है। इस दौरान लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाने के साथ केमिकल युक्त रंगों का भी प्रयोग करते हैं। कुछ लोग तो जला हुआ ऑयल, पेंट से भी होली खेलते हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस व स्किन रोग विशेषज्ञ डा. शक्ति बसु ने बताया कि होली के दिन रंग खेलने से पहले तेल या फिर क्रीम अच्छी तरह से पूरे बदन में लगाएं। इसके बाद रंग खेलें।

# संदिग्ध हालात में मिला खोवा व्यापारी का शव, हत्या का शक

छिबरामऊ,कन्नौज/फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मझगवा निवासी एक किसान/ खोवा व्यापारी का शव मंगलवार सुबह फर्रुखाबाद रोड की काली नदी के पास मिला। परिजनों ने सड़क हादसे की बात को नकारते हुए हत्या की आशंका जताई है।

मझगवा निवासी कृपाल सिंह (42) पुत्र रामसरन राजपूत खेती-किसानी के साथ-साथ पशुपालन और खोया बनाने का व्यापार करता था। सोमवार शाम लगभग 5 बजे वह बाइक से खोया बेचने के लिए छिबरामऊ आया था लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन सुराग नहीं लगा और उनका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ आता रहा।

सुबह लगभग 9 बजे उधरनपुर स्थित विद्या प्रकाश महाविद्यालय के पास स्थानीय दुकानदारों ने एक शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। परिजनों ने पहुंचकर पहचान की। पुलिस ने शव को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसे मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक के भाइयों सत्यवान और कलेक्टर सिंह सहित अन्य परिजनों का आरोप है कि यह कोई दुर्घटना नहीं है, बल्कि हत्या की गई है। जिस स्थिति में शव मिला है और मोबाइल स्विच ऑफ होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।



शव देखते लोग। अमृत विचार


# खाद एवं बीज भंडार की दीवार काटकर लाखों का माल पार

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के विशुनगढ़ रोड स्थित ग्राम टीका नगला के पास अज्ञात चोरों ने एक खाद-बीज की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया।

ग्राम रामपुर बैजू निवासी राजीव दीक्षित पुत्र भगवत दयाल दीक्षित की कैरदा रोड पर 'श्री गणेश खाद एवं बीज' के नाम से दुकान है। सोमवार रात चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार काटकर प्रवेश किया। पीड़ित के अनुसार, चोर 30-35 पैकेट मक्का व अन्य कीमती बीज चोरी कर ले गए। इसके साथ ही गोलक में रखी लगभग 30-40 हजार रुपये की नकदी भी पार कर दी।

घटना का पता मंगलवार सुबह तब चला जब पड़ोसी खेत मालिक कल्याण पुत्र महावीर खेत पर गए और दुकान की कटी हुई दीवार देखी। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी के पुत्र नारायण दीक्षित ने सुबह डायल 112 को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।



चोरों ने दीवार में लगाया नकब। अमृत विचार

# जलालपुर पनवारा के छात्र आर्यन का चयन

**कन्नौज।** सदर ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक स्कूल जलालपुर पनवारा के कक्षा 08 में अध्ययनरत छात्र आर्यन पुत्र बलवीर का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2026 में हो गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक लता ने बताया कि चयनित छात्र को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से कक्षा 09 से 12 तक कुल 48 हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह लाभ भारत सरकार की ओर से मिलेगा। चयन होने पर शिक्षक- शिक्षिकाओं व अभिभावकों में उत्साह है। सहायक अध्यापक स्मिता त्रिपाठी बताया गया है कि जनपद में कुल 132 बच्चे चयनित हुए हैं जिसमें उनके विद्यालय का भी नाम शामिल है। बेसिक शिक्षा विभाग के 95 बच्चे और अन्य माध्यमिक शिक्षा विभाग के हैं।



आर्यन। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में पहली बार 90 विद्यार्थियों का चयन

- पिछले साल कुल 75 छात्र छात्राओं को मिला था लाभ
- चयनितों को प्रोजेक्ट या मॉडल के मिलेंगे 10- 10 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2025- 26 के तहत जनपद स्तर पर पहली बार कुल 90 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिसमें बेसिक शिक्षा के 59 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। चयनित विद्यार्थियों को भारत सरकार की ओर से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) बैंक खातों में 10- 10 हजार रुपये प्रोजेक्ट/ मॉडल बनाने के लिए भेजा जाएगा।

जनपद नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करना है। इस योजना में जनपद के बेसिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों ने नामांकन किया था। एक विद्यालय से अधिकतम 05 सर्वश्रेष्ठ मूल चार/ नवाचारों को ही कोई नामांकित करने का नियम है। योजना में पिछले वर्ष 2024- 25 में कुल 75 विद्यार्थियों का चयन हुआ था जिसमें बेसिक के 62 विद्यार्थी थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि शिक्षकों के परिश्रम के कारण बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों से बच्चों का चयन हो रहा है। विभाग के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी चयनित बच्चों के मार्गदर्शक शिक्षक शिक्षिकाओं को रमन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### दूसरे चरण के आवेदन अब चार दिन तक ही होंगे

■ **कन्नौज।** निशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम यानि आरटीई के तहत दूसरे चरण के आवेदन 21 फरवरी से ऑनलाइन चल रहे हैं। अब 07 मार्च तक ही आवेदन हो सकेंगे। इसके लिए 04 दिन ही बचे हैं। लॉटरी 09 मार्च को निकाली जाएगी। उसके बाद 11 मार्च को स्कूलों के लिए आदेश जारी होगा। बीएसए संदीप कुमार के मुताबिक जिले के 464 निजी स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई के लिए 25 फीसदी सीटें दुर्बल व अलाभित समूह के लिए आरक्षित हैं। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी व कक्षा 01 से यह सुविधा दी जाती है। अधिकतम कक्षा 08 तक फ्री पढ़ाई का आरटीई शासनादेश है। बताया गया है कि इस बार कुल तीन चरणों में ही ऑनलाइन आवेदन होंगे। पिछले साल की अपेक्षा एक चरण कम किया गया है।

### लकूला में दबिश देकर 300 किलोग्राम लहन नष्ट कराई

■ **फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी फर्रुखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0 पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह, थानाध्यक्ष कादरी गेट कपिल चौधरी मय पुलिस एवं आबकारी स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम- लकूला मे दबिश दी गई। लगभग 300 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट की गई। 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

# छह दिन अवकाश, 7 को होगा बोर्ड का पेपर

**कन्नौज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए तैयारी करने का अच्छा मौका है। होली के चलते अब पेपर सात मार्च को होगा। पहली मार्च से अवकाश चल रहा है जो छह दिन का है। हालांकि महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षाएं हो चुकी हैं लेकिन 12 मार्च को बोर्ड के इम्तिहान पूरे होंगे।

जिले में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 96 केंद्र बने हैं। 28 फरवरी को संस्कृत व संगीत वादन की परीक्षा संपन्न हुई थी। अब सात मार्च को हाईस्कूल में वाणिज्य का पेपर है। नौ मार्च, 10 व 11 और 12 मार्च को उर्दू, चित्रकला, रंजन कला, संगीत गायन, अरबी, फारसी व कृषि विषय की परीक्षाएं होनी हैं। इंटरमीडिएट में इन दिनों शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान व कंप्यूटर का इम्तिहान होगा। संस्कृत की परीक्षा अंतिम दिन यानि 12 मार्च को होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि छह दिन का अवकाश परीक्षार्थियों के लिए बेहतर माना गया है। इस दौरान परीक्षार्थी अच्छी तरह से तैयारी कर सकते हैं। यह तैयारी प्राप्तांक प्रतिशत के साथ ही डिवीजन को भी बेहतर बना सकती है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाएं अभी जनपद में ही कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी हैं।

**असंवेदनशीलता** पिता ने वीडियो बनाया तो की गालीगलौज, वायरल हुआ मामला

# घायल तड़पता रहा, डॉक्टर खेलते रहे होली

संवाददाता तिर्वा,कन्नौज

**अमृत विचार।** इंसान बीमार हो या फिर किसी हादसे का शिकार , डॉक्टर का ही सहारा होता है। ऐसे में यदि वही डॉक्टर इंसानियत को शर्मसार कर दें तो फिर इंसान कहां जाए। यह सवाल मंगलवार को वायरल हुए वीडियो से खड़ा हुआ है। यह बात अलग है कि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि सोमवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया लेकिन वहां डॉक्टर होली खेल रहे थे। ऐसे में अपनी निष्ठा भूलकर दो घंटे तक मरीज की तरफ ध्यान नहीं दिया। जब उसके पिता ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया तो वे भड़क गए और गालीगलौज पर उतर आए। इस कारण से काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

जानकारी के अनुसार किसवापुर गांव निवासी राकेश राठौर के बेटे कृष्ण कुमार उर्फ मिंटू सोमवार दोपहर जेवां गांव के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। परिजन जब घायल को लेकर पहुंचे, तो इमरजेंसी में कोई डॉक्टर नहीं था।

मौजूद डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी आपस में होली खेल रहे थे। पिता का आरोप है कि कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर नशे में थे और गाली-गलौज कर रहे थे। उन्होंने कहा, मरीज मर जाए तो मर जाने दो, हम तुम्हारे नौकर नहीं हैं। उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया, तो डॉक्टरों ने उनका मोबाइल छीन लिया। शोर सुनकर सुरक्षाकर्मी पहुंचे।

इसके बाद राकेश ने 112 पर कॉल करके पुलिस बुला ली। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही डॉक्टरों ने मरीज का इलाज करने की बजाय उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर कानपुर चले गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तो डॉक्टरों ने उल्टा तीमारदारों पर ही नशेबाजी में हंगामे का आरोप लगा दिया। फिलहाल यह वीडियो पूरे जनपद में वायरल होने से चर्चा का विषय बना है।

### ट्रैक्टर पलटने से लगी आग, दो घायल

- सिमुआ पुर गांव के पास हुआ हादसा

**संवाददाता तिर्वा, कन्नौज।** सिमुआ पुर गांव के पास एक बेकाबू ट्रैक्टर के पलटने से उसमें भीषण आग लग गई, जिसमें सवार ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिमुआ पुर निवासी रामजी कटियार पुत्र सुभाष चंद कटियार (45) ठठिया थाने में झगड़े के मामले में प्रार्थनापत्र दे कर घर वापस जा रहा था। रात 10 बजे ठठिया-मानीमऊ रोड पर गांव के सामने अनियंत्रित होकर ट्रक बंबे में गिर गया और उसमें आग लग गई। घटना में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को में जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से कानपुर रेफर किया गया। ट्रैक्टर पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया।

आप सभी को होली पर्व एवं रमजान के पाक माह की हार्दिक शुभकामनायें
S.MOHD. AYUB MOHD. YAQUB
PERFUMERS
MOHALLA : - PANSARIYAN
KANNAUJ - 209725 (U.P.) INDIA
Our Famous Products
• SUPER MALIK SHAMAMA • MALIK SHAMAMA • MOHSIN SHAMAMA
• FAUZAN SHAMAMA • RUH GULAB • RUH MOTIA • RUH KEORA • RUH KUSH
• MUSK HINA • MUSK AMBER • SHAMAMATUL AMBER, ETC.
PH: 0091-05694-234204 & 234358 & 235000, FAX: 0091-5694-234417 & 234267
MOBILE: 9415147019, E-MAIL: fauzan.malik@yahoo.co.in

## न्यूज ब्रीफ

### सत्संग के दौरान संचालक की मौत

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद के असालतगंज में मंगलवार को संत निरंकारी महाराज के सत्संग के दौरान मंच संचालन कर रहे कमलेश (58) की अचानक तबीयत बिगड़ गई और सांसें थम गईं। कमलेश सिठऊपुरवा के रहने वाले थे। गुरु भाई उन्हें रसूलाबाद सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. एन चंद्रा ने मृत घोषित कर दिया। राम सिंह के आवास पर सत्संग था। भतीजे राहुल ने परिजनों को सूचना दी। पुत्र रोहित, सुमित, पत्नी मंजू, पुत्रियां प्रियंका, सोनी, सोनम अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम नहीं कराया।

### कानपुर नगर में मिला पॉक्सो का आरोपी

**कानपुर देहात।** जिले के थाना बरौर में दर्ज पॉक्सो एक्ट के वांछित बाल अपचारी को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने कार्रवाई मुकदमा कायम होने के महज 24 घंटे के भीतर की है। सोमवार को महिला ने तहरीर दी थी। इसके आधार पर धारा 65(1),78,107 बीएनएस व 3/4(2) व 7/8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत किया गया था। जांच में लगी पुलिस ने साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर बाल अपचारी को उजियारी चौराहा कानपुर नगर से पुलिस निगरानी में लिया गया। पुलिस निगरानी में लिए गए अपचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बाइकों की भिड़ंत में राजमिस्त्री की मौत

**शिवली।** रसूलाबाद क्षेत्र के बरईझाल कहिंजरी की खुशबू कमल ने बताया कि उसके पति ललित कमल राजमिस्त्री थे। मंगलवार की सुबह वह काम करने चकरपुर गए हुए थे। शाम को बाइक से घर आ रहे थे, तभी शिवली कोतवाली क्षेत्र में रामगंगा नहर पटरी मार्ग पर हरीकिशनपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर में उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस की सहायता से एंबुलेंस पर शिवली सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे बाइक चालक धीरेंद्र निवासी वीर सिंहपुर थाना शिवली को परिजन प्राइवेट अस्पताल ले गए हैं। राजमिस्त्री की मौत से परिजनों के बीच चीख पुकार मच गई। पत्नी खुशबू, पिता रामबाबू, पुत्रियां अंशिका (9) शिखा (7), काव्या (5), शवी (2) मां मंजू देवी बेहाल थे। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### गजनेर में 82 किलो मिठाई नष्ट कराई

**कानपुर देहात।** रंगों के त्योहार होली पर मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। करीब 80 किलोग्राम मिष्ठान्न बरामद किया। मूसानगर थाना क्षेत्र के गजनेर तिराहा में चेकिंग अभियान के दौरान मिलावटी मिठाई पकड़ी गई। कार्यवाही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में की गई। टीम ने वीनू कुमार पुत्र स्व. रामप्रकाश, निवासी ग्राम जिठरौली, थाना गजनेर की संचालित ऑटो रिक्शा को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में ले जाई जा रही मिठाइयों की जांच की गई, जिसमें संदिग्ध मिलावट पाए जाने पर टीम द्वारा विधिक कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राम तेज द्वारा मौके पर ही खाद्य नमूना संग्रह की कार्यवाही की गई। नियमानुसार नमूने को सील कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

# होलिका का दहन, आज होगी रंगों की बौछार

## पुलिस लाइन में एसपी ने जलाई होली, एक-दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल, घरों में गुझिया-पापड़ तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** होलिका दहन के साथ जिले भर में होली का उल्लास दिखना शुरू हो गया। बाजारों में त्योहारी सामान की खूब बिक्री हुई। घरों में महिलाएं गुझिया, पापड़ और चिप्स बनाने में व्यस्त दिखीं। बच्चों ने मनपसंद रंग और उनकी बौछार के लिए तरह-तरह की पिचकारियां खरीदीं। एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर पिचकारियों की टेस्टिंग भी की। सोशल मीडिया पर बधाई-शुभकामनाओं का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया। दूसरी तरफ, प्रशासन ने बुधवार को दो बजे तक रंग खेलने की इजाजत दी है। कहा गया कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न करें, अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई होगी।

चंद्र ग्रहण और भद्रा नक्षत्र के कारण 3मार्च की तारीख शुरू हो जाने के बाद होलिका दहन हुआ। देर रात 12 बजकर 35 मिनट से लेकर 1 बजकर 50 मिनट तक अलग-अलग जगहों पर होलिका दहन किया गया। अकबरपुर शहर में रोडवेज के होलिका दहन से पहले बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। इसके बाद पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में सभी लोग बस स्टैंड पहुंचे और पूजा-आराधना के बाद होलिका में अग्नि प्रज्जवलित की। उधर, रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय ने पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन किया। होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षिका ने जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं सुरक्षा की कामना की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सजग एवं कर्तव्यनिष्ठ रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक पर्व है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जनपद में कहीं भी कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित न हो। त्योहार के दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी एवं किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। होलिका दहन होते ही वातावरण पूरी तरह रंगोत्सव के रंग में सराबोर हो गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली।

● **दोपहर बाद 2 बजे तक ही खेला जाएगा रंग, पुलिस रहेगी मुस्तैद**



पुलिस लाइन में होलिका दहन करतीं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय। अमृत विचार



कप्तान ने पुलिस कर्मियों को गुलाल लगाकर बधाई दी। अमृत विचार

# होलिका दहन में लाठियों के साथ ईंट-पत्थर चले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● **अमराहट थाना क्षेत्र के मनसापुर में घटना, दोनों पक्षों के 5 जख्मी**

**अमृत विचारः** अमराहट थाना क्षेत्र के मनसापुर में होलिका दहन को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प में हो गई। ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

होलिका जलाने का विवाद कई रोज से चल रहा था। दो दिन पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। पुलिस और ग्रामीणों ने मामला शांत कराया था। सोमवार सुबह विवाद फिर गहरा गया। आरोप है कि सुबह प्रमोद कुमार शौच के लिए जा रहा था, इसी दौरान दूसरे पक्ष के कपिल, वीरेंद्र, मुकेश और रामनरेश आदि ने उसे घेर लिया। गाली गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। जब प्रमोद के परिजन बचाव करने आए तो दूसरे पक्ष ने लाठी डंडों और पत्थरों से उन पर हमला बोल दिया। मारपीट और पथराव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। हालांकि आपका अपना अखबार 'अमृत विचार' वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

घटना के बाद पुलिस ने घायलों को सिकंदरा सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने प्रमोद कुमार, बुद्ध सिंह और मुकुट सिंह की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के पश्चात घर भेज दिया गया।थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि रात में नशेबाजी को लेकर विवाद हुआ था, जिसे शांत करा दिया गया था। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। तहरीर मिलने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सूतक में बंद रहे मंदिरों के कपाट

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** मंगलवार को चंद्र ग्रहण के चलते सुबह 6रू30 बजे से ही मंदिरों में पूजन अर्चन के बाद कपाट बंद कर दिए गए जो रात्रि लगभग 7 बजे खोले गए और विधि विधान से मंदिर की साफ सफाई करने के बाद भगवान की आरती एवं पूजन किया गया जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने भगवान की प्रार्थना की।

भारत में इस चंद्र ग्रहण के पश्चिम बंगाल असम और गुजरात के कुछ भागों में ही देखे जाने के बावजूद भी लोगों ने चंद्र ग्रहण के सूतक काल सुबह 6:20बजे से रात्रि 6रू47 तक मंदिरों के कपाट बंद रखें। सुबह तड़के ही मंदिर खोलकर साफ-सफाई के बाद उनका पूजन अर्चन किया गया और आरती के पश्चात मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। कपाट चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद खोले गए और विधि विधान से गंगाजल एवं स्वच्छ जल से मंदिर की साफ सफाई के बाद भगवान का पूजन अर्चन किया गया।

इस श्रृंखला में कस्बे की प्रसिद्ध सिद्धपीठ धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में भक्तों ने चंद्र ग्रहण समाप्ति के बाद भगवान का दर्शन पूजन अर्चन किया। इसी प्रकार कहिंजरी स्थित महाकालेश्वर ,सीताराम मंदिर व कृष्ण मंदिरों में कपाट बंद रहे। क्षेत्र के असालतगंज ,तिस्ती, खेड़ा कुर्सी, कृष्ण दत्त निवादा ,नारदाश्रम, उसरी स्थित शिव धाम व मां काली मंदिर आदि मंदिरों में भी चंद्र ग्रहण के सूतक काल का विधि विधान से पालन किया गया।



सिद्धपीठ धर्मगढ़ बाबा मंदिर के कपाट बंद रहे। अमृत विचार

## 369 स्थलों पर जलाई गई होली

**रसूलाबाद।** पंचांगों के आधार पर होलिका दहन का समय रात 12:50 बजे के बाद था, किंतु अधिकांश स्थानों पर भोर पहर होलिका दहन हुआ। लोगों ने होलिका की परिक्रमा कर उन्हें प्रणाम किया। थाना क्षेत्र के कुल 369 स्थान पर शांतिपूर्ण ढंग से होलिका दहन संपन्न हुआ।

इस दौरान संवेदनशील माने जाने वाले रसूलाबाद कस्बे में पुलिस मुस्तैद रही। कस्बे में मुख्य रूप से पठानन टोला, झींझक तिराहे के आजाद चौक पर होलिका दहन पर विशेष भीड़ रही। पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। इसके साथ ही बिरहुन,तिस्ती, असालत गंज ,कहिंजरी, नार खुर्द चौकी क्षेत्र में भी होलिका दहन शांति पूर्वक संपन्न हुआ। कहीं से भी किसी अप्रिय समाचार की सूचना नहीं मिली।

# हुड़दंगियों को संदेश देने निकलीं एसपी

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** होली के पर्व के दौरान हुड़दंग मचा कर शांति बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। यह बात होली पर्व के अवसर पर बीती शाम कस्बा शिवली एवं आसपास क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते हुए पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने लोगों के बीच कही।

रंगो के पर्व होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने उप जिलाधिकारी मैथा राजकुमार पांडेय व भारी पुलिस बल के साथ कस्बा शिवली बस स्टॉप एवं आसपास क्षेत्र के कस्बों में पैदल भ्रमण करते हुए क्षेत्र वासियों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने कस्बा शिवली के साथ-साथ बाघपुर, मैथा, बैरी, औनहां, भेवान, गहिरा व बन्नापुर आदि स्थानों पर पैदल मार्च किया।

पैदल गश्त के दौरान प्रमुख रूप से क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह, अकबरपुर कोतवाल हरमीत सिंह, शिवली कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, अपराध निरीक्षक शीलेंद्र सिंह,उप निरीक्षक शिवेंद्र वर्मा, आनंद पांडेय, अजय कुमार, लोकेश सैनी, चौकी प्रभारी योगेंद्र शर्मा नर सिंह, नरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।



शिवली में पुलिस बल को विशेष निगरानी के निर्देश देतीं एसपी। अमृत विचार

# लकड़ी तोड़ते वक्त करंट से अधेड़ की थमीं सांसें

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचारः** सट्टी थाना क्षेत्र के ततारपुर वीरबल का पुरवा गांव में पेड़ पर चढ़कर लकड़ियां तोड़ रहा अधेड़ पास से गुजरे बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। वह बुरी तरह झुलसा और फिर नीचे आ गिरा। उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बारे में सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। होली से पहले हुई इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। महिलाओं का रोकर बुरा हाल रहा।

क्षेत्र के ततारपुर बीरबल का पुरवा गांव निवासी कपूर सिंह 45 वर्ष पुत्र महाराज सिंह नायक मंगलवार को लकड़ी लेने गया था। गांव के समीप आम के पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। आम के पेड़ के बीच गुजरी 11 हजार क्षमता की पावर विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। इससे वह बुरी तरह झुलसा। पेड़ से नीचे आ गिरा। उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आम के पेड़ में उठी चिंगारी और धुआं देख खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों का ध्यान गया। बड़ी घटना की आशंका में ग्रामीणों ने विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण हरिओम पुत्र राकेश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इसके बाद पंचनामा भर पोस्मार्टम हेतु भेजा। थाना प्रभारी काली चरन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। दूसरी तरफ, घटना को लेकर कपूर सिंह के परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया। त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई।



घटना के बाद मौके पर एकत्र भीड़।

**मौसम अनुकूल** | लाही–सरसों की फसल काटने में जुट गए किसान

# तिलहन की बंपर पैदावार की आस

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** होलिका दहन के साथ ही सूर्य देव की प्रचंडता के चलते किसान होली त्यौहार के साथ-साथ अपनी लाही की फसलों को काटने में जुट गया है। अभी तक लाही की फसले ठीक बताई जा रही हैं और अचानक गर्मी बढ़ने से मौसम का कोई कहर न टूट पड़े इसलिए किसानों ने लाही की कटाई का काम शुरू कर दिया है।

क्षेत्र के अनेक किसानों शिव सिंह यादव, दीपू अवस्थी, लालता प्रसाद मिश्र,विधान, दिनेश संखवार आदि ने बताया कि मौसम की अनुकूलता के चलते इस बार लाही की फसले अभी तक ठीक-ठाक है। अचानक तापमान बढ़ने से मौसम के कोई तेवर बदल न जाए इसके चलते किसान होली त्यौहार के साथ-साथ अपनी लाही की फसलों को भी काटने में जुट गया है। लाही की अच्छी फसलें होने के कारण किसान खासे खुश नजर आ रहे हैं। आम ग्रामीण एवं नागरिकों में भी इस वर्ष लाही-सरसों की पैदावार बेहतर होने से तेल की कीमतें गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है।

● **तिलहन की बेहतर पैदावार होने से तेल के दाम कम होने के आसार**



भारामऊ क्षेत्र में खेत पर लाही की कटाई शुरू हो गई। अमृत विचार




Happy HOLI



- हमें चाहिए ब्रेन स्ट्रोक से आजादी
- हमें चाहिए ब्रेन ट्यूमर से आजादी
- हमें चाहिए हेड इंजरी से आजादी
- हमें चाहिए मिर्गी से आजादी
- हमें चाहिए हेडक (सिरदर्द) से आजादी
- हमें चाहिए कमर दर्द से आजादी

मस्तिष्क से सम्बन्धी समस्त समस्याओं का समाधान एक स्थान पर

# पनेशिया हॉस्पिटल

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस

ब्रेन स्ट्रोक / पक्षघात / लकवा आदि के लक्षण दिखते ही आपके पास केवल 4:30 घण्टे हैं।

| B | E | F | A | S | T |
|---|---|---|---|---|---|
| BALANCE | EYES | FACE | ARMS | SPEECH | Time |
| Less of Balance, Headache or Dizziness | Blurred Vision | One side of the Face Drooping | Arm or Leg Weekness | Speech Difficulty | Time to call for Ambulance Immediately |

"कृपया ऐसे अस्पताल में जायें जहाँ पर CT SCAN व पैथोलॉजी की समस्त सुविधा के साथ न्यूरो विशेषज्ञ डॉक्टर व टीम उपलब्ध हो क्योंकि समय बचाना ही ब्रेन को बचाना है। हेड इंजरी व स्ट्रोक के मरीज़ों की कैसे रोकथाम की जा सकती है, हम इसके प्रयासरत रहते हैं।"

डॉ विकास शुक्ला MS, M.Ch (Neuro Surgery), Brain & Spine Surgeon

हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।

## द पनेशिया

ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस

*Come Home to Wellness...*

24 घंटे स्पेशिलिस्ट डॉक्टर्स उपलब्ध

स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है...

117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर

सम्पर्क करें : 7897997632, 7897997631, 0512-2501355, 2501455

मुँह में घाव • थूक में खून आना • आवाज बदलना • खाने का फंसना • निगलने में दर्द

आपको ऐसे लक्षण है तो

डरें नहीं, तुरन्त परीक्षण करायें और कैंसर से बचें



TOGETHER WE CANCER DO SOMETHING.

डॉ. प्रीति शुक्ला M.D.

कैंसर रोग विशेषज्ञ

117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर

सम्पर्क करें: 7897997632, 7897997631, 0512-2501355, 2501455

सीमित अवधि — सीमित अवधि

क्या आप चाहते है गारन्टीड जॉब?

प्रवेश लें, उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी द्वारा मान्यता प्राप्त

## दि पनेशिया पैरामेडिकल साइन्स एवं नर्सिंग इंस्टीट्यूट

(A Unit of The Panacea Hospital, Kanpur)

DIPLOMA COURSES:

• Emergency & Trauma Technician • OT Technician • MRI Technician • CT Technician • Physiotherapy Technician

329, लखनपुर (सेल्स टैक्स रोड), कानपुर

मो. 7880473131, 9935266953, 9454369302, 0512-3550199

न्यूज ब्रीफ

## पति से विवाद के बाद विवाहिता ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज।** अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव जानीपुर निवासी 28 वर्षीय सीता देवी ने पारिवारिक कलह के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें फर्रुखाबाद के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। महिला के पारिवारिक देवर रवि ने बताया कि आज सुबह सीता देवी और उनके पति के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद सीता देवी अपने कमरे में चली गईं और कीटनाशक पी लिया। परिजनों को जानकारी मिलते ही सीता देवी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

## खेत से लौटते समय युवक को लाठी से पीटा

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव में मंगलवार को खेत से लौट रहे एक युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार, सबलपुर निवासी अंशुमन पुत्र शैलेंद्र सिंह अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उसे रोका और विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते, आरोपियों ने अंशुमान पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में अंशुमान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## बस-ऑटो भिड़ंत में बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रोडवेज बस और ऑटो की भिड़ंत में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर दलेलगंज गांव के पास हुई, जिसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे फर्रुखाबाद से एटा जा रही परिवहन निगम की बस, जिसे उलियापुर, शमशाबाद निवासी रजनीश कुमार चला रहे थे, और कायमगंज से फर्रुखाबाद आ रहे ऑटो जिसके चालक हरदोई, फर्रुखाबाद निवासी सुधीर कुमार थे, के बीच साइड लेने को लेकर टक्कर हो गई। बताया गया है कि दलेलगंज गांव के सामने से गुजरते समय दोनों वाहनों के पिछले हिस्से में भिड़ंत हुई। इस दौरान फर्रुखाबाद से कायमगंज की ओर जा रहे रोशनाबाद निवासी सत्यवान पुत्र जांगीलाल इस दुर्घटना की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जाम जैसी स्थिति बन गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**कालपी।** नगर के मोहल्ला रामगंज में सन्दिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई। परिजनों ने मौत की वजह हार्टअटैक बताया है। ग्राम गुलौली निवासी अफसार काफी वर्षों से नगर के मुहल्ला रामगंज मे रह रहे थे और छोटा मोटा काम कर घर अपनी गृहस्थी चला रहे थे। सोमवार को उनकी पत्नी घर पर मौजूद नहीं थी इस दौरान वह खाना खाकर सोने चले गए थे। सुबह अपने कमरे में मृत पड़े मिले।

# चंद्रग्रहण के कारण कई स्थानों पर होलिका पूजन के बाद दहन

### पुलिस लाइन फतेहगढ़ में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फाल्गुन पूर्णिमा पर कई स्थानों पर होलिका दहन सोमवार रात को किया गया, जबकि कई स्थानों पर पूजन हुआ। मंगलवार को चंद्र ग्रहण के कारण सूतक लगने से एक दिन पहले ही यह परंपरा निभाई गई। शहर से लेकर गांवों तक महिलाओं ने विधि-विधान से होलिका पूजन किया। इस वर्ष जिले भर में 2228 स्थानों पर सोमवार व मंगलवार रात्रि होलिका दहन का आयोजन होना है।

महिलाओं ने घरों में बनाए गए पारंपरिक पकवानों, रोली और अक्षत के साथ होलिका की पूजा की। उन्होंने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और बुराइयों के नाश की कामना की। सामूहिक रूप से होलिका की परिक्रमा कर नारियल, गेहूं की बालियां और अन्य पूजा सामग्री अर्पित की गई। होली पर्व को लेकर जनपद में उत्साह चरम पर है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक होलिका दहन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विभिन्न मोहल्लों और गांवों में लकड़ी, उपले और पूजन सामग्री एकत्र कर ली गई है। प्रशासन की ओर से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। फतेहगढ़ स्थित स्टेट बैंक वाली गली के बाहर इस वर्ष होलिका दहन के अवसर पर विशेष आकर्षण देखने को मिला। यहां श्रद्धालुओं द्वारा होलिका की भव्य प्रतिमा बनाकर होली स्थापित की गई, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। होलिका की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगे फूलों की मालाओं और सजावटी वस्त्रों से सुसज्जित प्रतिमा के चारों ओर सुंदर रंगोली बनाई गई, जिससे पूरा स्थल रंगमय नजर आया। प्रतिमा के ऊपर पारंपरिक परिधान में सजी आकृति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। आसपास के लोगों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार रात्रि यहां होलिका दहन हुआ।



होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी व एसपी आरती सिंह।

### पुलिस अधीक्षक ने होली पूजन कर जलवाई होली

**फर्रुखाबाद।** होलिका दहन के पावन अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ परिसर में परंपरागत रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनपदीय पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात धार्मिक परंपराओं के अनुसार होलिका दहन संपन्न हुआ। पूरे परिसर में भक्ति, आस्था और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### डीएम-एसपी ने होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** सोमवार देर रात जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कमालगंज और फतेहगढ़ में होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की और चेतावनी दी कि व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डीएम द्विवेदी और एसपी सिंह ने थाना कमालगंज और थाना फतेहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत स्थित होलिका दहन स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान, अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को होलिका दहन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा, शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रमुख बाजारों और मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। जनता से संवाद कर आपसी भाईचारा बनाए रखने, सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**फर्रुखाबाद।** हरदोई में एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हेलमेट न पहनने के कारण उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के सिडौली गांव निवासी हरविंदर (30) पुत्र बुधपाल और विजय (32) पुत्र नरसिंह सोमवार देर रात वे हरदोई के हुल्लापुर से बाइक से लौट रहे थे। कस्बे के पास एक तेज रफ्तार ओमनी कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजनों ने घायलों को एंबुलेंस से राजेपुर सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद ओमनी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। त्योहारों के नजदीक आने के कारण क्षेत्र में सड़क हादसों की संख्या में वृद्धि हुई है। राजेपुर सीएचसी में पिछले 24 घंटों के दौरान 10 से अधिक सड़क हादसों में घायल मरीज इलाज के लिए पहुंचे हैं, दुर्घटना के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। सीएचसी राजेपुर के अधीक्षक डॉ. प्रमीत राजपूत ने बताया कि इमरजेंसी में तीन शिफ्ट में डॉक्टर व अन्य तैनात किए गए है।

## दो नशेबाजों ने महिला को पीटकर किया घायल

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के अहिलामई गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, पीडिता अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी, तभी आरोपी वहां पहुंचे। उन्होंने महिला से अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने राजेपुर थाने में पुलिस को तहरीर दी है।

जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रामजीत कुशवाहा

कोटेदार प्रतिनिधि ग्राम पंचायत गूजरपुर पमारान
विकास खण्ड राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद

जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
ॐ पॉली क्लीनिक
डॉ, संजय कुमार
B.A.M.S



कस्बा राजपुर विकास खण्ड राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद, हमारे यहां सभी प्रकार के मरीजों का इलाज उचित खर्च पर किया जाता है।

# यमुना में मिले शव की हुई शिनाख्त

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**जालौन।** सोमवार दोपहर यमुना में उतराती मिली अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतका उरई के मुहल्ला पटेल नगर की रहने वाली थी और पति से विवाद के कारण मायके में रह रही थी।

सोमवार को नदी में मछली का आखेट करने वाले शिकारियों ने यमुना पुल के पास एक महिला का शव उतराता हुआ देखा था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकालवाया था, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हुई थी, जिसके चलते पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर मेडिकल कालेज भेज दिया था, लेकिन देर रात उसकी शिनाख्त हो गई है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान मनीषा राठौर 30 वर्ष निवासी उरई के रहने वाले राम आसरे राठौर की पुत्री के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार उसकी शादी 22 अप्रैल 2022 में जनपद के कस्बा कदौरा निवासी जय साहू के साथ हुई थी, लेकिन शादी के कुछ माह बाद पति पत्नी में अनबन हो गई थी और तभी से वह उरई स्थित अपने मायके में रह रही थी। हालांकि जय साहू ने उसे अपने पास बुलाने की कोशिश भी की थी जिसके लिए उसने अदालत में वाद भी दायर किया था जो विचाराधीन है। मोहल्ले वालों के मुताबिक वह विगत कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी और सोमवार दोपहर अचानक घर से गायब हो गई थी। इस दौरान परिजनों ने उसे खोजने का भी प्रयास किया था, लेकिन उसका पता नहीं चला था हालांकि देर रात परिजनों को यमुना में एक विवाहिता का शव मिलने की जानकारी मिली थी, जिसपर उन्होंने कोतवाली पुलिस से सम्पर्क किया था और शव की फोटो देखकर उसकी पहचान अपनी पुत्री के रूप में की है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच की जाएगी कि महिला पुल तक कैसे पहुंची है फिलहाल अभी परिजनों ने भी किसी प्रकार का शिकायती पत्र भी नहीं दिया है अगर मिलता है तो जांच कर अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।



होली दहन के बाद फाग गाते ग्रामीण। अमृत विचार

# होलिका दहन हुआ, चंद्रग्रहण के चलते आज बरसेगा रंग

संवाददाता कुसमीलिया /जालौन

**अमृत विचार।** जिले के कई स्थानों में सोमवार रात को धूमधाम के साथ होलिका दहन किया गया। मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते इसबार एक दिन पहले होली जलाई गई है। वहीं बुधवार को रंग खेला जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सोमवार की रात को होलिका दहन हुआ। इसी के साथ रंगोत्सव की शुरुआत हो गई। देर रात होलिका दहन स्थल पर लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही ढोलक, हारमोनियम और करताल की थाप पर होली के गीतों का दौर देर रात तक चलता रहा। लोगों होली गीतों का जमकर आनंद लिया। लोग गीतों की थाप पर थिरकते नजर आए।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने खेतों में तैयार नई फसल गेंहू, चने, जौ का भोग भी लगाया। इसके बाद अच्छी फसल की कामना की गई। गोबर से बने ढाल-बिड़कुले और नाल से भी पूजा हुई। वहीं सोमवार को देर रात के समय शुभ मुहूर्त में होलिका दहन हुआ। पूजा करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि जिस तरह प्रह्लाद की रक्षा भगवान ने की थी। उसी प्रकार उनकी पूजा करने होली खेलने से भगवान उनके बच्चों की रक्षा करता हैं। वहीं चंद्र ग्रहण के चलते मंगलवार को होली का तयोहार नहीं मनाया। आज बुधवार को लोग रंगों का त्योहार बड़ी ही धूम धाम से मनायेंगे और जमकर रंग खेलेंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ होलिका दहन पुलिस रही मुस्तैद

अछल्दा (औरैया)। कस्बे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और लगातार गश्त की गई। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस बल के साथ देर रात तक क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। उन्होंने स्टेशन बाजार, नहर बाजार और हरीगंज बाजार सहित प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कस्बे के स्टेशन बाजार, नहर बाजार और हरीगंज बाजार में परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की सक्रिय मौजूदगी के चलते पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रही। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# छोटे भाई ने बड़े को पीटा, थम गईं सांसें

## परिजनों के पास पैसे नहीं होने पर ले आए थे घर, कुड़िया अमेला का मामला

संवाददाता, फफूंद (औरैया)



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शराब पीकर आया छोटा भाई गाली गलौज करने लगा। बड़े भाई ने विरोध किया तो छोटे ने बेल्ट से बड़े भाई को पीटकर गंभीर घायल कर दिया। पड़ोसी एंबुलेंस की मदद से सीएचसी अछल्दा लेकर गए जहां से डाक्टरों ने सैफई के लिए रेफर कर दिया। स्वजनों के पास पैसे नहीं होने के कारण वह वापस घर ले आए दूसरे दिन सैफई ले जाते समय उसकी रस्ते में ही मौत हो गई। मां की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपित को गिरफ्तार कर थाने ले आई।

थाना क्षेत्र के गांव कुड़िया अमेला निवासी स्व राजेंद्र सिंह यादव के तीन पुत्र थे, सबसे बड़ा बेटा दीपू घर से भाग चुका है। दूसरे नंबर पर लालू है जो दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। छोटा पुत्र गुड्डू है जो गांव में रहकर खेती की देख भाल करता है और शराब पीने का आदि हो गया है। 32 लालू यादव होली पर्व की वजह से एक हफ्ता पहले घर पर आया था, एक फरवरी की रात में लालू अपनी पत्नी निशा के साथ में घर पर था, तभी छोटा भाई गुड्डू यादव शराब पीकर घर पर आया मां उर्मिला देवी को गाली गलौज करने लगा। बड़े भाई लालू यादव ने जब विरोध किया तो गुड्डू ने बेल्ट से लालू की जम कर पीटाई कर दी। जिससे लालू बेहोश होकर जमीन पर गिर गया, चीख पुकार की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए। जिन्होंने एंबुलेंस को फोन करके सीएचसी दिबियापुर भेजा जहां पर डाक्टरों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए सैफई के लिए रेफर कर दिया। लेकिन स्वजनों के पास पैसे नहीं होने के कारण वह वापस घर ले आए। सोमवार की शाम को पैसे एकत्रित करने के बाद पत्नी निशा व मां उर्मिला देवी रात में सैफई लेकर जारही थी, तभी रास्ते में मौत हो गई। पत्नी व मां शव लेकर घर आई जहां पर मां उर्मिला देवी ने पुलिस को सूचना पुलिस को दी।

## स्पेलर में फंसने से युवक का हाथ कटा

**शिवराजपुर।** होली के त्यौहार में सरसों पिराने गए युवक का हाथ स्पेलर में फंसने से कट गया। आनन फानन में इंजन बंद किया गया, लेकिन तब तक उसका हाथ कट गया था। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर ले जाया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मंगलवार को दोपहर दिनकरपुर गांव निवासी दीपक तिवारी उम्र 26 वर्ष सरसों का तेल निकलवाने के लिए हंसी नेवादा गांव स्थित राठौर चक्की में गया था। तेल निकलते समय उसका हाथ स्पेलर में फंस गया जब तक इंजन बंद किया जाता तब तक उसका हाथ कट गया था। आनन फानन में परिजनों को सूचित किया गया परिजन उसे लेकर शिवराजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं त्योहार के ठीक पहले घर में बड़ी दुर्घटना होने से त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं।

# तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत, त्योहार पर पसरा मातम

संवाददाता, अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के इकबालपुर निवासी राजेश कुमार 35 आगरा में पुताई का काम करते थे। होली को लेकर वह मंगलवार सुबह चार बजे घर लौटे थे। बड़े भाई मुकेश ने बताया कि राजेश ने घर आने के बाद पत्नी पूजा, बेटी रिया, रिचा, आसना, बेटे अमर के साथ शीतल पेय पी थी। इसके बाद वह सो गया था। सुबह नौ बजे जागने के बाद वह छत पर कपड़े डालने के लिए गए थे। तभी सीने में दर्द होने से उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसपर परिजन उनको सीएचसी अजीतमल ले गए। वहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। अनहोनी पर परिजन रोने लगे। मुकेश ने बताया कि बच्चे अपने पिता के साथ होली खेलने को लेकर उत्सुक थे। त्योहार के दिन ही उनकी मौत से परिवार के खुशियों के रंग ही उड गए। उसकी पत्नी मूक बधिर है, इससे बच्चों को पालने में भी परेशानी होगी। बबाइन चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पहुंची। परिजन ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया।

### हृदय गति रुकने से दारोगा की मौत

**बेला (कन्नौज)।** थाना बेला में तैनात दरोगा अशोक कुमार (55) का सोमवार रात थाने के आवास पर अचानक हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनकी मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अशोक कुमार पुत्र अखिलेश्वर श्रीवास्तव, निवासी ग्राम बहु एरवा, थाना पलनवा, जिला पूर्वी चंपारण (बिहार), सोमवार रात करीब 10 बजे अपने आवास पर थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथ में मौजूद पत्नी अर्चना ने शोर मचाया तो थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी उन्हें आनन-फानन में निजी वाहन से डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने उच्चाधिकारियों एवं परिजनों को दी। मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि अशोक कुमार की बेला थाने में तैनाती दिसंबर 2023 में हुई थी। जून 2025 में उनका स्थानांतरण आरटीसी फतेहगढ़ कर दिया गया था। होली पर्व पर वे अवकाश लेकर सोमवार दोपहर ही बेला थाना आए थे। उसी रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। दरोगा अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनका पुत्र आयुष (24) नई दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहा है, जबकि पुत्री आयुषी (22) उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही है। बेला थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया उप निरीक्षक के शव का अंतिम संस्कार राष्ट्रीय सम्मान के साथ कन्नौज के मेहंदी घाट पर कराया गया।

### छत से गिरकर महिला की मौत

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में महिला की छत से गिरकर मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव मिश्रीपुर निवासी सुनीता देवी (50 वर्ष) पत्नी राजू कुमार बाथम मंगलवार रात करीब 12:30 बजे घर में होलिका जलाने की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने अपने बेटे से छत पर लगा जाल (ग्रिल) खोलने को कहा। बेटा जाल खोलकर नीचे आ गया। बाद में सुनीता देवी किसी काम से कमरे में चली गईं।

# गाली-गलौज से मना करने पर किशोर को मारा बांका, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फोन पर भाई को गाली-गलौज करने की शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे दूसरे भाई व भतीजे के साथ आरोपी की मां ने गाली गलौज की। मना करने पर आरोपी व उसके भाई तथा मां ने भतीजे के पेट में बांका मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज किए गए मुकदमे में बड़े भाई अखिलेश कुमार जो की सिंचाई विभाग में कार्यरत है और नलकूप कॉलोनी बेवर रोड पर रहते है। तहरीर में अखिलेश ने कहा कि गांगुली निवासी राजेश उर्फ पप्पू ने फोन पर उसके साथ गाली-गलौज किया तो उसने अपने भाई कमलेश को बात बताई और कहा कि उससे जाकर पूछे की गालियां क्यों दे रहा है। कमलेश और उसका पुत्र वैभव राजेश उर्फ पप्पू के घर गया और शिकायत की, जिस पर वहां मौजूद राजेश की मां पूरना देवी ने भी पीड़ित के भाई व भतीजे से गाली गलौज किया। मना करने पर घर पर मौजूद राजेश उर्फ पप्पू, विजय कुमार, पूरना देवी ने मारपीट की और वैभव के पेट में बांका मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने वैभव को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## होली आज : रंगों से ज्यादा बिका गुलाल

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र में होली के चलते पिछले कुछ दिनों से बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। चौराहों और मुख्य बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की सजी दुकानों पर बच्चों और अभिभावकों की भीड़ रही है। इस बार पारंपरिक पिचकारियों की तुलना में तलवार, गन, कुल्हाड़ी, हथौड़ा के आकार वाली खिलौना पिचकारियों की मांग रही। वहीं लोगों ने रंगों की बजाय अबीर और गुलाल की जमकर खरीदारी की। सोमवार को होलिका दहन होने के बाद आज लोग जमकर रंग खेलेंगे।

# जमीनी विवाद में उखाड़ी टीन शेड, चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



तोड़ी गयी टीन शेड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगला हिल्की गांव में जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति के टिन शेड को उखाड़ दिया गया और उसके छप्पर में आग लगा दी गई। पीड़ित धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार को इस मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

धर्मेंद्र कुमार पुत्र विनोद कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने लगभग पांच साल पहले गांव के बाहर एक बीघा जमीन खरीदी थी। इसी जमीन पर उन्होंने एक टिन शेड और छप्पर बना रखा था। मंगलवार को कुछ युवक अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से धर्मेंद्र कुमार के टिन शेड को उखाड़ दिया और छप्पर में आग लगा दी। जब धर्मेंद्र कुमार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट करने का प्रयास किया। धर्मेंद्र कुमार ने थाने पहुंच कर चार नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल तीन संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

# विश्व श्रवण दिवस पर की गई कानों की जांच

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 82 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से नौ लोगों में सुनने से संबंधित सामान्य समस्याएं पाई गईं। वहीं एक व्यक्ति में अधिक गंभीर समस्या पाए जाने पर उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया।

शिविर में आए लोगों की ऑडियो जांच, कान की सफाई, संक्रमण की जांच और आवश्यक परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों को समय-समय पर जांच कराने और किसी भी प्रकार की सुनने में कमी, कान में दर्द, घंटी बजने जैसी आवाज या मवाद आने की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि विश्व श्रवण दिवस का उद्देश्य लोगों को श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। तेज आवाज में लंबे समय तक रहना, मोबाइल या ईयरफोन का अत्यधिक उपयोग और कान की सही देखभाल न करना सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों की सुनने की क्षमता पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि प्रारंभिक उम्र में पहचान होने पर बेहतर इलाज संभव होता है। डॉ. राजीव दुबे ने कहा कि श्रवण शक्ति हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुनने में कमी होने से व्यक्ति के संवाद, शिक्षा और सामाजिक जीवन पर प्रभाव पड़ता है। इस मौके पर डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, डॉ. योगेश आर्य, डॉ. विनोद, डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# उधारी के पैसे मांगने पर सगे भाइयों को लाठी-डंडों से पीटा

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को उधारी के पैसे मांगना दो सगे भाइयों को भारी पड़ गया। नानामऊ गांव में किराने का सामान लेने जा रहे दोनों भाइयों को रास्ते में रोककर गांव के ही कुछ दबंगों ने लाठी-डंडों, सरिया और बेल्ट से जमकर पीट दिया। मारपीट में दोनों के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ढाका पुरवा गांव निवासी गोलू पुत्र राम अवतार ने बताया कि वह मंगलवार को अपने भाई रोहित के साथ नानामऊ स्थित परचून की दुकान पर सामान लेने जा रहा था। रास्ते में देशी शराब ठेके के पास गांव के ही सत्यम , आकाश और स्वप्निल अपने कुछ अन्य साथियों के साथ खड़े मिले। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने आरोपितों से पहले की उधारी के पैसे मांगे तो वे आगबबूला हो गए। गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे और पैसे मांगने पर आपत्ति जताई। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे, सरिया और बेल्ट से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से दोनों भाई संभल नहीं सके और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायल भाई थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में एक युवक की मौत दूसरा घायल

**जालौन।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी अंशुल (28) गुजरात में रह कर काम करता था। होली के पर्व पर वह गांव आया था। सोमवार को वह मध्यप्रदेश के रौन थाना क्षेत्र निवासी अपने साथी रविंद्र के साथ जालौन आया था। देर शाम वह बाइक लेकर जालौन से अपने घर वापस जा रहा था। जब वह बाइक से कमसेरा गांव के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। एंबुलेंस से घायल दोनों को सीएचसी पहुंचाया गय। जहां डॉक्टरों ने अंशुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि पप्पू को उच्च संस्थान रेफर कर दिया।


स्वच्छ औरैया स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर स्वस्थ औरैया

कार्यालय नगर पालिका परिषद, औरैया

होली और नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं / बधाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर को स्वच्छ रखने के लिए नगर पालिका परिषद अपील करती है कि नगर को स्वच्छ रखें।

1. नगर के सभी व्यापारियों/दुकानदारों से अपील की जाती है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करें अन्यथा पकड़े जाने पर जुर्माना देय है।
2. दैनिक प्रयोग में पश्चलीथिन को दूर हटाएं, पॉलीथिन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं। औरैया नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने में सहयोग करें।
3. प्रातः सफाई कर्मचारियों के सफाई करने से पूर्व कूड़ा अपने घरों से बाहर कर दें।
4. नगर को स्वच्छ बनाए रखने हेतु कूड़ा नाले, नालियों में डालकर नियत स्थानों में ही डालें।
5. नलों को खुला न छोड़ें। पानी को व्यर्थ न बहाएं क्योंकि पानी अमूल्य एवं सीमित है।
6. अपने करों/शुल्कों की अदायगी समय से करें।
7. सड़को/नालों एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें।
8. पाकों को स्वच्छ बनाएं रखें एवं पीचों को नुकसान न पहुंचाएं।
10. घरेलू पशुओं को आवारा न छोड़े और न ही सड़कों/फुटपाथों पर बांधे।
11. जन्म मृत्यु का पंजीकरण अवश्य कराएं।
12. एजीटी के नियमों का पालन करें। कूड़े को कदापि न जलाएं, जलाने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।
13. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगर पालिका परिषद औरैया का सहयोग करें।
14 कूड़ेदान में ही घर का गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग अलग रखें। पालिका घर-घर कूड़ा कलेक्शन करेगी। डोर टू डोर कलेक्शन में सहयोग करें।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराए गए कार्यों का विवरण

1. बंदन योजना के अन्तर्गत मां मंगला काली एवं गौरैया तालाब स्थित मंदिर पर टीन शेड, टायलीकरण, पेयजल एवं परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य।
2. पंडित दीन दयाल उपाध्याय योजना के अर्न्तगत नगर की प्रकाश व्यवस्था एवं सड़कों का निर्माण कार्य।
3. नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत नगर के मुख्य चौराहों, मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर वाटर कियोक्स की स्थापना का कार्य।
4. नगरीय जल निकासी योजना के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो पर नालों का निर्माण।
5. स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में एमआरएफ सेंटर निर्माण का कार्य।
6. स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत कूड़ा निस्तारण हेतु 03 यूनिट पांच टन बेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कार्य।
7. डोर टू डोर कलैक्शन को अत्यधिक सुदृण बनाए जाने हेतु कूड़ा गाड़ियों का क्रय किया गया।
8. अमृत 2.0 के अन्तर्गत मोहल्ला सत्तेश्वर स्थित तालाब के सौन्दर्याकरण के कार्य की स्वीकृति।
9. अमृत 2.0 के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के समस्त वार्डो एवं सीलों पर पेयजल पाइप लाइन के विस्तारीकरण का कार्य।
10. एसटीपी प्लांट निर्माण का कार्य।
11. नगरोदय योजना के अन्तर्गत मां मंगलाकाली मंदिर के पास खिलमिल पार्क का निर्माण।






स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

रामकमल आसरे
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, औरैया
औरैया

सम्मानित समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद
औरैया

अनूप कुमार गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, औरैया
औरैया


वारदात

होली त्योहार के चलते परिवार समेत गृहनगर कन्नौज गया था युवक

# रेलवे वेंडर के सूने घर से जेवर व नकदी पार

संवाददाता, बिल्हौर



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान दिखाता युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** त्योहार की खुशियां मनाने पैतृक गांव गए एक परिवार की होली चोरों ने बेरंग कर दी। बिल्हौर रेलवे स्टेशन के सामने किराए के मकान में रह रहे रेलवे वेंडर के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बुधवार सुबह जब पीड़ित वापस लौटा, तो घर का मंजर देख उसके होश उड़ गए।

कन्नौज के जलालपुर पनवारा निवासी प्रमोद कुमार बिल्हौर रेलवे स्टेशन के सामने सियाराम कटियार के मकान में किराए पर रहते हैं। प्रमोद रेलवे स्टेशन पर ठेला लगाकर वेंडिंग का कार्य करते हैं। कुछ दिन पूर्व उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी 'पवनी' (श्राद्ध कर्म) और होली मनाने के लिए वह मंगलवार शाम पूरे परिवार के साथ अपने पैतृक गांव गए थे। बुधवार सुबह जब प्रमोद अपनी दुकान लगाने के लिए वापस बिल्हौर पहुंचे, तो घर का दरवाजा खुला देख सन्न रह गए। अंदर कमरों और बक्सों के ताले टूटे थे। अलमारी का लॉकर काटकर सामान बिखेरा गया था। पीड़ित के अनुसार 26 हजार रुपये नकद और सोने चांदी के जेवरात गायब हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3 से 4 लाख रुपये है। बाद में पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरक्षण किया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और आसपास के संदिग्धों से पूछताछ जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही खुलासा होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चेकिंग में बालू से भरे ट्रक को किया सीज

**कुलपहाड़ ( महोबा )।** एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार के निर्देश पर खनन माफिया के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोतवाली क्षेत्र में अभियान चलाया। नायब तहसीलदार पंकज गौतम एवं मुकुल कुमार ने बताया कि पुलिस के साथ पनवाड़ी-महोबा रोड पर बालू भरे एक डंपर को पकड़ा गया है। चालक के पास कोई वैध प्रपत्र नहीं था। डंपर को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में सीज किया गया है।

### बहू ने पति व सास को बीच सड़क पर पीटा

**महोबा।** शहर के डाकबंगला चौराहे पर एक बहू ने मायके वालों के साथ मिलकर बीच सड़क पर सास और पति की पिटाई कर दी। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के चंदला निवासी अजय लखेरा अपनी बीमार मां सुषमा का इलाज कराने झांसी जा रहे थे। बस से महोबा आए और डाकबंगला चौराहे पर नाश्ता करते समय बहू अंजलि के मायके वालों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि बहू अंजलि, उसके माता-पिता और भाई बहनों ने अचानक हमला कर दिया। मारपीट से मां बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि उनसे 7 हजार रुपये नकद और सोने का लॉकेट भी छीन ली। अजय की शादी वर्ष 2022 में महोबा की अंजलि से हुई थी। शादी के बाद से ही अंजलि पति को घर जमाई बनकर रहने का दबाव बना रही थी। मामला न्यायालय तक पहुंच गया है।

### पूर्व प्रधान के पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा

**महोबा।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के मड़वारी गांव में पूर्व प्रधान के पुत्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नरेंद्र कुमार ने तहरीर में बताया कि गांव के एक व्यक्ति से घर के पास रखी ईंटें हटाने की बात कही तो वह आगबबूला हो गया और वह गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर परिजनों के साथ मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी भी देकर भाग गए। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### कर्मचारियों ने होली खेलकर दी बधाई

**इटावा।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने होली खेलते हुए एक दूसरे को शुभ कामनाएं दीं। इस अवसर पर देवेंद्र पाल सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत जसवंत नगर के साथ धर्मेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष, सौरभ कुमार जिला महामंत्री, शिव मंगलदास जीवन वाल्मीक,विपिन कुमार, मलखान सिंह अवधेश कुमार, संतोष कुमार, विपिन कुमार,शिव प्रकाश, सरला देवी, भगवान दास, अन्नू देवी, राजीव कुमार, मनोज कुमार, मुकीम खान, अभयराम आदि कर्मचारी रहे।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**इटावा।** थाना ऊसराहार क्षेत्र के अंतर्गत ऊसराहार के पास सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ब्रज मोहन 52 वर्ष गांव के पास सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

### अनियंत्रित कार पलटी, दो घायल

**महेवा ।** थाना क्षेत्र केअंतर्गत हाईवे पर पंचशील होटल के पास सोमवार की देर शाम एक कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में पलट गई। हादसे के समय कार में दो लोग सवार थे गनीमत रही कि दूसरी ओर से कोई वाहन नहीं आ रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को महेवा सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान अतुल चौबे के रूप में हुई है। वह अपने एक साथी के साथ कानपुर से इटावा लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

### सड़क हादसे में घायल की मौत

**बसरेहर ।** हरदीप सिंह घरेलू काम से चौबिया पड़ाव पर आया हुआ था । तभी एक कार ने गोवंश को टक्कर मारते हुए दुकान के पास खड़े हरदीप को भी टक्कर मार दिया इससे चौबिया के दोनों पैर टूट गए। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहीं आज इलाज के दौरान हरदीप सिंह की मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# होलिका दहन के बाद घरों में गूंजते रहे होली के गीत

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** जिले भर में सोमवार की रात को पूजा अर्चना के बाद लगभर 400 से अधिक स्थानों पर जोशो खरोश के साथ होलिका दहन किया गया। होलिका दहन में गोबर के उपलों, गेहूं की बाली और टेसू के फूल डाले गए। होलिका दहन के दौरान लोगों ने आनंद उठाया।

होलिका की आग ले जाकर महिलाओं ने घरों में होलिका जलाई गई और फिर होली के गीत गाए, जिससे रात में घर घर में होली के गीतों की आवाजें गूंजती रहीं। सोमवार की शाम से ही लोग जंगल और आसपास के इलाकों से होलिका के लिए लकड़ी एकत्र करने में जुटे रहे और होलिका दहन तक कुछ न कुछ लकड़ी आती रही।

सोमवार की रात को शुभ मुहूर्त में विधि विधान से भारी भीड़ के बीच होलिका दहन हुआ। होलिका दहन के लिए नवयुवक पहले से ही गोबर के उपले, गेहूं की बाली और टेसू के फूल लेकर पहुंच गए थे। होली पर्व पर उपले जलाने की परम्परा होने के कारण उपले डेढ़ गुना महंगे कीमत पर बिके। रात भर समूचे शहर में मुहल्लो मुहल्लों में होलिका दहन किया गया, जिससे पूरी रात खासी चहल पहल रही। नवयुवकों की टोलियां एक स्थान दूसरे स्थान पर होलिका दहन को देखने के लिए आते जाते दिखाई दिए। पूरी रात चारो तरहफ होलिका की लौ दिखाई दी। सुरक्षा की दृष्टि से होलिका दहन स्थलों के आसपास पुलिस बल भी तैनात रहा।



पुलिस लाइन में होलिका दहन के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

होलिका दहन छोटी होली के रूप में मनाई जाती है, इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीत माना जाता है। होलिका दहन के लिए एक सप्ताह पहले से तैयारियां शुरू हो जाती है, लोग सूखी टहनियां, झांड झंकार और लकड़ी जुटाने में जुट जाते हैं। एक सप्ताह तक होलिका की सामग्री एकत्र होने के बाद रात को धूमधाम से होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के दिन घर से उतार, टोटका और शरीर के उबटन को होलिका में जलाना शुभ माना जाता है। इससे सारी बाधाएं दूर होती हैं। तमाम शारीरिक बीमार से पीड़ित लोग होलिका दहन के बाद बची राख को शरीर पर मलते हैं। गृह क्लेश से परेशान लोगों को भी सुख शांति मिलती है। होलिका दहन के अलगे दिन मंगलवार को रंगों की होली का नवयुवक और बच्चे आनंद लेंगे। बच्चों को रंग-बिरंगी होली की मस्ती में डूबने का इंतजार है।



धू-धूकर जली होलिका। अमृत विचार

### होलिका दहन के बाद युवाओं ने की मस्ती

**महोबा।** होलिका दहन के बाद लोग पूरी रात नहीं सोए और न ही घर पहुंचे, बल्कि युवाओं ने रात से ही होली का धमाल शुरू कर दिया और बुरा न मानो होली है की आवाजें रात में गूंजने लगी। कई होलिका दहन स्थलों पर म्यूजिक सिस्टम पर होली के गीतों की आवाज गूंजती रही, जहां पर नवयुवक थिरकते दिखाई दिए। नवयुवकों ने रात भर होली पर्व का आनंद लिया। यह सिलसिला होलिका दहन के बाद से शुरू हुआ और सुबह तक चलता रहा। युवाओं ने पूरी रात मस्ती कर होली का आनंद लिया। कई स्थानों पर ठंडाई का भी प्रबन्ध किया गया।



पुलिस लाइन में होलिका दहन से पहले एसपी ने पूजन किया। अमृत विचार

### एसपी ने पुलिस अफसरों संग जलाई होली

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में होलिका दहन के अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में परम्परागत रीति रिवाज और विधि विधान से पूजन के बाद होलिका दहन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली समाज की समरसता एवं आपसी भाईचारे का प्रमुख उत्सव है। उन्होंने सभी से शालीन एवं गरिमामय आचरण अपनाते हुए होली को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की, ताकि सभी को प्रसन्नता का अनुभव हो। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि होली बिना किसी भेदभाव, आपसी प्रेम एवं समरसता के साथ मनाई जाए साथ ही हुड़दंग, शराब सेवन एवं शराब पीकर वाहन चलाने जैसी बुराइयों पर अंकुश लगाने हेतु समाज के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। हालिका दहन के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे। होलिका दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार 2 चचेरे भाइयों की चली गई जान

## कानपुर-सागर हाईवे पर कालीपहाड़ी के पास हुआ हादसा, डंपर छोड़ भाग चालक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर हाईवे पर कालीपहाड़ी गांव के पास डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और शिनाख्त करने के बाद मृतकों के परिजनों को सूचना दी। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है।

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के थाना लवकुश नगर क्षेत्र के रामूपुरा गांव निवासी मुन्ना कुशवाहा(40) पुत्र छन्नू अपने चचेरे भाई अनंतराम (45) पुत्र गोकुल कुशवाहा के साथ बाइक पर सवार होकर बेटे की जिले के मकरबई गांव से देशी दवा लेने गया था। दवा लेकर वापस लौटते समय हाईवे पर कालीपहाड़ी के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को ओवरटेक करने के चक्कर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक व उसमें सवार दोनो चचेरे भाई डंपर के नीचे आ गए। काफी देर तक फंसे होने के बाद दोनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।



डंपर के नीचे फंसी बाइक को निकालते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण और दुकानदार जब तक मौके पर पहुंचे, डंपर को बीच सड़क पर छोड़कर चालक भाग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर में फंसे शवों और बाइक को बड़ी मशक्कत से निकालकर डंपर को कब्जे में ले लिया है। घटना के चलते कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था बाधित रही। पुलिस ने चालक की तलाश के साथ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों की शिनाख्त करते हुए उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस घटना के बाद मृतकों के परिवार का रो रोकर बुरा हाल है साथ ही दो लोगों की मौत से गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने के लिए पहुंच रहे हैं।

# पूर्णिमा पर गोरखगिरि परिक्रमा लगाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति की ओर से मंगलवार को पूर्णिमा पर भक्तों ने शिव मंदिर से राम धुन के साथ पैदल चलकर ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई। परिक्रमा दौरान भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में गोष्ठी हुई, जिसमें वक्ताओं ने गोरखगिरि के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ फाग गाकर माहौल को रंगों से सराबोर कर दिया।

शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ होकर महावीरन, पठवा के हनुमान, केदारेश्वर महादेव, सकरे सन्या, छोटी चंडिका, काली माता, शनिदेव, वैष्णो देवी, नागौरिया, काल भैरव मंदिर से होते हुए पुलिस लाइन होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर परिक्रमा संपन्न हुई। परिक्रमा में श्रद्धालु जय श्रीराम, जय गोरखनाथ के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा भाव के साथ पैदल चल रहे थे। परिक्रमा मार्ग पर विराजमान देवी देवताओं के मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने माथा टेंका और सुख सवृद्धि की कामना करते हुए अगे बढ़े। गोष्ठी में पंडित हरीशर नायक ने गोरखगिरि की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन करते हुए कहा कि ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत लगभग 2000 फीट ऊंचा है। यहां प्राकृतिक सुंदरता, घनी हरियाली, मनमोहक झरनों और प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर है, जिससे यह बुंदेलखंड का प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। यहां जड़ी बूटियों का भंडार है।




पूर्णिमा पर गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

समिति के प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने ईसुरी की चौकड़िया फाग की तर्ज पर स्वरचित फाग सुनाई कि गोरखगिरि के दर्शन करियो पैकरमा सब करिया, शिवतांडव में सत्संग करियो जीवन फसल बनइयो, गेर परिक्रमा बसै देवगण चरन न कीरज लइयो, अनुरागी की विनती सुनियो पैकरमा में अइयो। उन्होंने कहा कि वनवास काल दौरान इस पर्वत पर श्रीराम, सीता व लक्ष्मण आए थे, जिससे इस पर्वत को चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की तरह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान है। इस मौके पर मुन्नालाल धुरिया, पवन चौरसिया, राकेश चौरसिया, परशुराम अनुरागी, चंदभान श्रीवास, सुनीता अनुरागी, अवधेश तिवारी, अजीत, विनोद आदि मौजूद रहे।

# इटावा पुलिस लाइन में होलिका दहन, आज जमकर बरसेगा रंग

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार ।** जिले में पूरे विधि विधान के साथ होलिका का पूजन कर उनका दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी रीना श्रीवास्तव द्वारा मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन किया गया। अब आज लोग जमकर होली खेलेंगे।

एसएसपी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली पर्व की शुभकामनाए देते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है तथा हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा अभयनाथ त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी लाइन आयुषी, क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा उपस्थित रहे। आवास विकास में वी ब्लॉक मंदिर वाले पार्क में पूरे विधि विधान के साथ होली का दहन किया गया। अब आज सुबह से ही लोग जमकर रंगों का पर्व होली खेलकर एक दूसरे को रंग और गुलाल से सराबोर करेंगे।



होलिका दहन में पूजन करते एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव व उनकी पत्नी।

इस मौके पर राम नाथ सिंह यादव , संत सिंह , राजू चौहान , गिरीश तिवारी , लक्ष्मण भदौरिया अजय धाकरे के अलावा मोहल्ले के गणमान्य लोग मौजूद रहे। लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। अब आज रंग खेला जायेगा।

### हृदयाघात से किसान की थम गईं सांसें

**महेवा (इटावा) ।** कस्बे में रहने वाले रतनपुर निवासी किसान की खेतों पर काम करते समय हृदयाघात से मौत हो गई ।

इंटर कालेज के सामने की गली में रहने वाले किसान राजेश पाल 51 वर्ष होली के दिन सोमवार की शाम करीब 6 बजे अपने मूल गांव में पशुओं को चारा लेने गए थे वहीं पर हृदयाघात के चलते अचेत हो गए गांव वासी व परिजन उन्हें महेवा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पहुंची सूचना पर चौकी प्रभारी महेवा रजनीश तिवारी ने शव को रात में ही पंचनामा भरकर पी एम के लिए भिजवाया मंगलवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया ।किसान की मौत पर सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी , प्रधान महेवा कुमुद सिंह, संजय पाल, मिथुन पांडेय, मीनाक्षी चौहान, निखिल पाल, अजय पाल आदि रहे।

# विद्यार्थियों ने पेश किए एक से बढ़कर एक मॉडल

संवाददताता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** चौधरी सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर "इनोविस्टा – विज्ञान एवं ज्ञान उत्सव" का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषाएँ एवं कंप्यूटर विषयों से संबंधित आकर्षक मॉडल, कार्यशील प्रोजेक्ट, वैज्ञानिक प्रयोग और शोध आधारित प्रस्तुतियां प्रदर्शित कीं। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों की विषय पर गहरी पकड़, तार्किक क्षमता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव के मार्गदर्शन तथा स्वधा हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. अंजलि यादव के सहयोग में, विद्यालय की प्रधानाचार्य मनराज कौर नामधारी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों के समर्पण और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। नन्हें प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और सीखने की प्रेरणा प्राप्त की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में नवाचार, वैज्ञानिक सोच और व्यावहारिक ज्ञान सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक, कौशल-आधारित एवं मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### तेज धमाके के साथ फटा ट्रांसफॉर्मर, भड़की आग

**भरथना।** कस्बे के मोहल्ला मोतीगंज में देर रात एक विद्युत ट्रांसफार्मर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे पास में पड़े कचरे के ढेर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया।

मोहल्ला मोतीगंज में गंदे नाला की पुलिया के समीप रखा ट्रांसफॉर्मर देर रात करीब ग्यारह बजे तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुन लोग दहशत में आ गए। स्थानीय निवासियों ने अपने घरों से बाहर आकर देखा तो नजदीक में ही पड़े कचरे के ढेर से आग की भयावह लपटें उठ रही थी। स्थानीय निवासियों ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल दमकल टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने करीब 15 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उक्त घटना में राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

फूलों की होली आज | मिडिल ईस्ट में फंसे करोड़ों भारतीयों को लेकर सपा प्रमुख ने जताई चिंता

# जंग के बीच शालीनता से मनाएं होली : अखिलेश

संवाददता सैफई इटावा

**अमृत विचार ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने देशवासियों से रंगों का पर्व होली सादगी और शालीनता के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण करोड़ों भारतीय प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित हैं और अनेक परिवार अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसे समय में उत्सव मनाते समय संवेदनशीलता व संयम जरूरी है।

मंगलवार को अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचे सपा प्रमुख ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय हालात चिंताजनक हैं। बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक खाड़ी देशों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। युद्ध जैसी स्थिति में वहां रह रहे भारतीयों और उनके परिवारों की चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव और प्रेम का संदेश देता है, इसलिए इसे मर्यादा और गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। चंद्र ग्रहण के कारण सपा प्रमुख मंगलवार को निर्धारित समय पर मंच पर नहीं पहुंचे, हालांकि उन्होंने पार्टी कार्यालय के भीतर मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दीं।



सैफई में सपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। अमृत विचार

समाजवादी संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव के नेतृत्व में आए रंगमंचीय कलाकारों ने उनके समक्ष फाग और पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए। फूलों की होली में मुलायम परिवार के राजनीतिक और गैर राजनीतिक सदस्य एक साथ शामिल होते हैं। मंच पर परिवार के वरिष्ठ सदस्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ फूलों की वर्षा के बीच होली खेलते हैं। साथ ही फाग गायन की परंपरा भी बड़े पैमाने पर निभाई जाती है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फाग गायक ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की संगत पर पारंपरिक फाग प्रस्तुत करते हैं, जिसे सुनकर सभी लोग रोमांचित हो जाते हैं।

गौरतलब हैं कि सपा प्रमुख सोमवार देर रात लखनऊ से सैफई पहुंचे थे। बुधवार सुबह नौ बजे पार्टी कार्यालय परिसर में बने मंच पर पारंपरिक फूलों की होली खेली जाएगी, जिसमें परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे।

# सवारियों से भरी डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी

संवाददताता बकेवर इटावा

**अमृत विचार ।** बकेवर थाना के क्षेत्र के अंतर्गत उझियानी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिल्ली से कानपुर जा रही एक डबल डेकर बस पलट गई । इस दुर्घटना में 15 से अधिक यात्री घायल हो गए जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया।

दिल्ली के कापसेड़ा से होली के त्योहार पर यात्रियों से भरी बस उरई के रास्ते कानपुर जा रही थी। इसी दौरान बकेवर थाना क्षेत्र के उझियानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह करीब 6 बजे बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई । हादसे के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे। यात्रियों के अनुसार ड्राइवर को झपकी आने से बस पर उसका नियंत्रण खो गया और बस पलट गई। बस के बकेवर थाना क्षेत्र में पहुंचने पर एक स्थानीय बस के भी 4 यात्री बिठाए गए थे। जिन्हें पास ही औरैया जिले में जाना था। बस में सवार यात्रियों में से 15 यात्री घायल हुए हैं। जिनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य घायलों को तत्काल सीएचसी महेवा में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायलों में बिक्रम सिंह निवासी झांसी के हाथ में चोट आई है। प्रबल प्रताप निवासी इटावा का पैर कट गया। कमलेश निवासी बांदा के सीने में गंभीर चोट लगने से आंत बाहर आ गई, जिन्हें तत्काल रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई । घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी वहीं ड्राइवर मौके से फरार हो गया। होली का त्योहार मनाने के लिए लोग दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया।



पलटी पड़ी बस व मौके पर मौजूद पुलिस।

- हादसे में 15 से अधिक सवारियां हुई घायल, तीन गंभीर रेफर

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार शाम | गुरुवार सुबह |
| सुन्नी : 6:16 | सुन्नी : 5:08 |
| शिया : 6:23 | शिया : 4:59 |

| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| गुरुवार शाम | शुक्रवार सुबह |
| सुन्नी : 6:16 | सुन्नी : 5:07 |
| शिया : 6:24 | शिया : 4:58 |

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : रमजान-उल-मुबारक में हर रात और हर दिन अल्लाह के यहां से कैदी छोड़े जाते हैं।

## कई ट्रेनें रद्द होंगी

**कानपुर।** कानपुर लखनऊ के बीच 2 अप्रैल से 42 दिनों के लिए ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी क्योंकि गंगा पर बने शुक्लागंज पुराने रेलवे पुल को मरम्मत के लिए 2 अप्रैल से 13 मई तक के लिए बंद किया जा रहा है। इस दौरान 31 ट्रेनों के रूट में बदलाव किया जाएगा। इसी प्रकार 14 ट्रेनें ऐसी हैं जिन्हें कानपुर तक ही संचालित किया जाएगा।

# बोगस कंपनियों से फ्राड करने वाले संगठित गिरोह का खुलासा

### 38 फर्जी फर्मों से 250 करोड़ के संदिग्ध ट्रांजेक्शन मिले, 1.5 करोड़ खातों में फ्रीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कम ब्याज पर लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों डकारने वाले संगठित गिरोह का कमिश्नरेट पुलिस खुलासा किया है। साइबर शातिर पहले जरूरतमंदों से आधार, पैन कार्ड, फोटो समेत अन्य दस्तावेज लेकर उसके नाम पर बोगस फर्म का रजिस्ट्रेशन कराते। फिर उसी फर्म के नाम पर लोन का आवेदन करते। संबंधित व्यक्ति के नाम से बैंक खाता खोला जाता, लेकिन मोबाइल दूसरे का दर्ज कराते। जिससे उक्त को पता न चले। 250 करोड़ का फाइनेंशियल फ्रॉड सामने आने पर डीसीपी सेंट्रल के आदेश पर साइबर सेल व पुलिस टीम ने गिरोह का खुलासा किया। दो आरोपियों को दबोचा है।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि अधिकारियों को पता चला कि सेंट्रल जोन में लोगों से दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी हो रही है। 250 करोड़ रुपये का फाइनेंशियल फ्रॉड भी सामने आया। इस पर डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव, एडीसीपी सेंट्रल अर्चना सिंह के आदेश पर साइबर सेल व पुलिस टीम ने बैंक खाता, मोबाइल कॉल डिटेल, आईपी लॉग्स और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जांच की। इससे पता चला कि संगठित गिरोह फर्जी लोन दिलाने के नाम पर लोगों के बैंक खाते खुलवाकर फ्राड कर रहा है। पता चला गिरोह का शिकार वह लोग बन रहे हैं, जो जिनके नाम फर्में रजिस्टर्ड की गईं हैं। उसमें कोई छात्र है, कोई ई-रिक्शा चालक। प्राइवेट नौकरीपेशा भी है। जब उन्हें अपने नाम पर फर्म संचालन की भी कोई जानकारी नहीं है। फर्जी फर्मों के जरिए लगभग 250 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेनदेन भी हुआ। जिससे जीएसटी चोरी की जा रही थी। इस पर विभाग को जानकारी दी गई। संचालित फर्जी फर्म में तीन फर्मों के खाते में 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि थी, जिसे फ्रीज कराया गया। वहीं जांच में पुलिस को ऐसी कुल 38 फर्जी फर्मों की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी कपिल मिश्रा और राज उर्फ अमर दीप को गिरफ्तार किया है। कपिल इंटर व आईटीआई पास है।

शिकायतकर्ता नजीराबाद के आरकेनगर निवासी अनुराग वर्मा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बहन की शादी के लिए लोन लेने का प्रयास किया। इस दौरान उनसे आधार, पैन कार्ड व हस्ताक्षर किए हुए दस्तावेज लिए गए। बाद में उन्हें जानकारी हुई कि दस्तावेजों से फाइनेंशियल फ्रॉड किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 30 मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड, 52 चाबियां, 12 फर्मों के साइन बोर्ड, तीन डायरी, विभिन्न फर्मों के बैंकिंग दस्तावेज, 15 खातों की चेकबुक, दो स्टांप व पैड, दो स्कूटी, पांच एटीएम कार्ड, कियारानामा, फर्म रजिस्ट्रेशन दस्तावेज बरामद किए हैं।



पकड़े गए आरोपी, बरामद माल व घटना की जानकारी देते पुलिस कमिश्नर। अमृत विचार

### शातिर इस तरह करते थे फ्राड

- पकड़े गए शातिरों ने बताया कि लोन के नाम पर गरीब, मजदूर व बेरोजगार युवाओं को लालच देकर फंसाते थे। इसके बाद उनसे दस्तावेज लेते। जिससे जीएसटी पोर्टल पर कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराते। जिनका हकीकत में कोई अस्तित्व नहीं होता। रजिस्ट्रेशन के लिए फर्जी किराया नामा व बिजली बिल का यूज करते। यह फर्में बिना किसी वास्तविक माल, सेवा के केवल कागजी बिल जारी करती हैं। माल की आवाजाही दिखाने के लिए फर्जी ई-वे बिल भी जनरेट किया जाता। दो फर्जी फर्म एक दूसरे को बिल जारी करती। इस बिल के आधार पर सरकार से टैक्स का क्रेडिट मांगते, जो कभी चुकाया ही नहीं गया। आपस में टर्नओवर बढ़ाकर दिखाया जाता। टैक्स का क्रेडिट से करोड़ों की जीएसटी चोरी करके हड़प रहे थे। आखिर में पैसे को अलग-अलग बैंक खातों के जरिए घुमाकर काला से सफेद कर लेते।

# बाइक समेत नाले में गिरे युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर में तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से बाइक सवार को टक्कर मार दी। जबरदस्त ठोकर से युवक बाइक समेत उछलकर नाले में जा गिरा। सिर पर गंभीर चोट आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर परिजनों को हादसे की खबर दी। घरवालों में कोहराम मच गया।

कल्याणपुर के मिर्जापुर नई बस्ती निवासी राम सेवक कमल का 27 वर्षीय एकलौता बेटा शिवा कमल दादानगर स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। पिता के अनुसार पत्नी यशोदा की कई साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में तीन बेटियां हैं। जिसमें सबसे छोटी करिश्मा की शादी करनी है। परिवार का खर्च चलाने वाला एक बेटा ही था, वह अस्वस्थ होने के कारण घर पर ही रहते हैं। शिवा के बहनोई दिलीप पुरी ने बताया कि ड्यूटी के बाद वह बाइक से रात करीब 12 घर के लिए निकला था। आवास विकास केशवपुरम डबल रोड पर पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उसी टक्कर मार दी। वाहन की ठोकर से शिवा बाइक समेत खुले नाले में जा गिरा। सिर व शरीर में गंभीर चोट आने से वह उठ नहीं सका। बेहोश की ही हालत में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बाक की नंबर प्लेट के आधार पर रात करीब 2.35 बजे पुलिस ने घर पहुंचकर हादसे की जानकारी दी। सूचना पर परिजनों ने शव की पहचान की। एकलौते बेटे की हादसे में मौत की खबर से कोहराम मच गया। रावतपुर पुलिस के अनुसार आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे। वाहन के बारे में पता किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।



शिवा कमल अमृत विचार

- आवास विकास में पीछे से आए वाहन ने मारी टक्कर

# ईरान में पढ़ाई कर रहीं सात छात्राएं लौटीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरकार की गाइड लाइन देख पटकापुर और जाजमऊ आईं

**अमृत विचार।** कानपुर की 100 से अधिक छात्र-छात्राएं ईरान की यूनिवर्सिटी में मेडिकल, इंजीनियरिंग समेत कई प्रकार की शिक्षा ले रही हैं। भारत सरकार की गाइड लाइन जारी होते ही जाजमऊ और पटकापुर की सात छात्राएं सकुशल अपने घर वापस आ गई हैं।

ईरान के कुम यूनिवर्सिटी सेहान, तेहरान यूनिवर्सिटी समेत विभिन्न यूनिवर्सिटी एवं मदरसों में शिक्षा ले रही छात्राएं एवं कई छात्र कानपुर वापस आ गये हैं। छात्राओं ने बताया कि जैसे ही भारत सरकार की गाइड लाइन जारी हुई और वहां जंग को लेकर अफरातफरी मची, उन्होंने अपने देश लौटने का इरादा कर लिया। लगभग 15 लड़कियां फरवरी के पहले सप्ताह में ही वापस आ गई थीं जबकि 7 लड़कियां जंग शुरु होने से कुछ दिन पहले ही वापस आ गईं। अब इन छात्राओं एवं छात्रों की आगे की पढ़ाई का क्या होगा, कैसे कॅरियर बनेगा, इसको लेकर चिंतित हैं। उनके परिजन का कहना है कि मेरे बच्चे सही वक्त पर वापस आ गये, यही हमारे लिये बहुत है।

### 50 से अधिक युवा मदरसों में ले रहे हैं शिक्षा


- कानपुर के 50 से अधिक युवा ईरान के विभिन्न मदरसों में आलिम की डिग्री लेने के लिए गये हुए हैं, जिनमें कई तो वापस आ चुके हैं जबकि कई अभी ईरान में ही हैं। इस्लामी स्कॉलर डॉ. मजहर अब्बास नकवी बताते हैं कि बडी संख्या में कानपुर के युवा ईरान के मदरसों में अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग मदरसों से शिक्षा पूरी कर चुके हैं, उनमें एक काली पगड़ी बाँधते हैं और दूसरे सफेद पगड़ी बांधते हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Chandrabhal Hospital
Multi Speciality Hospital
आयुष्मान भारत PMJAY एवं दीनदयाल उपाध्याय कैशलेश योजना द्वारा अनुबंधित
24 घंटे सुविधा उपलब्ध
PATIENT SAFE LITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED
QCI Quality Council of India Membership
डा. राजेश बाजपेयी
(MBBS, D.Ortho, Mch.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
CU, NICU, EMERGENCY, MEDICAL STORE
Y-1280, Kidwai Nagar, Near R.B.I. Colony, Kanpur Mob.: 7571810604



होली की हार्दिक शुभकामनाएं
कैंसर से अब होगी जीत
टाटा मेमोरियल से प्रशिक्षित पायनियर कैंसर विशेषज्ञ
Dr. Arun Prakash Dwivedi
MBBS, MS, MCh (Onco Surgery)
Ex. Tata Memorial Hospital, Mumbai
18000 से ऊपर कैंसर सर्जरी का अनुभव
एडवांस लेप्रोस्कॉपी एवं रोबोटिक कैंसर सर्जन — आंतों एवं गॉल ब्लेडर का कैंसर
हेड एंड नेक कैंसर सर्जन — ओरल कैंसर एवं जटिल कमांडो सर्जरी
स्पेशलाइज्ड फीमेल कैंसर सर्जन — स्तन कैंसर, बच्चेदानी की लैप्रोस्कोपिक सर्जरी एवं एडवांस HIPEC सर्जरी
Call for Appointment
9369603522, 7024160918
DWIVEDI CANCER CARE
111/319, Ashok Nagar, 80 Ft. Road (Nr. Petrol Pump), Kanpur







## एस.आई.एस हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर

एस.आई.एस हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर में सुपरस्पशलिस्ट डाक्टर्स की टीम द्वारा सभी रोगों का उपचार किया जाता है। एस.आई.एस हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर के प्रबंध निदेशक एच.एन. सिंह ने बताया कि इस हास्पिटल में सभी अत्याधुनिक सुविधायें जैसे माड्युलर ओटी, आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू. पी.आई.सी.यू. व डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध हैं। यह हॉस्पिटल क्षेत्र की जनता के लिये एक सौगात है, यहां अब सभी रोगों जैसे स्त्री एवं प्रसूति रोग, अस्थि रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग, गुर्दा रोग, मस्तिष्क रोग, प्लास्टिक सर्जरी, कैंसर सर्जरी, दंत रोग का इलाज किया जा रहा है, यहां पर दूरबीन विधि से गुर्दे की बड़ी पथरी एवं जटिल शल्य किया नियमित रूप से की जा रही हैं। डा. आदित्य त्रिपाठी, मेडिकल डायरेक्टर एवं श्री एच.एन. सिंह को कैबिनेट मंत्री श्री नन्द गोपाल गप्ता जी द्वारा कानपुर आइकन एवार्ड प्रदान किया गया है।



एच.एन. सिंह। एस.आई.एस हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर के प्रबंध निदेशक।



डा. आदित्य त्रिपाठी, मेडिकल डायरेक्टर एस.आई.एस हॉस्पिटल।






## पवनी पैथोलॉजी और बायोप्सी सेंटर

हमारा सेन्टर एनएबीएल, एनएबीएच एवं क्यूसीआई से मान्यता प्राप्त लैबोरेटरी हैं जहाँ जांच की गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाता है और जनमानस को उत्तम, गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यहाँ इन विशेषताओ के अतिरिक्त बहुत ही उचित दरों पे परीक्षण किया जाता है। हमारे द्वारा पावनी पैथोलॉजी मे परीक्षण के नित्य नए आयाम जोड़े जा रहे है जिसके कारण एक ही लैब मे प्रत्येक परीक्षण की सुविधा रोगी को मिल सके। हमारा प्रयास रहता है कि 2-3 घंटे के अंदर परीक्षण के परिणाम डॉक्टर और रोगी को भेज दे ताकि उनका इलाज शीघ्र अतिशीघ्र प्रारम्भ हो जाए।

– डॉ.पुनीत बहल, डायरेक्टर











## अपनी किडनी का रखें ख्याल



किडनी का ख्याल रखने के लिए, आपको स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी, जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, स्वस्थ आहार लेना, नियमित व्यायाम करना और धूम्रपान और शराब से बचना शामिल है। इसके अलावा, डॉक्टर से नियमित जांच करवाना और अपनी किडनी के स्वास्थ्य की निगरानी करना भी महत्वपूर्ण है. किडनी की बीमारी का मुख्य कारण मधुमेह व उच्च रक्तचाप है पर कुछ अन्य कारणों से जैसे पथरी होना, आनुवांशिक कारण, अत्यधिक मात्रा में दर्द निवारक दवाओं का सेवन, विषाक्त पदार्थों का सेवन से भी किडनी का रोग हो जाता है किडनी की बीमारी एक ऐसी बीमारी है जिसका कोई विशेष लक्षण नहीं होता यह बीमारी कमजोरी, भूख न लगना, उल्टी, सूजन जैसे साधारण लक्षण दिखाती है और दिलचस्प बात यह है कि इनमें से अधिकतर लक्षण कई अन्य सामान्य बीमारियों में भी होते हैं इसलिये जब तक किडनी रोग के लिये निर्धारित परीक्षण न करायें जायें इसका पता नहीं चलता इसीलिये अधिकतर गुर्दे की बीमारी का पता जीवन में बहुत देर से चलता है क्योंकि लोंगों में नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के बारे में जागरूकता में कमी है। इसलिये 40 साल की उम्र के बाद हर किसी का वार्षिक गुर्दे की जांच कराना चाहिये और जिन लोंगों को रक्तचाप व मधुमेह है उन्हें साल में दा`बार जाचें करवाना चाहिये, अच्छा मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक द्रष्टिकोण हमेशा अच्छे स्वास्थ्य के लिये मददगार होते हैं।














## सिटी ब्रीफ

### पत्नी के हत्यारे को पुलिस ने भेजा जेल

**कल्याणपुर संवाददाता।** पनकी मंदिर परिसर में खिलौनों की दुकान चलाने वाले हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है। आरोपी ने बीते शनिवार की देर रात गहनों की लालच में अपनी पत्नी की हत्या कर, शव को नाले में फेंका था। पनकी मंदिर में खिलौने की दुकान चलाने वाले नितिन ने पांच वर्ष पहले शादीशुदा आकृति उर्फ रूबी के साथ कोर्ट मैरिज की थी। आकृति अपनी ससुराल औरैया से 15 लाख से अधिक के गहने भी लेकर नितिन के साथ आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक पिछले कुछ समय से ससुरालीजन रूबी पर आधे गहनें उसकी नंद की शादी के लिए देने का दबाव बना रहे थे। जिसको लेकर रूबी का अपने पति नितिन से आए दिन विवाद होता था। 26 फरवरी की रात करीब डेढ़ बजे दोनों में इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नितिन ने रूबी की हत्या कर उसके शव को दुकान के अंदर ही छुपा दिया था। जिसे 24 घंटे बाद शुक्रवार की देर रात नितिन ठेले में रखकर 500 मीटर दूर नाले में फेंक दिया था। शनिवार सुबह शव नाले में उतराता मिला। जांच में जुटी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नितिन को गिरफ्तार किया था। जिसे सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

### दो पक्षों में चले लाठी डंडे, तीन घायल

**कल्याणपुर।** रावतपुर गांव निवासी सुमित कठेरिया के मुताबिक पड़ोस में रहने वाले ऋषि कठेरिया ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ घर में घुसकर लाठी डंडे व राड से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान दबंगों ने उनकी मां के साथ भी मारपीट कर घर में तोड़फोड़ की। वही दूसरे पक्ष ने सुमित पर लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए कल्याणपुर सीएचसी लेकर गई। रावतपुर थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# महापौर के बेटे समेत 14 के खिलाफ एफआईआर

## पार्षदों की शिकायत पर डीएम ने कराई जांच, जमीन कब्जे का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **सिविल लाइंस स्थित नजूल की जमीन पर लंबे समय से है अवैध कब्जा**

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित नजूल की जमीन पर कब्जे के मामले में महापौर के बेटे अमित पांडेय उर्फ बंटी समेत 14 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। पार्षदों ने नजूल की जमीन कब्जाने की शिकायत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से की थी। जिसकी जांच में वहां चट्टा, पार्किंग, स्ट्रीट लाइटें, झोपड़ी और ओपन जिम मिले। जमीन पर गायों को बांधा जा रहा था। डीएम की ओर से कराई गई जांच में कब्जे की बात साबित होने पर पीपीई एक्ट के तहत एसीएम-तीन की कोर्ट में मामला दर्ज हुआ है। अब कब्जेदारों को नोटिस देकर जवाब मांगने की तैयारी है।

भाजपा के बागी पार्षद पवन गुप्ता, अंकित मौर्या, विकास जायसवाल, लक्ष्मी कोरी, आलोक पांडेय, हरिशंकर तिवारी ने बीती चार फरवरी को पुलिस कमिश्नर आवास के पीछे बीआईसी की जमीन पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी के साथ पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से की थी। पुलिस कमिश्नर आवास के पीछे ब्लॉक एक, 5 व 6 नजूल भूमि है। जहां काफी समय से कब्जा बताया गया। शिकायत पर डीएम ने एसडीएम सदर, एसीएम सेवन व सदर तहसीलदार से जांच कराई गई। टीम की जांच में अवैध कब्जे मिले। मौके पर आवास, जिम, चट्टा, झोपड़ी, कार्यालय, पार्किंग, टीनशेड, स्ट्रीट लाइट और पानी की टंकी मिली। नगर निगम भी जांच में अवैध निर्माण की पुष्टि कर चुका था।

जांच के बाद टीम ने महापौर के बेटे बंटी पांडेय समेत 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल हरिशंकर विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर पीपीई एक्ट के तहत अमित पांडेय बंटी, निजामुद्दीन, रामनारायण, मोहित, पप्पू, जुग्गीलाल, केदारनाथ यादव, शीला, रामकली, मन्नीलाल, अशोक, आशू, मुन्नी कश्यप, सुनीता, रज्जन, प्रेम प्रकाश व रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले में अब सुनवाई होगी।

## ड्यूटी पर गए बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा में ड्यूटी के दौरान बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। खबर पाकर पहुंचे परिजनों ने मुंह व नाक से खून निकलता देखा। घरवालों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि रंजिश से इनकार किया है।

तौधकपुर कुंज विहार निवासी 65 वर्षीय सिपाही लाल इलाके में एक निजी प्रतिष्ठान की रात में रखवाली करते थे। परिवार में पत्नी सरस्वती व छोटा बेटा दीपेंद्र उनके साथ रहता है। जबकि बड़ा बेटा हरीलाल गुजैनी में अपने परिवर के साथ रहता है। हरीलाल ने बताया कि पिता कुछ समय से नाईट में गार्ड की नौकरी करने लगे थे। रोज की तरह सोमवार को आठ बजे वह काम पर गए थे। भोर पहर लोगों ने उन्हें वहां मृत पाया। हरीलाल के अनुसार पिता को कोई बीमारी नहीं थी। उनके मुंह व नाम से खून निकल रहा था। सिर पर चोट के निशान थे।

# कोडीन सीरप का अवैध कारोबार करने में फर्म मालिक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **क्राइम ब्रांच ने दबोचा, 5250 शीशियों की अवैध खरीद-बिक्री की बात आई सामने**
- **फर्जी बिलिंग व डिजिटल साक्ष्य मिले, क्राइम ब्रांच करा रही फॉरेंसिक जांच**

**अमृत विचार।** क्राइम ब्रांच ने कोडीनयुक्त सीरप के अवैध कारोबार में हनुमंत विहार के फर्म मालिक को गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम के अुनसार आरोपी विशाल बीते साल में दर्ज मुकदमे में वांछित था। मेसर्स सिसोदिया मेडिसिन हाउस का वह प्रोपराइटर है। ड्रग इंस्पेक्टर ने पांच नवंबर 2025 को उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि आरोपी अपनी फर्म से कोडीनयुक्त फैंसीपिक-टी सीरप भारी मात्रा में अवैध रूप से खरीद व बिक्री की है।



विशाल सिंह।

पुलिस के अनुसार आरोपी विशाल सिंह बख्तौरीपुरवा का रहने वाला है। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार ने बताया कि विशाल की गिरफ्तारी के दौरान एक लैपटॉप बरामद किया गया। जिसका यूज फर्जी बिल तैयार करने और रिकॉर्ड में हेरफेर के लिए किया जाता था। उन्होंने बताया कि डिजिटल उपकरण बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। अवैध मादक औषधियों की खरीद-बिक्री में संलिप्त अन्य आरोपियों, आपूर्तिकर्ताओं और उससे जुड़े नेटवर्क की की भी गहन जांच की जा रही है। डीसीपी ने लोगों से अपील किया है कि मादक औषधियों की अवैध खरीद-बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे समाज को नशामुक्त, सुरक्षित व स्वस्थ बनाया जा सके।

काइम ब्रांच ने बताया कि निरीक्षण के समय दुकान बंन मिली। आरोपी विशाल ने बाद में भी खरीद-बिक्री से संबंधित जानकारी, स्टॉक रजिस्टर व बिल वाउचर आदि नहीं दिए। इससे स्पष्ट है कि मेडिसिन खरीद-बिक्री जानकर नियमों को दरकिनार कर की गई। मिले साक्ष्य व ई-मेल से स्पष्ट हुआ कि विशाल ने बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त सीरज अलग-अलग तारीखों को खरीदा है। इधिका लाइफसाइंसेज लखनऊ से 5250 शीशी फैंसीपिक-टी सीरप खरीदी गई। जिसे बेचने की डिटेल नहीं दी गई।

# इफ्तार में दिखी सौहार्द की मिसाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उद्योग और व्यापार की संस्था फीटा के तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित होटल निर्मल पैलेस में आयोजित इफ्तार में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। दावत-ए-इफ़्तार में रोजेदारों ने नमाज में अमन के लिए दुआ की।

रोजेदारों का स्वागत फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, मनोज कुमार पांडे, सचिन दीक्षित आदि ने किया। शिवकुमार गुप्ता, नितिन गुप्ता, विराज भाटिया, कनिष्क पांडे, वकास बवेजा ने खजूर खिलाकर रोजा खुलवाया। इस मौके पर आतिफ बवेजा असीम हक आतिफ आदि ने सभी रोजगारों की खिदमत करके उन्हें दुआओं के साथ अफ्तारी खिलाई।



रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदार और आयोजक।

रोजेदारों ने मगरिब की नमाज के लिए जमात में नमाज अदा की। इसकी इमामियत हाफिज हाशिर ने की और सभी को नमाज अदा कराई। महासचिव उमंग अग्रवाल ने कहा कि देश में अमन और भाईचारा बना रहे यह सबकी जिम्मेदारी है। असद इमरान, तारिक अराफ़ात खान, यासिर बवेजा, फैज़ रसूल और मोहम्मद शादाब आदि उपस्थित रहे।

# शहर को सुव्यवस्थित और खुशहाल बनाना है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शहर की बेहतरी के लिए सभी नागरिक समझें अपनी जिम्मेदारी**
- **गैंजेस क्लब में कानपुर सुपर 100 के कॉन्क्लेव का आयोजन**

**अमृत विचार।** आर्य नगर स्थित गैंजेंस क्लब में मंगलवार को शहर को बेहतर व खुशहाल स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से कानपुर सुपर 100 ने कानपुर कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसमे गैंजेस क्लब के मालिक विजय कपूर ने कहा कि शहर को सुव्यवस्थित व खुशहाल बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। यदि हम सब ठान ले तो हम कानपुर को अपने सपनों का शहर बना सकते हैं। इससे शहर में ही रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे।

संस्थापक डॉ.सिधांशु राय ने कहा कि कानपुर के नागरिकों की सहभागिता बढ़ाना जरूरी है। शहर की प्राथमिकताएं बनाकर कार्य करना होगा। ताकि शहर के संसाधनों का अत्यधिक उपयोग हो। कार्यक्रम निदेशक नजम हमराज ने कहा हमें आपसी सहयोग व साझेदारियों को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। सामाजिक व्यवहार की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। समन्वयक बलराम नरूला व विमल झाझरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि कानपुर कॉन्क्लेव सम्मेलन भविष्य के कानपुर का रोडमैप तैयार करेगा। गेंजेस क्लब के सचिव नवीन मल्होत्रा ने कहा तनाव रहित कार्य करने की आदत डालना बहुत जरूरी हैं, क्योंकि तनाव लेकर कार्य करने से गलतियों की संभावना काफी बढ़ जाती है। संयोजक शाहिद कामरान ने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और उद्योग का समावेश करने से कानपुर को एक नया स्वरूप मिलेगा। डॉ.नकवी ने कॉन्क्लेव का सार प्रस्तुत किया। मानवीय प्रबंधन संस्थान के संस्थापक प्रो.टीएन अग्रवाल ने समाज में मानवीय गुण विकसित करने और एलिम्को के उप महाप्रबंधक अनुपम प्रकाश ने दिव्यांगों को रोजगार के अवसर पैदा करने की प्रभावी रणनीति बनाने पर जोर दिया। इस दौरान राजेश ग्रोवर, डॉ. पंकजा पांडे, गुरशरण सिंह, अरुण पूरी महाराजख् डॉ.आदित्य पांडेय, टीकम सेठिया, डॉ. राज तिलक, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.अवध दुबे, डॉ. शरद बाजपेई, अमित अग्रवाल, डॉ.कविता अरोड़ा, नित्या चावला, सीमा निगम, मोहम्मद आरिफ मार्टिन, डॉ. अमरनाथ कश्यप, सैयद अबरार, अंकुर आदि लोग रहे।




सम्मेलन में विचार रखते विजय कपूर। अमृत विचार













## सिटी ब्रीफ

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर में होली के त्यौहार पर बाजार से खरीदारी करके लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन टक्कर मार दी और भाग निकला। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। नयाखेड़ा निवासी 27 वर्षीय शिवम निषाद जेसीबी चालक थे। परिजन ने बताया कि एक साल पहले उनकी शादी नीलम से हुई थी। होली के त्यौहार की खरीदारी के लिए सोमवार को वह बाइक से महुआ गांव स्थित बाजार गया था। वहां से लौटते समय अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे की जानकारी होने पर पुलिस ने उसे हैलट में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### महिला सिपाही ने पति व उसके दोस्त पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** यातायात पुलिस में कार्यरत महिला सिपाही ने अपने पति और उसके अधिवक्ता दोस्त पर पोस्ट की गई फोटो पर अश्लील व अभद्र करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट कराई है। फोटो में आरोपी ने उसके भाई को प्रेमी बताते हुए टिप्पणी की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। महिला सिपाही दूसरे जिले की रहने वाली है। उसका पति वाराणसी कमिश्नरेट में सिपाही है, जिससे तलाक को लेकर मुकदमा विचाराधीन है। महिला सिपाही ने बताया कि उसके पति का दोस्त अधिवक्ता है और आगरा का रहने वाला है। उसने दोनों के खिलाफ पहले भी मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट के बाद से पति व उसका दोस्त उसकी छवि धूमिल कर रहे हैं। उनके छोटे भाई की ब्लड कैंसर से मौत हो गई थी, जिसके बाद आरोपियों ने 28 फरवरी को भाई के साथ की एक वीडियो अपलोड कर अश्लील टिप्पणी की। कोतवाली थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

### उत्पीड़न व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई

**कानपुर।** फजलगंज में स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री में कार्यरत विधवा महिला ने पूर्व कर्मचारी पर उत्पीड़न व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



महिलाओं ने जमकर खेली होली। अमृत विचार

### होलिया में उड़े रे गुलाल पर झूमीं महिलाएं

कानपुर। बटरफ्लाई ग्रुप की ओर से सोमवार को स्वरूप नगर स्थित गुस्टो रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में होली थीम पार्टी में हर कोई होली के रंगों में सराबोर दिखा। इस दौरान बटरफ्लाई ग्रुप की महिलाएं 'होलिया में उड़े रे गुलाल', रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे होली गीतों पर जमकर थिरकी। सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनो का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में पिंकी, रूबी, पप्पी, विभा, अंजू, कंचन, रोजी, नीरू, अमरजीत, स्वीटी, रश्मि, डिंपल, जसबीर आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

# सिंथेटिक रंगों से रहें दूर, हर्बल से मनाएं त्योहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केमिकल युक्त रंग शरीर की त्वचा के साथ ही आंखों को भी नुकसान पहुंचाते है। ऐसे में केमिकल युक्त व सिंथेटिक रंगों से दूरी बनाकर प्राकृतिक यानी हर्बल रंग से ही होली का त्योहार मनाना चाहिए।

बाजारों में कई प्रकार के रंग, अबीर व गुलाल मौजूद हैं। केमिकल युक्त रंगों की चमक भी बाजारों में दमक उठी है, जिनमें सिथेटिक व आर्गेनिक तत्व शामिल होते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक यह रंग माइका, ग्लास पाउडर, अल्कालिस, लीड, बेंजीन व एरोमेटिक कंपाउंड के मिश्रण से बनाए जाते हैं, जो त्वचा और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक होते हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि हरे रंग में कॉपर सल्फेट होता है, जो आंखों के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। यहां तक कि यह अंधेपन का कारण भी बन सकता है। इसके अलावा अन्य रंगों से भी आंख को बचाना चाहिए। चर्म रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.डीपी शिवहरे ने बताया कि सबके पसंदीदा लाल रंग में मरकरी सल्फाइट होता है, जो त्वचा के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। इसके अलावा केमिकल युक्त सभी रंग त्वचा के लिए नुकसानदेय होते हैं, जिससे शरीर में दाने व दाग आदि की भी समस्या हो जाती है। रंगों को हटाने के लिए बेसन का प्रयोग किया जा सकता है, जो पूरी तरह प्राकृतिक है।

### बच्चों का रखें खास ख्याल

बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ.शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि होली के मौके पर बच्चों का विशेष रूप से ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि बच्चों की त्वचा बेहद संवेदनशील होती है, उनकी आंखें नाजुक होती हैं और उनका इम्यून सिस्टम अभी पूरी तरह विकसित नहीं होता। ऐसे में केमिकल युक्त रंगों में मौजूद भारी धातुएं और जलन पैदा करने वाले तत्व होते हैं, जिससे आंखों में जलन, लालिमा, सांस लेने में तकलीफ, गलती से रंग निगल जाने पर पेट की समस्या व संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।



### बैंगनी रंग एलर्जी व दमा के रोगियों के लिए खतरनाक

डॉ. मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.अवधेश कुमार ने बताया कि बैंगनी रंग में क्रोमियम आयोडाइड होता है, जो एलर्जी और दमा के रोगी के लिए बहुत ही खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए होली हमेशा प्राकृतिक रंगों से ही खेलनी चाहिए। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.युवराज गुलाटी ने बताया कि केमियुक्त रंग में मिले तत्व तंत्रिका तंत्र व गुर्दे को भी प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा रंगों में शामिल केमिकल शरीर के इम्योनोसिस्टम को भी प्रभावित करते हैं। इसलिए होली खेलने के बाद अपने शरीर को अच्छी तरह से साफ करना चाहिए।

# माता-पिता खो चुके बच्चों संग सजी होली

## जिलाधिकारी आवास पर अबीर गुलाल उड़ा तो खिली मुस्कान, कोविड काल में माता-पिता खो चुके हैं बच्चे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी आवास में रंगों का दृश्य कुछ अलग था। अबीर-गुलाल से रंगे चेहरे, बच्चों की सहज हंसी और आत्मीय संवाद आयोजन उन बच्चों के नाम रहा, जिन्होंने कोविड-19 महामारी में अपने माता-पिता को खो दिया था। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना से जुड़े बच्चों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनके साथ होली की खुशियां साझा की गईं।

मंगलवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी रश्मि सिंह ने बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसके बाद वे बच्चों के बीच बैठ गए। किसी से पढ़ाई के विषय पूछे, किसी से भविष्य का सपना। एक बच्चे ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई तो दूसरे ने इंजीनियर बनने का लक्ष्य बताया। जिलाधिकारी ने उनकी प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा, मार्गदर्शन या किसी भी जरूरत में प्रशासन पूरी जिम्मेदारी के साथ साथ रहेगा और इन बच्चों को आगे बढ़ने के हर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।



बच्चों के साथ होली मनाते डीएम व उनकी पत्नी अमृत विचार

- कुछ बच्चों के घर पिचकारी, रंग, कपड़े, उपहार भिजवाए

बताते चलें कि जनपद में सरकार की योजना से 22 बच्चे लाभान्वित हैं इनमें से 10 बच्चे अपने परिजनों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे जबकि शेष 12 बच्चों के घरों पर पिचकारी, रंग, नए कपड़े और मिठाई सहित उपहार भिजवाए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कानपुर की होली अपनी सांस्कृतिक परंपरा और आपसी सद्भाव के लिए जानी जाती है। उन्होंने अपील की कि पर्व को शांति, संयम और जिम्मेदारी के साथ मनाएं। रंगों का यह त्योहार तभी सार्थक है जब उसकी खुशियां समाज के हर उस बच्चे तक पहुंचें, जिसे सहारे की जरूरत है।



ईपीएफओ परिसर में खेली गई होली। अमृत विचार

### ईपीएफओ अधिकारियों, कर्मचारियों ने मनाई होली

**कानपुर।** ईपीएफओ के क्षेत्रीय एवं जोनल कार्यालय परिसर में होली का पावन पर्व अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ अधिकारियों, कर्मचारियों, पेंशनरों एवं सब्सक्राइबर (सदस्यों) ने एक साथ मिलकर रंगों के त्योहार को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में आए पेंशनरों एवं अंशधारकों का आत्मीय स्वागत किया गया। सभी ने आपसी सौहार्द, भाईचारे और समरसता का संदेश देते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 शाहिद इकबाल, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 प्रतीश सिंह एवं क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 कुमार अभिषेक ने विचार रखते हुए कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी सद्भाव, सहयोग और एकता का प्रतीक है। सभी ने संकल्प लिया कि विभागीय कार्यों को और अधिक पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

# आज-कल शहरियों को मिलेगा भरपूर पानी, टैंकर भी रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पानी नहीं आने पर 9235553826 या 9235553827 पर करें शिकायत

**अमृत विचार।** होली के मौके पर बुधवार को शहर में पानी की कमी नहीं होगी। जलकल विभाग द्वारा अतिरिक्त जलापूर्ति की जाएगी। ताकि शहरवासियों को रंग खेलने में पानी की बिल्कुल कमी न हो सके। इसके अलावा जलकल विभाग ने अब आपातकालीन स्थिति में पानी के 60 टैंकरों की भी व्यवस्था कर ली है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं।

होली के मौके पर बुधवार को रंग खेलने और उसके बाद रंग को छुड़ाने के लिए शहर में पानी की कमी न हो, इसकी व्यवस्था नगर निगम ने कर ली है। हाल में ही नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय द्वारा की गई समीक्षा बैठक में जलकल विभाग के अधिकारियों ने बताया था कि होली पर बुधवार व गुरुवार को जलकल विभाग द्वारा अतिरिक्त जलापूर्ति की जाएगी। लेकिन जब नगर आयुक्त ने शहर की जनसंख्या के हिसाब से होली खेले जाने का मंथन किया तो जलकल विभाग के अधिकारियों के इस तैयारी पर सवाल उठाते हुए इसपर बदलाव कर दिया है। नगर आयुक्त के मुताबिक जहां पर जल लाइन नहीं हैं, उन क्षेत्रों में टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यालय स्तर पर 15 टैंकर आरक्षित रखे जाएंगे। वहीं, आपातकालीन स्थिति में 60 टैंकर विभाग में मौजूद रखने होंगे। ताकि किसी भी प्रकार होली खेलने में दिक्कत न हो सके। यह व्यवस्था गुरुवार तक रहेगी। वहीं, अगर किसी को पेयजल व सीवर व्यवस्था के संबंध में कोई दिक्कत पहुंचती हैं तो वह जलकल विभाग मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9235553826 या 9235553827 पर शिकायत भी कर सकते हैं। इसके अलावा लोग अपने-अपने जोन के जोनल अभियंताओं के मोबाइल नंबरों पर भी सीधे भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं, उन्होंने जलकल विभाग को तीन त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित करने और सभी दल को 24×7 सक्रिय रहकर शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

# रंग, गुलाल बढ़ा सकते सांस रोगियों की तकलीफ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होली पर उमंग और उत्साह के बीच सेहत का ध्यान रखना भी है जरूरी
- रंग-गुलाल में मिले छोटे कण श्वसन तंत्र व फेफड़ों में पहुंचा सकते हैं नुकसान

**अमृत विचार।** होली का त्योहार अपने साथ खुशियां और उत्सव लेकर आता है। मिठाई, रंग, गुलाल व अबीर और लोगों से मेल-मिलाप होली और भी खास बन जाती हैं। हालांकि होली के उमंग व उत्साह के बीच सेहत का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। ऐसे में बुधवार यानी आज सबसे अधिक उन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है, जिनको पहले से सांस की समस्या, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या फिर फेफड़ों की बीमारी है। वहीं, अधिक शराब भी स्वास्थ्य बिगड़ सकती है।

होली के दिन चारों तरफ उड़ने वाले रंग, गुलाल व अबीर सांस की समस्याओं के शिकार लोगों की परेशानी को बढ़ा सकते हैं। वातावरण में फैले रंगों के कारण सांस लेने में दिक्कत व सांस फूलने की समस्या हो सकती है। कुछ लोगों में एलर्जी की वजह से भी सांस लेने में कठिनाई होती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध डॉ.मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में प्रोफेसर डॉ.संजय वर्मा ने बताया कि अस्थमा, फेफड़ों की गंभीर बीमारी है, जिसमें सांस की नली में सिकुड़न और सूजन हो जाती है। सांस लेने में कठिनाई, खांसी और सीने में दर्द का खतरा होता है। वातावरण की कई प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण अस्थमा रोगियों की स्वास्थ्य जटिलाताएं बढ़ने का खतरा भी रहता है। ऐसे में इन मरीजों के लिए रंग व गुलाल से वातावरण में बढ़ा प्रदूषण भी इसका एक जोखिम कारक हो सकता है। क्योंकि होली के कुछ रंग व गुलाल के पाउडर में बहुत से छोटे कण होते हैं, जिससे न सिर्फ फेफड़ों की दिक्कत बढ़ती है। बल्कि ये श्वसन तंत्र के लिए भी गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही अस्थमा या सांस की दिक्कत है, उनको सावधानी पूर्वक रंग, गुलाल व अबीर के संपर्क में आना चाहिए।

**डायबिटीज व हृदय रोगी भी बरतें सावधानी :** एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि होली पर डायबिटीज व हृदय रोग और अन्य क्रोनिक बीमारियों के शिकार लोगों के लिए थोड़ी शराब और तेल व भुने भोजन भी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते है। इसलिए नमक की अधिक मात्रा वाले स्नैक्स जैसे पपड़ी, समोसे आदि से बचें। क्योंकि ये ब्लड प्रेशर बढ़ा सकते हैं।

### अधिक शराब पीने से पहुंच सकते हैं अस्पताल

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. एसके गौतम ने बताया कि होली में अधिक शराब पीने से कई लोगों में स्वास्थ्य संबंधित समस्या बढ़ जाती है। शराब पीने के कारण कई लोगों में अल्कोहल पॉइजनिंग की भी दिक्कत देखी जा चुकी है। क्योंकि रक्त में बहुत अधिक अल्कोहल होने से शरीर इसे अच्छी तरह से बाहर नहीं निकाल पाता है और कुछ स्थितियों में इसके गंभीर और जानलेवा दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। रक्त में बहुत अधिक अल्कोहल होने के कारण उल्टी होना, बेहोशी, भ्रम की स्थिति के साथ हृदय गति कम होने, सांस लेने में कठिनाई, शरीर का तापमान कम होने और पाचन तंत्र में भी दिक्कत हो सकती है।

# बच्चों का पसंदीदा मंझला रोजा आज, रोजा कुशाई

**कानपुर।** रमजान-उल-मुबारक के महीने में 14 वां रोजा मंझला रोजा के नाम से जाना जाता है, ये रोजा विशेषकर बच्चों का पसंदीदा रोजा है इसके लिए वाल्दैन रोजा रखने वाले बच्चों को उपहार देते हैं और घरों में पकवान बनता है ताकि बच्चों की हौसला अफजाई हो। जो बच्चे पहली बार रोजा रखते हैं, उनकी रोजा कुशाई की जाती है।

बुधवार को हजारों बच्चे मंझला रोजा रखेंगे जिसके लिये तैयारियां शुरु हो गयी हैं। विशेषकर बच्चियां इस रोजे का इंतजार करती हैं, 8 से 10 वर्ष के बच्चे भी रोजा रखने की कोशिश करते हैं और रोजा पूरा भी करते हैं। जो बच्चे पहली बार इसके पीछे की एक वजह ये भी है कि इस विशेष आयोजन से बच्चों में रोजा रखने के प्रति हौसला आता है।

# आज ट्रेनों में आसानी से आरक्षण कल से सीटों के लिए मारामारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नार्थईस्ट, कालका, जोगबनी समेत कई ट्रेनों में मारामारी जारी
- लंबी दूरी की ट्रेनों में एक-एक बर्थ पाने के लिए जूझ रहे यात्री

**अमृत विचार।** बुधवार को वंदेभारत, शताब्दी जैसी ट्रेनों से यदि आप कानपुर से नई दिल्ली, गोरखपुर जाना चाहते हैं तो ट्रेनों में आरक्षण आसान है लेकिन यदि आप लंबी दूरी की यात्रा करने की सोच रहे हैं तो उन ट्रेनों में मारामारी बरकरार है। गुरुवार से आपको कई गुना अधिक किराया देने के बाद भी सीट नहीं मिलेगी।

होली के चलते ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है लेकिन उसके बाद भी अजमेर सियालदह, नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस, जोगबनी एक्सप्रेस, कालका मेल, नीलांचल एक्सप्रेस जैसी तमाम ऐसी ट्रेनें हैं जिनमें आरक्षण की मारामारी जारी है। हालांकि विभिन्न कारणों से कई ट्रेनें निरस्त चल रही हैं लेकिन कई स्पेशल ट्रेनें भी चलाई गई हैं जिससे यात्रियों का बड़ी राहत है लेकिन गुरुवार से ट्रेनों में फिर वही एक एक बर्थ के लिए मारामारी शुरु हो जाएगी। हालांकि होली पर भीड़ को समेटने के लिए रेलवे ने पुणे-दानापुर एक्सप्रेस, उधना बरौनी एक्सप्रेस, बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस आदि स्पेशल ट्रेनें संचालित की है लेकिन यात्रियों के लिए ट्रेनों की संख्या कम पड़ रही है।

**झकरकटी बस अड्डा पर 300 बसें खाली :** बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस, शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर होली में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए चलाई गई विशेष बसों में मंगलवार को यात्री नहीं मिले जिससे लगभग 300 बसें बस अड्डे पर खड़ी हैं क्योंकि उनको यात्री नहीं मिल रहे हैं।

### कानपुर की फ्लाइट में भी सीटें खाली

कानपुर से उड़ान भरने वाली इंडिगो एयरलाइंस की सभी फ्लाइट मंगलवार को फुल रहीं जबकि बुधवार को कानपुर से दिल्ली, कानपुर से मुंबई, कानपुर से हैदराबाद, कानपुर से बेंगलुरु, की फ्लाइट में सीटें खाली हैं लेकिन गुरुवार को इन फ्लाइट का किराया कई गुना देने के बाद भी सीट नहीं मिलेगी।



संत निरंकारी सत्संग के उद्घाटन में जुटे श्रद्धालु-भक्त अमृत विचार

# निराला नगर ग्राउंड पर निरंकारी समागम, संतों ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संत निरंकारी मिशन द्वारा विशाल एक दिवसीय प्रादेशिक निरंकारी संत समागम का आयोजन 22 मार्च को निराला नगर ग्राउंड पर होगा। इसमें प्रदेशभर से हजारों निरंकारी श्रद्धालु-भक्त सम्मिलित होंगे। जिसका उद्घाटन विभिन्न प्रांतों से आए संतों ने किया।

निरंकारी मिशन के प्रचार-प्रसार एवं सेवादल के मेंबर इंचार्ज मोहन छाबड़ा, मुंबई से आए वयोवृद्ध संत शंभूनाथ तिवारी तथा दिल्ली से आए निरंकारी सेवादल के केंद्रीय उप मुख्य संचालक शुभकरन की उपस्थिति में सेवा कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों एवं मिशन के स्वयंसेवकों सेवादल के भाई बहन ने मिलजुलकर समागम की अग्रिम सेवा में उत्साह, अनुशासन और समर्पण भाव से अपना योगदान प्रदान किया।

यात्रा

स्टेशनों पर यात्री सहायता काउंटर, अनाउंसमेंट प्रणाली, यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़, हेल्प डेस्क भी स्थापित की गईं

# होली में वापसी पर उमड़ेगी भीड़, 625 अतिरिक्त ट्रेनें लगाई गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली के त्योहार के देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 625 गाड़ियों की व्यवस्था की है क्योंकि रेलवे अफसरों का मानना है कि होली का त्योहार खत्म होते ही लोग अपने अपने काम पर परिवार को लेकर तुरंत जल्दी पहुंचने की कोशिश करेंगे ऐसे में ट्रेनों की जरुरत पड़ेगी।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इसी के मद्देनजर मण्डल रेल प्रबन्धक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर रेल गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। इस माह यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित गाड़ियों के अतिरिक्त मंडल द्वारा एवं विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे द्वारा संचालित 625 विशेष गाड़ियों की सुविधा प्रदान की जा रही है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं आवश्यकता को ध्यान में रखकर गाड़ियों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है । प्रयागराज परिक्षेत्र के सभी स्टेशनों जिसमें सूबेदारगंज, प्रयागराज जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी से इस माह कुल 339 विशेष गाड़ियों का आवागमन किया जाएगा जिसमें कुछ गाड़ियां कानपुर होकर चलेंगी। 01 मार्च से 03 मार्च 2026 के दौरान 75 विशेष गाड़ियों का आवागमन हुआ है। प्रमुख स्टेशनों पर यात्री सहायता काउंटर, अनाउंसमेंट प्रणाली एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया तथा आवश्यकतानुसार हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार इस महीने कानपुर परिक्षेत्र के स्टेशनों से नियमित गाड़ियों के अतिरिक्त कुल 377 गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । 01 मार्च से 03 मार्च 2026 के दौरान कानपुर परिक्षेत्र से 84 गाड़ियों का आवागमन हुआ है । इस अवधि में अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था, प्लेटफार्म प्रबंधन तथा सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि होली के मद्देनजर मंडल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान एवं सतत निगरानी रखी जा रही है। स्टेशनों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालयों की नियमित सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। भीड़ नियंत्रण हेतु वाणिज्य कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। अनाउंसमेंट प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को समय-समय पर आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रमुख स्टेशनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

### सूबेदारगंज से गोविंदपुरी होते हुए उधना स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** होली त्योहार के बाद यात्रियों को वापसी के लिए सूबेदारगंज (प्रयागराज) से गोविंदपुरी, उरई होते हुए उधना तक विशेष ट्रेन उपलब्ध रहेगी। ये ट्रेन 9 मार्च से 30 मार्च तक सप्ताह में दो दिन उपलब्ध रहेगी। इस ट्रेन में पार्सल के 2 डिब्बे, जनरल 7, स्लीपर 11 और थर्ड एसी के 2 डिब्बे होंगे।

- गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को चलेगी।
- गाड़ी संख्या 04156 उधना से प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चलेगी।
- गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज से प्रात: 11.40 बजे, फतेहपुर दोपहर 1.10 बजे, गोविंदपुरी दोपहर 2.55 बजे, पुखरायां सायं 4.30 बजे, उरई सायं 5.20 बजे, झांसी सायं 7.35 बजे, ललितपुर रात 8.50 बजे, बीना रात 11 बजे, उधना दोपहर 1.15 बजे पहुंचेगी।
- गाड़ी संख्या 04156 उधना से सायं 4.15 बजे रवाना होगी। भुसावल रात 10.15 बजे, बीना प्रात: 9.40 बजे, ललितपुर प्रात: 10.38 बजे, झांसी दोपहर 12.35 बजे, उरई दोपहर 3 बजे, पुखरायां सायं 4 बजे, गोविंदपुरी सायं 5.35 बजे, फतेहपुर सायं 7 बजे, सूबेदारगंज रात 9 बजे पहुंचेगी।



अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 4 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### ई रिक्शा की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** रेलवे स्टेशन के समीप ई रिक्शा की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। जिसे गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाक्षेत्र कुरारा के ग्राम पोथीपुर निवासी देवला (38) पुत्र राजा निषाद क्षेत्र के डीहा डेरा में अपनी ससुराल आया हुआ था। सोमवार की सुबह जब वह बाइक द्वारा वापस अपने गांव लौट रहा था तभी रेलवे स्टेशन के समीप ई रिक्शा की टक्कर लगने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लोगों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### किशोरी ने लगाया फंदा अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी के डेरा में एक बालिका ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जानकारी होते ही परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी के मजरा अतरैया डेरा निवासी चांदनी (15) ने फांसी लगा ली इसकी जानकारी होते ही परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

### सब्जी विक्रेता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या 6 कपड़िया मुहाल में मंगलवार को तड़के सब्जी विक्रेता ने फांसी लगा ली। परिजनों की नजर पड़ने पर उसे फांसी से उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वार्ड संख्या 6 कपाड़िया मुहाल निवासी अरुण कुमार 18 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के बड़े भाई राजन ने बताया कि सबसे छोटे भाई अरुण कुमार ने मंगलवार को तड़के घर में ही फांसी लगा ली। फांसी पर लटका देखकर उसे उतार कर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### युवक ने घर में फंदा लगाकर दे दी जान

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत सुदिनपुर गांव में सोमवार देर रात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी तेज बाबू यादव (25) ने रात लगभग 12 बजे घर में पंखे से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### ई-रिक्शा पलटने से घायल बालक की इलाज के दौरान मौत

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** सरैया चौकी अंतर्गत गढ़चंपा ककरौहली गांव में सोमवार रात ई-रिक्शा पलटने से कक्षा पांचवीं का छात्र 10 वर्षीय राहुल पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं कि चालक श्रवण पुत्र हरिदर्शन पहिये में फंसी झाड़ियों को निकाल रहा था, तभी रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और राहुल उसके नीचे दब गया। घायल बालक को सीएचसी मानिकपुर से जिला अस्पताल और फिर प्रयागराज रिफर किया गया, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। प्रयागराज में पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार शाम शव गांव लाया गया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू सिंह ने जिला अस्पताल व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

# अधर्म की आंच में जलीं बुराइयां, आज बरसेगा रंग

## शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन, गुझिया की मिठास के लिए खोवा मंडी में उमड़ी भारी भीड़, हर तरफ दिख रहा उत्साह

संवाददाता, मौदहा/ हमीरपुर


शहर के रमेड़ी मोहल्ले में होलिका दहन।


मौदहा में दुकानों में सजी रंग-बिरंगी पिचकारियां। अमृत विचार


मौदहा कस्बे की खोवा मंडी में लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व होली मुख्यालय सहित पूरे जनपद में पारंपरिक जोश और श्रद्धा के साथ शुरू हो गया है। मंगलवार की रात जैसे ही शुभ मुहूर्त की घड़ी आई, विभिन्न चौराहों पर मंत्रोच्चारण के बीच होलिका दहन संपन्न हुआ। इसके साथ ही 'बुरा न मानो होली है' के जयघोष ने फिजाओं में उत्सव का रंग घोल दिया।

सोमवार को जिला मुख्यालय के सभी प्रमुख मोहल्लों में होलिका दहन के कार्यक्रम हुए। रात लगभग 1 बजे शुभ मुहूर्त में श्रद्धालुओं ने होलिका की अग्नि प्रज्वलित की। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए होलिका की परिक्रमा की और गोबर के बड़कुले, धान की बालियां व अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की खुशहाली की कामना की। जैसे ही अग्नि प्रज्वलित हुई, युवाओं की टोली ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले लगाया और त्योहार की आधिकारिक शुरुआत की। इस वर्ष त्योहार पर बाजार का मिजाज थोड़ा बदला हुआ नजर आ रहा है।

एक तरफ जहां सजावट और रंगों की दुकानों पर व्यापारियों के चेहरों पर थोड़ी मायूसी है, वहीं खाने-पीने की चीजों की मांग आसमान छू रही है। रंग 10 से 50 रुपये तक, पिचकारी 20 से 500 रुपये तक, गुलाल 20 रुपये प्रति 100 ग्राम। वहीं खोवा 450 से 500 रुपये प्रति किलो में बेचा जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार इस बार ग्राहक में सुस्ती है। होली की सबसे खास डिश गुझिया बनाने के लिए खोवा मंडी में पैर रखने की जगह नहीं बची है। महंगाई के बावजूद लोग त्योहार की मिठास में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते, जिससे खोया बाजार और डेयरी में सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं।

त्योहार के दौरान शांति और भाईचारा बना रहे, इसके लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के मौदहा कस्बे के थाना चौराहा, मराठीपुरा, मीरा तालाब, सिचौली पुरवा, फतेपुर और कांजी हाउस समेत विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया। वहीं उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में संवेदनशील इलाकों में बराबर फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### रंगों की बौछार से बौछार से सोशल मीडिया सराबोर

**हमीरपुर।** सोमवार की देर रात नगर व ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन का कार्यक्रम विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। इसके बाद मंगलवार को लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को होली की बधाई दी, लेकिन जमीनी स्तर पर रंग-गुलाल का उत्साह नजर नहीं आया। बाजारों और मोहल्लों में सन्नाटा पसरा रहा। सरकारी आदेशों के तहत रविवार से बुधवार तक होली पर्व का अवकाश घोषित किया गया है। परंपरा के अनुसार सोमवार देर रात होलिका दहन किया गया। नगर क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी वैदिक मंत्रोच्चार और अग्नि प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम आयोजित हुए। मंगलवार को हालांकि होली का दिन माना गया, लेकिन रंग खेलने का माहौल नहीं दिखा। विद्वानों का कहना है कि धर्म शास्त्रों के अनुसार इस वर्ष रंगों की होली बुधवार को परंपरागत रूप से मनाई जाएगी। इसी कारण अधिकांश लोग बुधवार को ही रंग-गुलाल के साथ होली मनाने की तैयारी में जुटे हुए है।

### रामकृष्ण खत्री की जयंती मनाई गई

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने काकोरी काल के एक महत्वपूर्ण क्रांतिकारी रामकृष्ण खत्री की जयंती पर श्रद्धांजलि की।

उन्होंने कहा कि रामकृष्ण खत्री भारत मां के समर्पित सूरमा थे, इनका जन्म 03 फरवरी 1902 में महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के चिखली गांव में शिवलाल चोपड़ा तथा कृष्णा बाई के घर हुआ था। क्रांतिकारी आन्दोलन में भूमिका निभाई। 1925 की काकोरी ट्रेन केस में इन्हें दस वर्ष का कठोर कारावास हुआ था। क्रांतिकारियों के अर्ध शताब्दी समारोहों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काकोरी शहीद स्मृति अंक निकालने में योगदान रहा। हिन्दी, गुरुमुखी, मराठी तथा अंग्रेजी के ज्ञाता थे। शहीदों की छाया में कृति लिखी। पांच पुत्र थे। तीसरे पुत्र उदय के साथ लखनऊ में रहते थे। 18 अक्टूबर 1996 में लखनऊ में निधन हुआ था। यहां सिद्धा, महावीर प्रजापति, पंकज सिंह, प्रेम, सागर, प्रिंस, रिचा, महावीर प्रजापति, रामनारायन सोनकर, रामबाबू, होरीलाल, बाबूलाल, सतेन्द्र, राहुल, विकास आदि रहे।

# खाड़ी देशों में युद्ध से पर्व फीका

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मौदहा क्षेत्र के तमाम परिवारों के सदस्य खाड़ी देशों में करते काम

**अमृत विचार।** खाड़ी देशों में युद्ध की खबरों ने क्षेत्र के उन परिवारों की चिंता बढ़ा दी है, जिनके सदस्य विदेशों में हैं। कस्बे व ग्रामीण इलाकों में होली और रमजान-ईद जैसे त्योहारी माहौल के बीच इस बार उत्साह फीका नजर आ रहा है।

होली और रमजान के दौरान खाड़ी देशों की खबरों ने चिंता बढ़ा दी है। बड़ी संख्या में स्थानीय युवक संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर आदि देशों में हैं। बताते चलें कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन ने क्षेत्रभर में सर्वे शुरू कर दिया है। जिन परिवारों के सदस्य खाड़ी देशों में नौकरी कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उनकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। विकासखंड के गुसियारी गांव के लगभग चार सैकड़ा से अधिक युवक खाड़ी देशों में रोजगार कर अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रहे हैं। गांव निवासी सुमित, जो दुबई में बुर्ज खलीफा के निकट एक स्थान पर कार्यरत है, अपने भाई अमित से फोन पर बातचीत में बताया कि उसे दुबई प्रशासन द्वारा सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और फिलहाल बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। उसने अपील की कि यदि भारत सरकार की ओर से कोई फार्म या सूचना जारी की जाए तो उसमें अवश्य भाग लें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो सके। इसी प्रकार गांव के कलंदर शेख ने अपने तीन पुत्रों से, जो रियाद (सऊदी अरब) के एक शॉपिंग मॉल में कार्यरत हैं, वीडियो कॉल पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि वे सुरक्षित हैं और नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं। साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी किसी भी दिशा-निर्देश का पालन करने की अपील की। इस संबंध में उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि जिनके परिजन विदेशों में कार्यरत हैं, वे उनकी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

### चंदौखी मार्ग बनने से खुशी की लहर

**पौथिया (हमीरपुर)।** बैठका धाम से चंदौखी होते हुए कानपुर-सागर हाईवे तक 5 किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य चालू होने पर किसानों सहित आसपास के ग्रामीणों के चेहरों पर मुस्कान छा गई है।

लोक निर्माण विभाग 1.48 करोड़ से इसका निर्माण कराएगी। सबसे ज्यादा फायदा कीरतपुर गांव को होगा। यह लिंक मार्ग दो दशक से गड्ढों में तब्दील था। सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति के प्रयासों से धन स्वीकृति होते ही सड़क बनना चालू हो गया। यह सड़क बनने पर कलौलीतीर सहजना, छिटनपुर बरदहा, पौथिया सहित गांवों को अधिक फायदा होगा।

# बंद कमरे में मिला सफाईकर्मी का शव

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- घर से तेज दुर्गंध आने पर पड़ोस के लोगों ने पुलिस को दी सूचना
- 26 फरवरी से लापता था युवक 3 दिन पहले पुलिया से गिरा था


घटना के बारे में छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर कस्बे के बंद घर में अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

कस्बे के हुसैनगंज का अनिल कुमार उर्फ़ बबलू (48) पुत्र बुद्धू नगर पालिका में मृतक आश्रित कोटे से सफाई कर्मचारी था। मंगलवार को उसके घर से दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मोहल्ले वालों के सामने दरवाजा खोला तो अनिल कुमार का शव पड़ा था, जो दो- तीन दिन पहले का प्रतीत हो रहा था। फॉरेंसिक टीम और सीओ राजकुमार पाण्डेय ने जांच की। अनिल शराब पीने का आदी था, जिसके चलते पत्नी बच्चों को लेकर डेढ दशक पहले मायके चली गई थी। बताते हैं कि दो-तीन दिन पहले वह शराब पीकर पुलिया से गिर गया था, जिसे मोहल्ले वालों ने निकाला था। इसके बाद से वह नहीं दिखा। अनिल कुमार अपने परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था और अकेले रहता था।

# प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव से जच्चा की गई जान, बच्चा गंभीर

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** निजी अस्पताल के जिम्मेदारों पर एक बार फिर लापरवाही का आरोप लगा है। एक गर्भवती के परिजनों को बरगलाकर जिला अस्पताल के आसपास घूमने वाले दलाल एक निजी अस्पताल में ले गए। प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव होने पर वहां के चिकित्सक ने इसे अन्य जगह ले जाने को कह दिया। रास्ते में प्रसूता की मौत हो गई। वहीं नवजात की हालत गंभीर है और उसे आईसीयू में रखा गया है। डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतका के परिजनों ने अस्पताल के सामने शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। समाचार भेजे जाने तक अधिकारी उनको समझाने में जुटे थे।


अस्पताल के पास मौजूद परिजन और अन्य लोग। अमृत विचार

- परिजनों ने लगाया लापरवाही बरतने का आरोप, हंगामा

बताया जाता है कि सुमन निषाद पत्नी अवधेश निषाद निवासी बंबूरा थाना मऊ को प्रसवपीड़ा पर जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। दलालों ने सुमन को बरगलाकर निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां पर प्रसव के बाद सुमन का रक्तस्राव बढ़ता गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे अस्पताल के प्रबंधन ने आननफानन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए मंझनपुर (कौशांबी) अपने वाहन से भेज दिया, जहां प्रसूता की मौत हो गई। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने आरोप लगाया कि जिले में प्राइवेट चिकित्सालयों में रुपये लूटने का काम जोरों पर चल रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कृपा भी है। इसी तरह के एक अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला चिकित्सालय के दलालों ने सुमन को बरगलाकर निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हो गई। कहा कि महिला के परिजनों को न्याय न मिलने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। महिला अत्यंत गरीब परिवार से है। सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम किए जाते हैं लेकिन महिलाओं को इलाज तक नहीं मिल पाता।

उधर, इस संबंध में सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि लापरवाही पर दो निजी अस्पतालों का पंजीयन निरस्त किया जा चुका है। आगे भी जांच की जा रही है। बताया कि इस मामले की भी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर, अस्पताल प्रबंधन से पक्ष नहीं जाना जा सका।

### कृषि विज्ञान केंद्र में बनेगा प्रशिक्षण केंद्र

**चित्रकूट।** कृषि विज्ञान केंद्र गनींवा को राज्य कृषि विकास योजना के तहत 485 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे प्राकृतिक खेती तकनीकी अनुप्रयोग एवं आवासीय प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी। बताया गया कि इससे 100 किसान क्षमता वाला आवासीय प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां किसानों को चरणबद्ध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जीवाणु खाद एवं जैव कीटनाशी उत्पादन प्रयोगशाला की स्थापना भी की जाएगी, जिससे प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाली जीवाणु खादों एवं जैव कीटनाशी उत्पादित करने एवं फसल में इनके उपयोग विधि का व्यवहारिक ज्ञान कृषको को प्रशिक्षण के माध्यम से दिया जाएगा। आशा जताई जा रही है कि यह परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। केंद्र बुंदेलखंड के किसानों के लिए प्रशिक्षण, नवाचार एवं तकनीकी मार्गदर्शन का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# दवा लेकर लौट रहे किसान की वाहन ने छीन ली जान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास बाइक सवार को मारी टक्कर

**अमृत विचार।** जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र में सोमवार रात बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइकसवार युवा किसान की मौत हो गई। त्योहार के मौके पर हुए हादसे से घर में मातम पसर गया।

राजू यादव (35) निवासी बांदा सोमवार देर शाम जानकीकुंड अस्पताल से अपने परिजन की दवा लेकर घर लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे के समीप एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राजू को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर पहुंचाया, जहां से डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में करीब दो घंटे तक चले उपचार के बाद राजू ने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजू खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। भरतकूप थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चार पहिया वाहन और बाइक के बीच टक्कर हुई थी। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पांच को चित्रगुप्त मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

**चित्रकूट।** पुरानी बाजार स्थित प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर में पांच मार्च को चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना होगी। यह जानकारी कायस्थ समाज के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र श्रीवास्तव उर्फ खरेजी ने दी। बताया कि पूजा पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। उन्होंने कायस्थ समाज के सभी लोगों से इसमें समय से पहुंचने की अपील की है।

**परपंरा** चित्रकूट और कौशांबी के पड़ोसी गांवों में सदियों पुरानी बैजला परंपरा आज भी कायम

# मऊ सहित 24 गांवों में कल खेली जाएगी होली

संवाददाता, मऊ चित्रकूट


मऊ में सजी रंगों की दुकान, यहां कल मनेगा त्यौहार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूरे जिले में रंगोत्सव पर्व आज है। ग्रहण और अन्य अशुभ संयोगों से बचने के लिए होलिका दहन तो सोमवार रात किया गया पर रंग बुधवार को खेला जाएगा। हालांकि मऊ और आसपास के गांवों में एक दिन बाद यानी गुरुवार को होली खेली जायेगी।

मऊ क्षेत्र में होली का पर्व एक दिन बाद मनाने की परंपरा रही है। क्षेत्र के पुराने जानकार बताते हैं कि होली का पर्व यमुना की तराई में बसे कौशांबी जनपद के बारह गांव व चित्रकूट जनपद के विकास खंड मऊ अंतर्गत 12 गांवों में होली के अगले दिन रंग खेलने की सदियों पुरानी परंपरा है। सोमवार की रात यहां पर होलिका दहन तो हुआ लेकिन मंगलवार को चंद्रग्रहण पड़ गया और बुधवार को बैजला रहेगा। इन चौबीस गांवों में होली के अगले दिन लोग धूमधाम से होली मनाते हैं। यहां गुरुवार को होली मनाई जाएगी। लोगों के घरों में तरह तरह के पकवान बनेंगे और रंग, अबीर गुलाल लगाकर धूमधाम से होली खेली जाएगी। वहीं होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है। मऊ क्षेत्राधिकारी फहद अली ने लोगों से अपील की कि क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली का त्यौहार मनाएं। बताया कि अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जगह जगह पर पुलिस नजर बनाए हुए है। त्यौहार में सौहार्दपूर्ण वातावरण को ख़राब करने वालों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### होली के दिन क्यों मनाते हैं बैजला



वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी बताते हैं कि बैजला के संदर्भ में लोगों के बीच तरह तरह की किंवदंतियां हैं। समय के अनुसार कहानी की वास्तविक सच्चाई जरूर धूमिल हो गई हो लेकिन कहानी का संदेश स्पष्ट है एवं उसकी परंपरा का निर्वहन लोग आज भी कर रहे हैं। बताते हैं कि क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग बैजला पर तरह तरह के विचार रखते हैं। कुछ लोगों का कहना है कि अंग्रेजों के शासन काल में मऊ के जमींदार बैजनाथ तिवारी की होली के ही दिन मौत हो गई थी तो कुछ लोगों का कहना है कि जमींदारी के विश्वासपात्र बैजू नाम के एक व्यक्ति थे, जो फाग बहुत अच्छा गाते थे। किसी कारणवश होली के दिन इनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई तो बैजू के घरवालों ने जमींदार से उनकी याद में कुछ अलग करने का निवेदन किया। इसे मानते हुए जमींदार ने जिनकी 24 गांवों में जमींदारी थी वहां पर होली के दिन रंग न खेल के अगले दिन रंग खेलने की परंपरा डाल दी, जिसका पालन आज भी लोग करते हैं।

# लोग बोले, महंगाई की मार से फीके हो रहे होली के रंग

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** होली हिंदुओं का पवित्र त्योहार है। रंगों का यह त्योहार महंगाई की मार से फीका हो रहा है। लोगों का कहना है कि बाजारों में वह भीड़ अब नजर नहीं आती, जो कई साल पहले दिखती थी। इसकी सबसे बड़ी वजह महंगाई है।

होली का त्योहार विजय का प्रतीक है। भगवान विष्णु ने नरसिंह का रूप धरकर हिरण्याकश्यप की बहन होलिका को अग्नि में भस्म कर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी। यह त्योहार हमें अपने जीवन में सकारात्मक सोच से सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। रंगों का यह त्यौहार महंगाई की मार से प्रभावित हुआ है। लोगों ने होली को नवीकरण का प्रतीक कहा, जो हमें अपने जीवन में नए और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है। होलिका में नकारात्मक शक्तियों का दहन किया जाता है। यह हमें अपने जीवन में सत्य, न्याय, प्रेम, और भाईचारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। क्या ही अच्छा हो कि महंगाई कम हो, जिससे लोगों को यह त्योहार मनाने में सहूलियत हो। सरकार को इस ओर ध्यान देकर नीतियां बनानी चाहिए।

### रंग और सामान दोनों में महंगाई की मार : सुनील



समाजसेवी सुनील मिश्रा का कहना है कि होलिका दहन बुरी शक्तियों के नाश का प्रतीक है, जो हमें अपने जीवन में बुरी आदतों और विचारों को छोड़ने के लिए प्रेरित करता है। हालांकि अब महंगाई से लोगों को काफी दिक्कत हुई है। रंगों और त्योहार में बनने वाले पकवानों का सामान भी महंगा हुआ है

### सरकार को ध्यान देना चाहिए : संजीव मिश्रा



नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि होलिका दहन और होली हिंदू त्योहार मानव जीवन को नई ऊर्जा के साथ जीने का संदेश देती है। हालांकि महंगाई की वजह से लोगों को त्योहारों में अब काफी सोचसमझकर खर्च करना पड़ता है। महंगाई पर रोक लगाने की आवश्यकता है।



मन में कृष्ण को बसाकर, उनके भक्त बनकर और निस्वार्थ कर्म (पूजा) करके ही व्यक्ति आनंद और प्रेम के रंग से भर सकता है, जो होली के वास्तविक संदेश "आंतरिक शुद्धता और प्रेम" के अनुकूल है। -श्रीमद् भागवत गीता



# जंग का बढ़ता दायरा

पश्चिम एशिया बारूद के ढेर पर है। इज़राइल द्वारा ईरान के सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों पर व्यापक बमबारी के जवाब में ईरान की बहुस्तरीय प्रतिघात रणनीति ने संघर्ष को सीमित झड़प से क्षेत्रीय युद्ध की दिशा में धकेल दिया है। अब यह टकराव केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि व्यापक त्रासदी का कारण बनता लग रहा है। दोनों पक्ष अपने-अपने नैरेटिव में आत्मरक्षा और निवारण का हवाला दे रहे हैं, किंतु परिणामस्वरूप युद्ध की परिधि बढ़ती जा रही है। यह ठीक है कि यह युद्ध किंचित लंबा चले पर रूस यूक्रेन की तरह वर्षों तक नहीं चलेगा क्योंकि ईरान की परमाणु क्षमता और उसका क्षेत्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क-हिज्बुल्लाह, हमास, हूती पहले जितने मजबूत नहीं है पर ईरान ने तीन-चरणीय जवाबी योजना के तहत सीधे हमलों के साथ-साथ क्षेत्रीय मोर्चों को भी सक्रिय करने की जो रणनीति बनाई है वह इस बहाने के साथ कि वह 'आक्रामकता का जवाब' दे रहा है, युद्ध को व्यापक बनाएगी। उसका दावा है कि अमेरिकी ठिकाने उसके वैध लक्ष्य हैं। खाड़ी देशों की स्थिति सबसे जटिल है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश ईरान के प्रभाव से चिंतित हैं, पर वे खुलकर युद्ध में कूदने से बचना चाहते हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य ऊर्जा अवसंरचना और समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। यदि संघर्ष फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य तक फैलता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर तात्कालिक असर पड़ेगा। खाड़ी में काम करने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा और प्रेषण या रिमिटेंस भी दांव पर हैं। किसी एक पक्ष की खुली हिमायत दीर्घकालिक हितों को नुकसान पहुंचा सकती है इसलिए सभी पक्षों से संयम और संवाद की अपील करके कूटनीतिक रूप से भारत संतुलन की नीति पर चल रहा है। यह रुख इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि भारत के इजराइल, ईरान और अरब देशों-तीनों से रणनीतिक संबंध हैं।

रक्षा-सुरक्षा के स्तर पर यह युद्ध ड्रोन, मिसाइल और साइबर क्षमताओं के नए आयाम दिखा रहा है। बहुस्तरीय वायु-रक्षा प्रणालियां, सटीक-मारक मिसाइलें और समुद्री नाकेबंदी की संभावनाएं भविष्य के युद्धों की झलक देती हैं। अमेरिका की नौसैनिक मौजूदगी और इजराइल की इंटेलिजेंस-ड्रिवन स्ट्राइक क्षमता एक ओर है, दूसरी ओर ईरान की असममित रणनीति-प्रॉक्सी नेटवर्क और मिसाइल भंडार है। यदि लेबनान, इराक या यमन के मोर्चे पूरी तरह सक्रिय हुए, तो संघर्ष का दायरा और बढ़ेगा। इस बात की चर्चा जायज है कि यह 'नए विश्व-क्रम' की आहट है। संभव है कि यह टकराव क्षेत्रीय गठबंधनों को पुनर्परिभाषित करे-इजराइल और कुछ अरब देशों के बीच सामरिक समीकरण मजबूत हों, जबकि ईरान-रूस-चीन समीपता बढ़े। युद्ध की अवधि, जनमत, आर्थिक लागत और कूटनीतिक हस्तक्षेप-ये सभी कारक भविष्य में इसकी दिशा तय करेंगे। यह संघर्ष जितना सैन्य है, उतना ही मनोवैज्ञानिक और आर्थिक भी। बाजारों की घबराहट, तेल की कीमतें, शरणार्थी संकट और साइबर हमलों का जोखिम-सब मिलकर इसे वैश्विक चिंता का सबब बना रहे हैं। विश्व समुदाय के लिए चुनौती यह है कि वे संतुलित कूटनीति, ऊर्जा-विविधीकरण और नागरिक सुरक्षा की ठोस तैयारी के साथ आगे बढ़ें। क्योंकि इतिहास गवाह है युद्ध की आग सीमाओं में नहीं सिमटती।

## प्रसंगवश

# समाज हित में जरूरी है त्योहारों पर आत्ममंथन

भारत को उत्सवों की भूमि कहा जाता है। यहां प्रत्येक पर्व केवल आनंद का अवसर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक संदेश का वाहक भी है। किंतु विडंबना यह है कि समय के साथ अनेक त्योहारों का स्वरूप अपने मूल उद्देश्यों से भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। आज आवश्यकता है कि हम परंपरा और पाखंड के बीच स्पष्ट भेद करें, और स्वयं से प्रश्न पूछें—क्या हम वास्तव में धर्म का पालन कर रहे हैं या केवल सामाजिक दबाव में प्रवाहित हो रहे हैं? आज अनेक लोग यह स्वीकार करते हैं कि वे कुछ परंपराओं में केवल इसलिए भाग लेते हैं क्योंकि परिवार या समाज ऐसा करता है। "लोग क्या कहेंगे" का भय उन्हें विवश कर देता है। धर्म का आधार विवेक है, भीड़ का अनुसरण नहीं। यदि किसी आचरण में नैतिकता, मर्यादा और आत्मसम्मान का ह्रास हो रहा हो, तो उस पर पुनर्विचार आवश्यक है। साहसपूर्वक सही को स्वीकार करना और गलत का त्याग करना ही सच्ची धार्मिकता का संकेत है।



संतोष तिवारी
लेखक

प्रख्यात आध्यात्मिक चिंतक ओशो ने अपने प्रवचनों में कहा था कि उत्सव का अर्थ है चेतना का विस्तार, न कि अचेतनता में डूब जाना। उनके अनुसार, "उत्सव वह है जो आपको अधिक सजग बनाए; यदि वह आपको बेहोश और उन्मादी बना दे, तो वह धर्म नहीं, भीड़ का उन्माद है।" यह विचार हमें याद दिलाता है कि आध्यात्मिकता का सार आंतरिक जागृति है, बाहरी प्रदर्शन नहीं। सामाजिक और धार्मिक सुधार की दिशा में आर्य समाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों की ओर लौटने और अंधविश्वासों का त्याग करने का आह्वान किया। उनका स्पष्ट मत था कि धर्म का अर्थ है सत्य, संयम और समाजहित; किसी भी प्रकार का पाखंड या अनैतिक आचरण धर्म नहीं हो सकता। यह दृष्टिकोण आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था। यदि किसी परंपरा में विवेक का स्थान अंधानुकरण ले ले, तो सुधार की आवश्यकता स्वाभाविक हो जाती है। धर्म केवल अनुष्ठानों का समूह नहीं है। यह आचरण की शुद्धता, विचारों की पवित्रता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का नाम है। यदि त्योहार हमें हिंसा, अपमान, पर्यावरण क्षति या अतिरेक की ओर ले जाएं, तो हमें ठहरकर आत्ममंथन करना चाहिए। त्योहारों का उद्देश्य समाज को जोड़ना है, तोड़ना नहीं। वे आनंद और सौहार्द का संदेश देते हैं, भय और असुविधा का नहीं।

समाधान स्पष्ट है—उत्सव का पुनरुत्थान। प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का प्रयोग करें। किसी की अनुमति के बिना रंग न लगाएं। नशा और अश्लीलता से दूरी रखें। होलिका दहन के समय अपने आंतरिक विकारों का प्रतीकात्मक त्याग करें। महाशिवरात्रि पर ध्यान, उपवास और आत्मसंयम का अभ्यास करें। यदि संभव हो तो इन त्योहारों में मांसाहार न करने का भी संकल्प लें, ताकि जीव हत्या से भी दूर रह सकें और करुणा की भावना विकसित हो। यह विरोध का नहीं, सुधार का मार्ग है। हमें त्योहारों का बहिष्कार नहीं करना, बल्कि उन्हें उनके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित करना है। धर्म का सार आत्मशुद्धि और समाजहित है। यदि हम त्योहारों को केवल बाहरी प्रदर्शन का माध्यम बना दें, तो उनका आध्यात्मिक महत्व समाप्त हो जाता है। आइए, हम यह संकल्प लें कि उत्सवों को उन्माद नहीं, उत्साह का माध्यम बनाएंगे; पाखंड नहीं, प्रामाणिकता अपनाएंगे; और बाह्य रंगों से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का प्रयास करेंगे। यही सच्ची श्रद्धा है। यही सच्चा धर्म है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# होली : जीवन और नव सृजन का मदनोत्सव





डॉ. विवेकानंद तिवारी
प्रोफेसर, शिमला

होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है, जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है, इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था।

इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था, तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बंध हो जाते हैं। उत्सव की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था- यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन्! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात् प्रातः मुधमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें, जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में, जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थी, वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं।

**प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है, जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं।**

पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुंकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्ज्वल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है, जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ, आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है।

'कामस्तदाग्रे संवर्तताधि' कहकर वेदों ने सृष्टि के आदिम स्पंदन में भी काम अर्थात् सृजनात्मक इच्छा की अनिवार्यता को स्वीकार किया है। नृत्य, संगीत, चित्र, काव्य, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद और जीवन का समूचा उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ की विविध अभिव्यक्तियां हैं। मानव-जीवन केवल तप और त्याग का नाम नहीं, उसमें रस, रंग और राग का संतुलित समावेश भी उतना ही आवश्यक है। जैसा कि भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं- हे अर्जुन! प्राणियों में जो धर्मानुकूल कामभाव है, वही मैं हूं। यहां काम का आशय उच्छृंखल भोग नहीं, बल्कि मर्यादित, सृजनशील और जीवनोन्मुख प्रवृत्ति से है, जो समाज को ऊर्जा और सौहार्द प्रदान करती है।

पुराणों में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्णाष्टमी को शिव ने अपने तृतीय नेत्र की ज्वाला से कामदेव का दहन किया। किंतु रति की करुण प्रार्थना पर उन्होंने धुलैंडी के दिन कामदेव के प्रद्युम्न रूप में पुनर्जन्म का वर प्रदान किया। यह प्रसंग दमन नहीं, बल्कि शुद्धिकरण और पुनर्स्थापन का प्रतीक है। इसी कारण होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि संयमित कामना, पुनरुत्थान और जीवन के नव-सृजन का 'मदनोत्सव' भी है, जहां आनंद धर्म की मर्यादा में रहकर उत्सव बन जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने



एसआईआर के पीछे मंशा विपक्ष के वोट को काटना और सत्ता पक्ष को जिताना है। एसआईआर में गड़बड़ियों को लेकर कोर्ट भी गए, प्रदर्शन भी हुए, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। ये (अमित शाह) जहां जाते हैं, वहां भ्रष्टाचार बढ़ जाता है। गुजरात भ्रष्टाचार को मॉडल है। जितने बैंक लुटेरे हैं ज्यादातर गुजरात में हैं। - **उदित राज,** कांग्रेस नेता

## सामने



अमित शाह ने सही बयान दिया है। बंगाल की जनता बदलाव चाहती है। जैसे यूपी, बिहार विकास के रास्ते पर हैं, वैसे ही बंगाल के लोग भी विकास चाहते हैं। एसआईआर चुनाव आयोग करा रहा है। चुनाव आयोग स्वतंत्र एजेंसी है। मृतकों को सूची से हटाया जा रहा है, जो लोग गांव से शहरों में जाकर बस गए हैं उन्हें सूची से हटाया जा रहा है। -**ओमप्रकाश राजभर,** मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

# बेहतर कानून व्यवस्था से निवेश की होड़



अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक

सर्वाधिक एक्सप्रेस वे वाले उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई कवायद रंग ला रही है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी राज्य के रूप में पहचान बनाने वाले उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की तारीफ अब हर कोई कर रहा है। बेहतर कानून व्यवस्था के कारण ही आज न सिर्फ भारत की बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां निवेश के लिए आगे आ रही हैं, बल्कि विदेशी निवेशक भी निवेश के लिए तत्पर हैं। उनमें यूपी में निवेश को लेकर एक होड़ सी दिखाई दे रही है।

इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर और जापान दौरे पर मिले निवेश प्रस्ताव और किए गए एमओयू। जब ये निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरेंगे, तो निश्चित रूप से न सिर्फ यूपी से युवाओं का पलायन रुकेगा, बल्कि गरीबी का ग्राफ गिरेगा और हमारी अर्थव्यवस्था भी समृद्ध होगी।

मुख्यमंत्री चार दिनों की सिंगापुर और जापान की यात्रा पर थे। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए बड़ी कंपनियों के सीईओ से मुलाकात कर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया। औद्योगिक नीति के बारे में समझाया। इन सीईओ को वे यह बताने और समझाने में कामयाब रहे कि उत्तर प्रदेश में उन्हें न सिर्फ घर जैसा माहौल मिलेगा, बल्कि उनकी मांग के अनुरूप दक्ष कार्मिक, बेहतर कानून- व्यवस्था भी मिलेगी। एक बेहतरीन रोड नेटवर्क भी मिलेगा।

**प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए भारी भरकम बजट की व्यवस्था की है, जो भारत और जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा।**

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में जापान में विभिन्न कंपनियों के साथ 90 हजार करोड़ रुपये और सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए गए हैं। दोनों देशों से ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इन कंपनियों को उनकी मांग के अनुरूप भूमि भी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के औद्योगिक विकास प्राधिकरण जुट गए हैं। जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर करार कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। वहां भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलने का मार्ग खुल गया है।

प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए भारी भरकम बजट की व्यवस्था की है, जो भारत और जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा। जापान की कुबोटा कार्पोरेशन, स्पार्क मिंडा (सहयोग में टोयो डेंसो), जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जैसी कंपनियां प्रदेश में भारी भरकम निवेश कर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

मुख्यमंत्री ने तो इस दौरे से लौटने के बाद खुद ही घोषणा की कि इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर आने से पांच लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा और उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का जो सपना है, उसे पूरा करने में अहम योगदान देगा। मुख्यमंत्री के दौरे पर निवेश के प्रस्ताव मिलने के साथ ही एमओयू तो हुए ही सबसे बड़ी बात टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को लेकर हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रथम कार्यकाल और इस कार्यकाल में कई बड़ी कंपनियों ने औद्योगिक इकाइयां स्थापित की हैं। उन्होंने रोजगार भी खूब दिए हैं। यह वजह है कि मुख्यमंत्री ने अपने विदेश दौरे के लिए जापान और सिंगापुर को चुना। वहां उन्हें सफलता भी मिली।

उधर उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जर्मनी का दौरा किया। उनके इस दौरे के दौरान करीब 10 हजार करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए गए हैं। अभी वहां की कई और कंपनियां यूपी आकर एमओयू साइन करेंगी। अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जर्मनी समेत तमाम देशों के निवेशकों में यूपी में निवेश को लेकर उत्साह है। इसीलिए वे खुद ही सरकार और अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। उनमें उत्साह के पीछे सबसे बड़ा कारण सूबे के बुनियादी ढांचे में हो रहा तेजी से बदलाव है।

यहां न सिर्फ एक के बाद एक नए एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है, बल्कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भी राष्ट्रीय राजमार्गों को चौड़ा कर रहा है। परिवहन बेहतर होने से कंपनियों को अपने उत्पाद ले जाने में आसानी होगी। इसी तरह डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भी माल पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। बेहतर रोड नेटवर्क के साथ ही एक के बाद एक एयरपोर्ट की स्थापना, भूमि आवंटन से लेकर मानचित्र स्वीकृति, विभिन्न प्रकार की एनओसी निर्गत करने में प्रक्रिया के सरलीकरण ने निवेश को आकर्षित किया है। जेवर एयरपोर्ट की स्थापना, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल का संचालन बड़ी उपलब्धि है। प्रयागराज-मेरठ गंगा एक्सप्रेस वे मील का पत्थर साबित होगा। इन परियोजनाओं की वजह से निवेशक बड़ी तेजी से इकाई स्थापना के लिए आगे आ रहे हैं।

डिफेंस, फार्मा और सेमी कंडक्टर चिप बनाने वाली इकाइयां अब यहां तेजी से स्थापित होंगी। निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई नीतियां भी कारगर साबित हो रही हैं, क्योंकि बड़े पैमाने पर निवेशकों को छूट भी मिल रही है, जिसका वे आसानी से लाभ उठा पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट में जो सुविधाएं निवेशकों के लिए घोषित की हैं, वह भी निवेश बढ़ाने में अहम योगदान दे रही हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# नई दुनिया में सफलता का सूत्र है टीम वर्क

आज दुनिया में ऐसे परिवार हैं, ऐसे घर हैं, जिनमें एक ही व्यक्ति है। आइसलैंड के वीराने से लेकर बेंगलुरू की भीड़ में ऐसे लोग मौजूद हैं। यह संभव है कि व्यक्ति अकेले ही घर के सभी कार्य कर ले। वहीं दूसरी तरफ, अब ऐसे कार्यस्थल कम हैं, जहां वन-मैन-आर्मी हो। अस्पताल से लेकर नाई की दुकान तक हमें टीम मिलती है। पहले लोग एक चिकित्सक के पास जाकर मलेरिया की दवा ले लेते। उन्हीं चिकित्सक के पास हर्निया के ऑपरेशन से लेकर बच्चे का जन्म भी हो जाता। अगर आप दुनिया के आधुनिक अस्पताल पहुंचें, तो दर्जनभर चिकित्सक मिल कर एक सर्जरी की योजना बना रहे होते हैं। तमाम स्कैन चित्रों के सहयोग से एक वर्चुअल ऑपरेशन हो रहा होता है, जो वर्चुअल रियलिटी सॉफ्टवेयर के सहयोग से संभव होता है। यूं लगता है जैसे किसी अंतरिक्ष यात्रा की योजना बन रही हो। अब 'एकला चोलो रे' नहीं, बल्कि एक बेहतरीन टीम बनाकर कार्य हो रहा है।



प्रवीण झा
लेखक

टीम क्या है? जैसे 'लगान' फिल्म के किरदार भुवन को ही लें। वह अच्छे खिलाड़ी थे, मगर वह फिरकी नहीं डाल सकते थे, तेज गेंदबाजी नहीं कर सकते थे, सबसे बड़ी बात कि अकेले खेल नहीं सकते थे। उन्होंने ऐसी प्रतिभाएं ढूंढी, जिनके पास वे अलग-अलग गुण थे। सौरभ गांगुली ने अलग-अलग काबिलियत वाले युवाओं को जोड़कर टीम बनाई। हमें यह मानकर चलना होगा कि हम भले अपनी पूरी मेहनत और प्रतिभा झोंक दें, मगर हम अष्टभुज नहीं है। न ही सर्वगुण संपन्न। हमें यह पहचानना होगा कि हम क्या बेहतर कर सकते हैं, जो हम नहीं कर सकते, वह आखिर कौन बेहतर कर सकता है? अगर दोनों मिल गए तो क्या कमाल जोड़ी होगी? दो से चार। चार से आठ। आठ से बीस। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने जब रिलेटिविटी पर शोधपत्र लिखा, तो उस पर सिर्फ उनका नाम था। वहीं, अगर मनुष्य की आनुवंशिक कुंडली निकालने के लिए बने ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट का उदाहरण लें, तो उसमें सात देशों के बीस प्रयोगशालाओं के सैकड़ों वैज्ञानिक लगे थे। कोरोना का टीका कई देशों के वैज्ञानिकों ने मिलकर बनाया। हम चाहे गांव में हों या शहर में। खेती-बाड़ी करते हों या कोई अत्याधुनिक तकनीकी कार्य कर रहे हों, हमें ऐसी टीम ढूंढनी होगी, जो हमें श्रेष्ठ परिणाम दे। अगर हर सजग युवा इसी तरह अपने पूरक तलाशें, टीम बनाएं, तो सफलता का रास्ता छोटा और श्रेष्ठतर होता जाएगा। **-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# दुनियाभर की साजिशों का शिकार एशिया

एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य सदियों से संघर्ष, हस्तक्षेप और साजिशों से घिरा रहा है। यह महाद्वीप जनसंख्या, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से समृद्ध है, फिर भी बार-बार युद्ध, अस्थिरता और गरीबी की आग में झोंका जाता रहा है। आज ईरान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ता तनाव हो या कंबोडिया-थाईलैंड के बीच सीमा विवाद, ये घटनाएं केवल संयोग नहीं प्रतीत होतीं। इनके पीछे एक व्यापक वैश्विक रणनीति काम करती दिखती है, जिसमें एशिया को अशांत रखकर बाहरी शक्तियां अपने हित साधती हैं। एशिया जले और विकसित देशों की तिजोरियां भरें-यही इस राजनीति का कठोर यथार्थ है। ग्लोबल साउथ के देश संसाधनों से भरपूर हैं, पर निर्णय-शक्ति से वंचित। तेल, गैस, कोयला, दुर्लभ खनिज, उपजाऊ भूमि और युवा जनसंख्या होने के बावजूद ये देश कर्ज, बेरोजगारी और राजनीतिक अस्थिरता में उलझे रहते हैं। इसका कारण केवल आंतरिक कमजोरियां नहीं, बल्कि वह वैश्विक व्यवस्था भी है, जो इन्हें निर्भर बनाए रखने के लिए दशकों से गढ़ी गई है। औपनिवेशिक काल की लूट आज मुक्त व्यापार और मानवाधिकारों की आड़ में नए रूप में जारी है।




डॉ. सत्यवान सौरभ
शिक्षक

ईरान-पाकिस्तान तनाव इसका उदाहरण है। ईरान प्रतिबंधों की मार झेल रहा है, जबकि पाकिस्तान आर्थिक दबाव में है। ऐसे में सीमा पर उभरता तनाव व्यापक प्रभाव डाल सकता है। बलूचिस्तान जैसे क्षेत्रों में अस्थिरता दोनों देशों को आमने-सामने ला सकती है। यदि स्थिति बिगड़ती है, तो दक्षिण और पश्चिम एशिया के ऊर्जा मार्ग प्रभावित होंगे। तेल-गैस की कीमतें बढ़ेंगी और लाभ वैश्विक बाजारों को नियंत्रित करने वाली शक्तियों को मिलेगा। युद्ध एशिया में होगा, पर मुनाफा कहीं और दर्ज होगा। इतिहास गवाह है कि बाहरी ताकतें स्थानीय विवादों को हवा देकर अपने हित साधती रही हैं। वे कभी मध्यस्थ बनती हैं, तो कभी सैन्य सहायता के नाम पर ठिकाने स्थापित कर लेती हैं। अफगानिस्तान इसका उदाहरण है, जहां दशकों तक संघर्ष चला और अंततः वही देश सर्वाधिक तबाह हुआ। दक्षिण-पूर्व एशिया में कंबोडिया-थाईलैंड विवाद भी चिंताजनक है। सीमा क्षेत्रों को लेकर पुराना तनाव हाल में सैन्य रूप लेता दिखा है। यह क्षेत्र दुर्लभ खनिजों से समृद्ध है, जिनकी मांग नई तकनीक और ऊर्जा परिवर्तन के दौर में बढ़ रही है। ऐसे में बाहरी हस्तक्षेप संसाधनों तक पहुंच का माध्यम बन जाता है और नुकसान स्थानीय जनता को उठाना पड़ता है।

ग्लोबल साउथ की यह स्थिति अचानक नहीं बनी। विकसित देशों ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को कच्चे माल के स्रोत और बाजार के रूप में इस्तेमाल किया। औपनिवेशिक शासन समाप्त हुआ, पर आर्थिक ढांचा नहीं बदला। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं कर्ज देती हैं, पर शर्तों के माध्यम से नीतिगत स्वतंत्रता सीमित कर देती हैं। समाधान आर्थिक स्वावलंबन और क्षेत्रीय सहयोग में है। संसाधनों पर नियंत्रण तभी संभव है, जब स्थानीय उद्योग मजबूत हों और मूल्यवर्धन पर जोर दिया जाए। आत्मनिर्भरता का अर्थ अलगाव नहीं, बल्कि बराबरी के आधार पर वैश्विक जुड़ाव है। अंततः एशिया का भविष्य उसके अपने हाथों में है। यदि यह महाद्वीप टकराव में उलझा रहा, तो अस्थिरता बनी रहेगी, पर यदि यह एकजुट होकर अपने संसाधनों और नीतियों पर नियंत्रण स्थापित करता है, तो वैश्विक शक्ति संतुलन बदल सकता है। ग्लोबल साउथ को दया नहीं, न्याय चाहिए, हस्तक्षेप नहीं, सम्मान चाहिए। यही न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था की दिशा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)



वरिष्ठ पत्रकार कुमार सौवीर की कलम का कायल हूं। पिछले दिनों उनसे मिलने कलाकार मित्र भूपेंद्र अस्थाना के साथ उनके आवास मोतीनगर, लखनऊ जाना हुआ। देर रात तक ढेरों बतकही और चर्चाओं के बीच रात्रि भोजन का दौर चला।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अपनी तरह के संभवतः इकलौते मन मिजाज वाले इन जैसों से मिलना, नई जानकारियों एवं संस्मरणों का पिटारा खुलने जैसा लगता है। इन सभी बातों के बावजूद उनके इस घर ने जिस चीज से बेहद प्रभावित किया, वह था पूरे घर की दीवारों पर मौजूद चित्रकारी। पूरे घर में कोई भी ऐसी दीवार या कोना नहीं था, जो चित्रों से सजा नहीं था। वैसे इससे पहले भी हमने कई घर की दीवारों पर बच्चों द्वारा बनाए चित्र देखे हैं, किंतु पहली बार किसी ऐसे घर में था, जिसका इंच दर इंच इन चित्रों से भरा था।


# बालमन की आरंभिक अभिव्यक्ति
# दीवार पर चित्रकारी

हम कलाकारों का तो मानना है कि इस तरह के बच्चों को भरपूर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। क्योंकि घर की दीवारों को तो आप कभी भी साफ कर सकते हैं। किंतु अपने बच्चों का बचपन आप दुबारा लौटा नहीं सकते हैं। शायद इसीलिए निदा फाजली साहब ने कहा हैः बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो/चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।

बच्चों द्वारा रेखाएं खींचने या घर की दीवारों पर चित्र बनाने की इस प्रक्रिया के बारे में समझा जाता है कि इसके जरिए वे अपनी उपस्थिति दर्शाना चाहते हैं। यहां यह प्रयास कुमार सौवीर के नाती भावार्थ मिश्र की अभिव्यक्ति थी। बच्चों द्वारा इस अभिव्यक्ति पर वरिष्ठ कला इतिहासकार/समीक्षक जोनी एमएल की टिप्पणी है कि -" चित्र बनाना मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। दरअसल इसके जरिए वे किसी न किसी रूप में इस संसार पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं। दीवारों पर चित्र बनाना इसी मूल प्रवृत्ति का प्रारंभिक रूप है, जो मनुष्य में बचपन से ही दिखाई देता है। बच्चे जब दीवारों पर चित्र बनाते हैं, तो वे केवल खेल नहीं कर रहे होते, बल्कि अपनी दुनिया को समझने और उसे व्यक्त करने का प्रयास कर रहे होते हैं।



बड़ों को ये चित्र भले ही सरल, भोले या अर्थहीन प्रतीत हों, परंतु वास्तव में ये चित्र बच्चों की अपनी जटिल प्रतीकात्मक भाषा का हिस्सा होते हैं। उनके लिए यह अपने आसपास की दुनिया से संवाद और सामंजस्य बनाने की प्रक्रिया का सर्वाधिक सहज और सुलभ माध्यम है। आगे चलकर जब उन्हें अभिव्यक्ति के अन्य साधन मिल जाते हैं, तो अधिकांश लोग इस तरह के चित्र बनाना अक्सर छोड़ ही देते हैं, लेकिन कुछ लोग जो इस प्रवृत्ति को बनाए रखते हैं, वही आगे चलकर चित्रकार बनते हैं।"




वहीं मनोविज्ञान बच्चों द्वारा घर की दीवारों पर चित्र बनाने की इस प्रवृत्ति को शरारत या अनुशासनहीनता के रूप में नहीं, बल्कि उनके स्वाभाविक विकासक्रम के एक महत्वपूर्ण चरण के रूप में देखता है। विकासात्मक मनोवैज्ञानिक जैसे जीन पियाजे का मानना है कि प्रारंभिक अवस्था में बच्चा प्रतीकों के माध्यम से संसार को समझना शुरू करता है। दीवार पर रेखाएं खींचना उसके लिए केवल आकृति बनाना नहीं, बल्कि अनुभवों को व्यवस्थित करने का प्रयास है। इसी प्रकार सिगमंड फ्रायड की मनोविश्लेषणात्मक दृष्टि से यह क्रिया दबी हुई इच्छाओं, जिज्ञासा और आत्म-अभिव्यक्ति का रूप हो सकती है। आधुनिक बाल मनोविज्ञान इसे स्किल विकास, रचनात्मकता और आत्म पहचान के निर्माण से भी जोड़ता है।

इस तरह से देखें तो दीवारों पर बने चित्र बच्चे की आंतरिक दुनिया, उसकी भावनाओं और परिवेश से उसके संवाद का दृश्य दस्तावेज माने जाते हैं। इसलिए अनुरोध है कि अब जब भी आपका बच्चा घर की दीवारों पर अपनी दुनिया उकेरने लगे तो उसे रोकिए नहीं, बल्कि प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान करें। क्योंकि यह उस बच्चे की अपनी दुनिया रचने या सिरजने के लिए खुला आकाश दे दीजिए। मेरे लिए ऐसे तमाम माता-पिता और अभिभावक स्तुत्य हैं, जो अपने बच्चों के लिए घर की दीवारों की सफेदी की कुर्बानी देने से हिचकते नहीं हैं। वैसे तो इन बाल कलाकार का नाम है 'भावार्थ मिश्रा', लेकिन नानाजी यानी कुमार सौवीर ने इन्हें नाम दिया है 'च्यवनप्राश'।

## अनोखी परंपरा
## डेनमार्क में अविवाहितों का खास दिन मसालों की होली




शादी को लेकर एक मशहूर कहावत है- "शादी का लड्डू जो खाए वो पछताए और जो न खाए वो भी पछताए।" यह कहावत भले ही मजाकिया अंदाज में कही जाती हो, लेकिन दुनिया के अलग-अलग देशों में विवाह और अविवाहित जीवन से जुड़ी अनेक रोचक परंपराएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा यूरोप के देश डेनमार्क में देखने को मिलती है, जिसके बारे में जानकर आपको हैरानी भी होगी और मुस्कान भी आ जाएगी।

डेनमार्क में यदि कोई युवक या युवती 25 वर्ष की आयु तक अविवाहित रहता है, तो उसके मित्र एक विशेष रस्म निभाते हैं। इस अवसर पर उसे किसी लैंप पोस्ट, खंभे या पेड़ से बांध दिया जाता है और फिर उस पर दालचीनी पाउडर सहित विभिन्न मसालों की वर्षा की जाती है। पूरा वातावरण मसालों की खुशबू और उड़ते पाउडर से भर उठता है। दृश्य इतना रंगीन और उत्साहपूर्ण होता है कि देखने वालों को भारत की होली की याद आ जाए। फर्क बस इतना है कि यहां रंगों की जगह गरम मसालों का प्रयोग होता है।

यह परंपरा केवल मजाक या शरारत भर नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी बताई जाती है। पुराने समय में डेनमार्क में मसाले बेचने वाले सेल्समैन एक शहर से दूसरे शहर घूमते रहते थे। लगातार यात्राओं के कारण वे समय पर विवाह नहीं कर पाते थे। ऐसे अविवाहित पुरुषों को 'पेबरस्वेन्ड्स' और महिलाओं को 'पेबरमो' कहा जाता था। धीरे-धीरे उन्हें मसालों से सराबोर करने की परंपरा शुरू हुई, जो आज तक एक सामाजिक उत्सव के रूप में निभाई जाती है। मान्यता यह भी है कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे मसालों की मात्रा भी बढ़ाई जाती है। इस रस्म के दौरान दोस्त और परिजन खुले मैदान, पार्क या लॉन में एकत्र होते हैं। हंसी-ठिठोली, खाने-पीने और मस्ती के बीच अविवाहित व्यक्ति को सिर से पांव तक दालचीनी से ढक दिया जाता है। अंत में पानी डालकर मसालों को धोया जाता है। पूरा आयोजन उत्सव जैसा माहौल पैदा कर देता है। यदि भारतीय परंपराओं से इसकी तुलना करें, तो शादी से पहले होने वाली हल्दी की रस्म का स्मरण हो आता है। भारत में हल्दी लगाने को शुभ माना जाता है। मान्यता है कि यह दूल्हा-दुल्हन को नकारात्मक प्रभावों से बचाती है। कई स्थानों पर हल्दी के बाद वर-वधू को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती और उन्हें बुरी नजर से बचाने के लिए पवित्र धागा या ताबीज भी बांधा जाता है।


डेनमार्क की यह परंपरा भले ही हंसी-मजाक से जुड़ी हो, पर इसे वहां आज भी उत्साहपूर्वक निभाया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इसे शुभ संकेत माना जाता है और विश्वास किया जाता है कि इस रस्म के बाद अविवाहित युवक-युवतियों को शीघ्र ही उपयुक्त जीवनसाथी मिल जाता है।

## आर्ट गैलरी
## प्रकृति का प्रचंड रूप और शाश्वत शांति : द ग्रेट वेव ऑफ कानागावा



'द ग्रेट वेव ऑफ कानागावा' विश्व कला इतिहास की सर्वाधिक प्रसिद्ध कृतियों में से एक है। यह काष्ठछाप (वुडब्लॉक प्रिंट) उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में बनाई गई थी और यह 'थर्टी-सिक्स व्यूज ऑफ माउंट फूजी' श्रृंखला का हिस्सा है। चित्र में समुद्र की एक विकराल लहर अपने चरम पर उठी हुई दिखाई देती है। उसकी फेनिल धाराएं पंजों की भांति फैलकर सामने चल रही नौकाओं को अपने आगोश में लेने को तत्पर प्रतीत होती हैं। इन छोटी नौकाओं में बैठे मछुआरे प्रकृति की प्रचंड शक्ति के सामने अत्यंत क्षुद्र और असहाय नजर आते हैं।

चित्र की पृष्ठभूमि में शांत, स्थिर और दूर खड़ा फूजी पर्वत दिखाई देता है। उग्र समुद्र और अडिग पर्वत के बीच का यह विरोधाभास जीवन के गहरे दार्शनिक अर्थों को व्यक्त करता है, अस्थिरता और स्थिरता, भय और विश्वास, क्षणभंगुरता और शाश्वतता। चित्र में प्रयुक्त गहरा नीला रंग, विशेषत: 'प्रशियन ब्लू', समुद्र की गहराई और रहस्यमयता को उभारता है। यह कृति केवल एक प्राकृतिक दृश्य नहीं, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के संबंध का सशक्त प्रतीक है।



### कात्सुशिका होकुसाई के बारे में

कात्सुशिका होकुसाई (1760-1849) जापान की 'उकियो-ए' कला परंपरा के महानतम कलाकारों में गिने जाते हैं। 'उकियो-ए' का अर्थ है- "क्षणभंगुर संसार के चित्र।" इस शैली में नगर जीवन, प्रकृति, अभिनेत्रियां, योद्धा और दैनिक जीवन के विविध दृश्य अंकित किए जाते थे। होकुसाई ने अपने लंबे और सक्रिय जीवन में लगभग तीस हजार से अधिक चित्र, रेखांकन और काष्ठछाप कृतियां निर्मित कीं। वे अत्यंत प्रयोगशील और जिज्ञासु स्वभाव के कलाकार थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई बार अपना नाम बदला, जो उनके निरंतर विकसित होते कलात्मक व्यक्तित्व का संकेत था। होकुसाई का मानना था कि वे जीवन के अंतिम चरणों में जाकर ही सच्चे अर्थों में उत्कृष्ट कला रच पाएंगे। उनकी रचनाओं में प्रकृति के प्रति गहरा आकर्षण, सूक्ष्म अवलोकन और रेखाओं की अद्भुत ऊर्जा दिखाई देती है। होकुसाई का प्रभाव केवल जापान तक सीमित नहीं रहा। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में यूरोप में 'जापोनिज्म' आंदोलन के दौरान उनकी कृतियों ने अनेक पाश्चात्य कलाकारों को प्रेरित किया। आज वे विश्व कला जगत में एक कालजयी नाम के रूप में प्रतिष्ठित हैं और 'द ग्रेट वेव ऑफ कानागावा' उनकी अमर पहचान बन चुकी है।


## लोकायन
## प्रेम, आस्था और संस्कारों का संगम

विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो कुलों और परंपराओं का संगम माना जाता है। इसी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण अंग है कोहबर की परंपरा, जो आज भी पूरी आस्था और उत्साह के साथ निभाई जाती है। कोहबर परंपरा आज भी बिहार खासकर मिथिलांचल में प्रचलित है। कोहबर केवल दीवार पर बनाई गई एक आकृति भर नहीं है, बल्कि यह नवदंपति के जीवन की मंगलकामना, कुलदेवता के आशीर्वाद और पारिवारिक परंपराओं का जीवंत प्रतीक है।



अरूणिमा सिंह
लेखिका

'कोहबर' शब्द का अर्थ है वह स्थान जहां विवाह के बाद वर-वधू का प्रथम मिलन होता है। जिस कक्ष में कुलदेवता की स्थापना की जाती है, उसे भी कोहबर कहा जाता है। इसे कुछ स्थानों पर 'कौतुकगार' नाम से भी जाना जाता है। विवाह के बाद जब वधू पहली बार वर का दर्शन करती है, उस पावन क्षण को भी कोहबर की संज्ञा दी जाती है।




मातृपूजन, जिसे मटकोर या भत्तवान भी कहा जाता है, उसी दिन कोहबर बनाने की शुरुआत होती है। एक ओर मंडप में पूजा-अर्चना चलती है, तो दूसरी ओर परिवार की नेगहरुवा बुआ या कोई अनुभवी महिला गोबर से दीवार पर कोहबर की रूपरेखा उकेरती हैं। सबसे पहले गोबर से आधार तैयार किया जाता है और बीच में पांच पिंडियां बनाई जाती हैं। कुलदेवता के समीप जो मुख्य कोहबर बनता है, उसमें इक्कीस पिंडियां लगाई जाती हैं, जबकि अन्य स्थानों पर पांच-पांच पिंडियां ही होती हैं।

आमतौर पर एक बड़ा कोहबर कुलदेवता के पास बनाया जाता है, दो उसी कक्ष के द्वार के दोनों ओर और दो मुख्य द्वार के दोनों तरफ। मातृपूजन के दिन कोहबर बन जाने के बाद कुलदेवता, सिल-लोढ़ा और पहरुवा प्रतीकात्मक रूप से बांध दिए जाते हैं। विवाह वाले दिन प्रातः गोबर से बने कोहबर को गेरू से सजाकर अधिक आकर्षक रूप दिया जाता है। विवाह से पूर्व इन प्रतीकों को खोलते हुए आग्रह किया जाता है कि वे भी वर-वधू को आशीर्वाद देने चलें।

विवाह उपरांत नवदंपति को कुलदेवता के समीप बने कोहबर में ले जाया जाता है। वहीं 'लपकौर' की रस्म होती है, जिसमें दही-गुड़ एक-दूसरे को खिलाया जाता है और 'बाती मिलाने' की रस्म निभाई जाती है। इसी स्थान पर अंगूठी खोजने की रस्म भी होती है। यह परंपरा दोनों पक्षों में अलग-अलग अवसरों पर संपन्न की जाती है।

नब्बे के दशक तक कई घरों में विवाह से पूर्व वर-वधू का मिलना सामान्य नहीं था। ऐसे में कोहबर ही वह अवसर बनता था, जब दोनों पहली बार एक-दूसरे से खुलकर मिलते थे। बाती मिलाने के समय दूल्हे का मुस्कराते हुए शर्त रखना- "पहले दुल्हन का मुख दिखाइए" इन पलों को और भी मधुर बना देता था। कभी-कभी कुछ क्षण अकेले में बातचीत की अनुमति भी मिल जाती थी। कोहबर में बिताए ये छोटे-छोटे पल ही नवजीवन की नींव रखते थे। इन्हीं स्मृतियों के सहारे वर-वधू विवाह और गौने के बीच के समय को मधुर प्रतीक्षा में बिताते थे। यही कारण है कि कोहबर केवल एक रस्म नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और पारिवारिक आशीर्वाद का अमिट प्रतीक है।

## भारत की आदिवासी-लोक चित्रकला




वर्तमान में ऐसे आदिवासी- लोक शिल्पियों एवं कलाकारों की संख्या बहुत ही कम रह गई है, जो अपनी कला के अतीत एवं पारंपरिक ज्ञान के बारे में बता सकते हैं। यह मेरा सौभाग्य रहा कि मैं ऐसे अनेक कलाकारों से मिल सका और उनके वर्षों के अनुभवों को लिपिबद्ध कर सका। मैंने भारत के मध्यप्रदेश क्षेत्र के लगभग सत्तर आदिवासी-लोक चित्रकारों की पहचान की, उनके साक्ष्य में विवरण जुटाए, उनके फोटोग्राफ लिए, जिनका संकलन इस पुस्तक में प्रस्तुत किया गया है।

भारत अपनी सांस्कृतिक विविधता के लिए विश्वविख्यात है। यहां प्रत्येक सांस्कृतिक अंचल की अपनी विशिष्ट आदिवासी-लोक कलाएं हैं। लोक शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- लोक एवं कला। लोक से आशय उन सामान्य जनों से है, जो ग्रामीण भारत में बसते हैं अथवा वहां से निकलकर नगरों में आ बसे हैं, परंतु अपनी ग्रामीण परंपराओं, लोक-रीतियों, विश्वासों और मान्यताओं से गहरे जुड़े हैं। इन्हीं सामान्य जन द्वारा किया गया कलाकर्म लोककला है। इस पुस्तक में भारत की आदिवासी- लोक चित्रकला को परिभाषित एवं व्याख्यायित कर उसके विभिन्न क्षेत्रीय रूपों के उदाहरणों को समाहित किया गया है। पुस्तक का एक अध्याय आदिवासी-लोक चित्रकला को परिभाषित करने, उसकी व्याख्या करने और उसे वर्गीकृत करने में समर्पित है, जिसके कुछ अंश यहां प्रस्तुत हैं-भारतीय लोक जीवनमान में चित्रों की मान्यताओं के सांस्कृतिक महत्व को प्राचीन काल से ही स्वीकार किया गया है। इसके माध्यम से परंपरागत एवं अलौकिक शक्तियों से संवाद स्थापित करने में प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने सामुदायिक स्तर पर एक चित्रभाषा विकसित की जिसमें अनेक प्रतीक, अभिप्राय एवं संकेतों को विकसित कर लिया गया, जिन्हें वे अपनी पीढ़ियों को सहज ही हस्तांतरित करते चले गए। प्रत्येक पीढ़ी ने इन्हें अपने समय के अनुरूप समृद्ध किया है और आज इनमें रूपांतरित स्वरूप हमारे समक्ष है।



मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली

अपने परंपरागत स्वरूप में आदिवासी-लोक चित्रकला क्षेत्र विशेष या समुदाय विशेष के जन-सामान्य द्वारा किया गया वह कलाकर्म है, जिसके मूल में शुभ और विवेक होता है और अवसर विशेष से जुड़े अनुष्ठान एवं मान्यताओं को संपन्न करने हेतु किया जाता है। मूलतः यह कलाकर्म आर्थिक लाभ हेतु नहीं, बल्कि अपने जीवन की कठिनाइयों और समस्याओं से उबरने हेतु, सुख एवं शांति पाने हेतु पारंपरिक श्रद्धाओं से आशीर्वाद प्राप्ति के लिए किया जाता है। यह चित्र प्रार्थनाएं हैं, जिनके माध्यम से वे लोक एवं परलोक के मध्य संवाद स्थापित करते हैं, अपने इष्ट देवी-देवताओं को आह्वान करते हैं, उन्हें मनाते हैं, उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और उनकी अपेक्षाएं रखते हैं। यह चित्र मात्र सजावटी वस्तु नहीं, आदिवासी-लोक जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह आदिवासी-लोक कलाकारों के विश्वदृष्टि एवं सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का ही है, जो उनकी कला में व्यक्त होती हैं। नगर कला जहां मानव का मानव को संबोधन है, वहीं पारंपरिक आदिवासी-लोक चित्रकला मानव का मानव के साथ देवताओं को संबोधन भी है। लोक एवं परलोक के मध्य इस संवाद के अर्थ वहीं उन चित्रों के साथ आदिवासी-लोक कलाकारों की विश्वदृष्टि एवं सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं में निहित हैं। इन्हें समझे बिना पारंपरिक आदिवासी लोक चित्रकला को समझना भी संभव नहीं है।

## रंग तरंग
## होली जैसे मैंने देखी



बरेली में होली अनोखे ढंग से मनाई जाती रही है। पिछले लगभग 80 वर्षों में मैंने इसके स्वरूप में अनेक परिवर्तन होते देखे हैं। पहले होली की तैयारी पंद्रह दिन पहले ही शुरू हो जाती थी और एक सप्ताह पूर्व से ही रंगबाजी प्रारंभ हो जाती थी। मोहल्लों के लड़के गलियों के बाहर, नुक्कड़ों पर झुंड बनाकर खड़े हो जाते थे और राह चलते लोगों पर पानी और रंग डालते थे। इस दौरान झगड़ा भी हो जाता था, और ऊंची आवाज में हुड़दंग करते दिखाई देते थे। लड़कों को इसमें बड़ा आनंद आता था। होली के एक दिन पहले बड़े-बड़े कड़ावों और ड्रमों में रंग घोलकर तैयारियां की जाती थीं। हैंडपंपों से रंगों के मोर्चे लगते थे और एक-दूसरे के चेहरे पर रंगों की बौछार की जाती थी। जिसका मुंह पहले पलट जाता, उसे हारा हुआ माना जाता था। इन रंगीले मुकाबलों के बाद सब एक-दूसरे को रंग लगाते और हुरियारे मिलकर होली के नारे लगाते थे। साथ ही बमनपुरी से होली की राम बारात निकलती थी, जो आज भी परंपरा के रूप में निकलती है।

अब समय बदल गया है और होली के उत्सव में भी बड़ा परिवर्तन आया है। आज होली केवल एक या आधे दिन का उत्सव बनकर रह गई है। पहले जैसे हुरियारों के बड़े झुंड दिखाई नहीं देते। लड़ाई-झगड़े लगभग समाप्त हो गए हैं। आज होली अपेक्षाकृत शालीनता और प्रेम के साथ मनाई जाती है। दोपहर के बाद लोग नए कपड़े पहनकर होली मिलाप मेले में पहुंचते हैं। वहां एक-दूसरे से गले मिलते हैं, बधाइयां देते हैं। छोटे-बड़े सभी आपसी सम्मान के साथ मिलते हैं और छोटे, बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं।

*-महेंद्र कुमार सक्सेना, चित्रकार*

## न्यूज ब्रीफ

### होली महोत्सव पर बच्चों ने खेली होली



**उन्नाव।** आवास विकास कॉलोनी स्थित चंद्रशेखर आज़ाद इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से होली महोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें प्रधानाचार्य मो. सैफ व मो. कैफ ने छात्र-छात्राओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, भाईचारे व सद्भावना का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आपसी एकता व सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रिंसिपल सबिया खातून ने विद्यार्थियों को सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया। संचालन नेहा निगम व निदा ने किया।

### प्रतापगढ़ इंटरसिटी के ठहराव की मांग

**नवाबगंज।** जैतीपुर व मोहनलालगंज रेलवे स्टेशनों पर कानपुर-प्रतापगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय लोगों की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्रीय सांसद आरके चौधरी ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। यह पहल जैतीपुर निवासी अधिवक्ता व समाजसेवी विनय यादव के प्रयासों से हुई। उन्होंने क्षेत्र के हजारों यात्रियों, छात्रों व व्यापारियों की पीड़ा को समझते हुए सांसद को मांगपत्र सौंपा था। सांसद आरके चौधरी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए रेलमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बड़ी संख्या में लोग रोज लखनऊ व कानपुर के लिए आवागमन करते हैं। दोनों स्टेशनों पर यात्रियों की पर्याप्त संख्या है जिससे रेलवे को भी आर्थिक लाभ होगा।

### विवाद के बाद युवक पर ब्लेड से हमला

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तालिब सराय में दो युवकों में हुए विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे की गर्दन पर ब्लेड से वार कर लहूलुहान कर दिया। उसे घायल हालत में परिजन जिला अस्पताल लाए। वहीं हमलावर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। तालिब सराय मोहल्ला निवासी वलीम (28) पुत्र शहजादे कबाड़ का काम करता है। उसका पड़ोसी रहीम भी यही काम करता है। वलीम की पत्नी रुखसार ने बताया कि दोनों में कबाड़ को लेकर मंगलवार सुबह विवाद हुआ लेकिन उस समय लोगों ने बीच बचाव कर मामला टाल दिया।

### महिला ने की आत्महत्या

**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के मुड़ियन खेड़ा गांव निवासी स्मिता पटेल (26) पत्नी ऋषभ ने सोमवार रात कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। पति की सूचना पर चाचा रितेश पुत्र विजय पाल ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उसने 3 साल पहले भतीजी की शादी ऋषभ पुत्र धीरेन्द्र मूलनिवासी भिलागंज फतेहपुर से की थी। वर्तमान में ऋषभ व स्मिता बिहार थानाक्षेत्र के मुड़ियन खेड़ा में रहते थे। चाचा की सूचना पर एसओ बिहार व नायब तहसीलदार पाटन विजय रजन ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### खामेनेई की शहादत पर जताया शोक

**सफीपुर।** मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित इमामबाड़े में सोमवार रात एक शोकसभा (मजलिस) का आयोजन हुआ। इसमें शिया व सुन्नी दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए और ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की कथित शहादत पर दुख जताया। मौलाना रिजवी ने ईरान के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वहां की नीतियां धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित हैं।

# चॉकलेट उद्यमी बनीं मनीषा रावत, डबल इंजन सरकार से मिली उड़ान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति के तहत स्थानीय प्रशासन से मिला सहयोग

**अमृत विचारः** रायबरेली निवासी मनीषा रावत की कहानी उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार की नई मिसाल बन गई है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं से मिली मदद ने उन्हें घर से हैंडमेड चॉकलेट बनाने वाली महिला से सफल उद्यमी बना दिया। आज वह न सिर्फ आत्मनिर्भर हैं, बल्कि पांच अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं।

मनीषा ने वर्ष 2023 में घर से चॉकलेट और बेकरी उत्पाद बनाने का छोटा काम शुरू किया था। उनके उत्पादों की मांग बढ़ने लगी तो व्यवसाय विस्तार के लिए पूंजी की जरूरत पड़ी। गारंटी और मॉरगेज की अड़चनें सामने थीं, तभी उन्हें उप्र.ग्रामीण बैंक मैनेजर द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की जानकारी मिली। अक्टूबर 2024 में आवेदन करने के बाद आवश्यक दस्तावेज डीआईसी कार्यालय में जमा किए गए और 20 दिनों के भीतर उन्हें 9 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया। ऋण मिलने के बाद मनीषा ने अपनी केक और चॉकलेट की शॉप शुरू की। कारोबार बढ़ा तो उन्होंने स्थानीय स्तर पर पांच लोगों को रोजगार भी दिया। अब वह सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं और अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं। पहले वह परिवार पर निर्भर थीं, लेकिन अब एक सफल महिला उद्यमी के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

मनीषा अपनी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों को देती हैं। उनका कहना है कि मुद्रा योजना केवल ऋण नहीं, बल्कि छोटे उद्यमियों के लिए आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम है। कम ब्याज दर और बिना गारंटर की सुविधा से उन्हें किस्त चुकाने में भी सहूलियत मिल रही है। रायबरेली की यह सफलता कहानी प्रदेश में स्वरोजगार को नई दिशा दे रही है।

### ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुसा ऑटो, तीन घायल

**शुक्लागंज।** मंगलवार सुबह फोरलेन पर एक ऑटो अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा घुसा। हादसा अंबिकापुरम के सामने उस समय हुआ जब ऑटो मरहला चौराहे की ओर जा रहा था। टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार धनइयां निवासी विशाल व काजल कानपुर के घंटाघर से ऑटो कर गांव लौट रहे थे। तभी चालक का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया। इसमें चालक समेत विशाल व काजल घायल हो गए। मौजूद लोगों ने दौड़कर उनको बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए फोरलेन पर जाम की स्थिति बनी रही।

## सेवाभाव



गोरखनाथ मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय पक्षी मोर को दाना खिलाते मुख्यमंत्री योगी। • अमृत विचार

# सड़क हादसों में बच्ची समेत 5 की हुई मौत

**बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इसमें लोडर चालक व 3 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वहीं पुरवा व सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में हादसों में 1 किशोर व 3 युवकों की जान गई।**

संवाददाता, बांगरमऊ

**अमृत विचारः** अचलगंज थानाक्षेत्र के सत्तूखेड़ा गांव निवासी अशोक उर्फ मुरारी (32) पुत्र सुरेश कुमार फरीदाबाद में लोडर किराए पर चलाता था। रविवार रात वहीं पर मजदूरी करने वाले औरास थानाक्षेत्र के अरसेना गांव निवासी मोनू पुत्र कृष्णपाल, उसकी पत्नी प्रतिभा (25), बड़ी बेटी वैष्णवी, (8) व छोटी बेटी दीक्षा (3) सहित औरास के गोबरा गांव के अन्य लोग लोडर से होली मनाने गांव लौट रहे थे। मंगलवार सुबह आगरा एक्सप्रेस-वे पर गहर पुरवा गांव के पास चालक को झपकी आने से लोडर डिवाइडर पर चढ़कर रेलिंग तोड़ते हुए उसके बीच में फंस गया। इसमें चालक अशोक व दीक्षा की मौत हो गई। सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पति की मौत से पत्नी अंकिता देवी व अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। घायलों का उपचार चल रहा है। हादसे में औरास थानाक्षेत्र के अरसेना गांव निवासी मोनू (27) पुत्र कृष्णपाल, मोनू की बेटी वैष्णवी (8), मोनू की पत्नी बिट्टो उर्फ प्रतिभा (30) सहित औरास थानाक्षेत्र के गोबरा गांव निवासी रोहित (24) पुत्र रामसिंह, मुंशीलाल (50), सोनू (14) पुत्र शिशुपाल व अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मीतखेड़ा निवासी भूपेंद्र (24) पुत्र मुनेश्वर घायल हुए हैं।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त लोडर पिकअप।

### दो बाईकों की टक्कर में एक युवक की मौत

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा परेन्दा गांव निवासी नरेंद्र सिंह (44) पुत्र जवाहर मंगलवार को बाइक से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव गया था। लौटते समय अजगैन - मुंशीगंज मार्ग पर निवाजखेड़ा गांव के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें नरेंद्र सहित दूसरी बाइक सवार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के आगा खेड़ा गांव निवासी गोलू व विनय से गंभीर घायल हो गए। लोगों ने उन्हें मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया वही दोनों घायलों का सीएचसी में जारी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी अजीत (22) पुत्र जगदीश सोमवार रात चचेरे भाई विकास (23) के साथ पुरवा कस्बा जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के सोहरामऊ-पुरवा मार्ग पर जाफर खेड़ा गांव के सामने ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों भाई गंभीर घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल फिर लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां जाते समय अजीत की मौत हो गई। वहीं विकास का इलाज चल रहा है।

### गंगा स्नान कर लौट रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** माखी थाना व गांव के बलारदेव निवासी उमाशंकर (27) पुत्र अशोक मुंबई से होली मनाने बीती 24 फरवरी को घर लौटा था। पत्नी के मुताबिक ससुराल से सोमवार शाम वह गंगा स्नान करने जाने की बात कहकर निकले थे। घर नहीं लौटे। तलाश की गई तो मंगलवार भोरपहर करीब 3 बजे पता चला कि सफीपुर कोतवाली अंतर्गत बिठूर-परियर मार्ग पर देवीपुरवा गांव के पास वाहन की टक्कर से उनकी मौत हुई है। बड़े भाई धर्मपाल ने यह जानकारी दी।

### सड़क हादसे में घायल किशोर की हुई मौत

**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के गांव ममरेजपुर निवासी कृष्ण कुमार का बेटा रौनक (16) लोडर की टक्कर से गंभीर घायल हो गया था। डॉक्टर ने उसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा था। जहां से परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत अधिक बिगड़ी तो परिजन उसे पीजीआई ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।





बच्चों को उपहार देते विमल द्विवेदी।

# भाजपा नेता विमल ने मोचियों और दिव्यांगों संग मनाई होली

**उन्नाव, अमृत विचार।** होली पर समाजसेवी व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी त्योहार की खुशियां उन लोगों के साथ साझा कीं, जो समाज की मुख्य धारा से उपेक्षित रह जाते हैं। शहर के फुटपाथों पर बैठने वाले मोचियों, दिव्यांगों व जरूरत मंदों के बीच पहुंचकर न केवल उन्हें शुभकामनाएं दीं बल्कि उपहार व नकद सहायता देकर उनके त्योहार को खास बना दिया। विमल द्विवेदी ने शहर के विभिन्न चौराहों व फुटपाथों का भ्रमण किया और वहां जीवनयापन करने वाले मोचियों, भिक्षुकों व दिव्यांगों को तिलक लगाकर होली की बधाई दी और मिठाई के डिब्बे, अंगवस्त्र व आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि त्योहार केवल व्यक्तिगत खुशी का माध्यम नहीं बल्कि दूसरों के जीवन में प्रकाश लाने का अवसर हैं। इस दौरान जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, आलोक शुक्ला, परिमल मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला आदि रहे।

# उन्नाव जिले में 3000 स्थानों पर हुआ होलिका दहन

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार रात जिले में करीब 3000 से अधिक स्थानों पर परंपरागत रूप से होलिका दहन हुआ। लेकिन मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते जिले की सड़कों से रंग व गुलाल गायब रहे। सूतक काल के कारण होली नहीं खेली गई। धार्मिक मान्यताओं के चलते सूतक में रंग खेलना वर्जित माना जाता है। इससे शहर, शुक्लागंज, मोहान, बांगरमऊ व सफीपुर समेत ग्रामीण अंचलों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों में रहे और मंदिरों के कपाट ग्रहण समाप्त होने तक बंद रखे गए। विद्वानों व ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, ग्रहण की समाप्ति के बाद शुद्धिकरण होगा। इसके चलते बुधवार को मुख्य रूप से पूरे जिले में धुलंडी यानी रंगों की होली खेली जाएगी। गुरुवार को भी होली का उत्सव जारी रहेगा जिससे इस बार त्योहार का आनंद दो दिनों चलेगा। होलिका दहन के बाद और आगामी दो दिनों तक चलने वाले हुड़दंग को देखते हुए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। एसपी के निर्देश पर संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है।



जलती हुई होलिका में पूजन करते लोग।

### राधा कृष्ण मंदिर में खेली गई लट्ठमार होली

**शुक्लागंज।** पोनी रोड स्थित श्री राधा-कृष्ण दुर्गा मंदिर में छठें वार्षिक होली उत्सव का उल्लासपूर्ण आयोजन हो रहा है। मंदिर प्रांगण में 2 से 8 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव में रोज विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। दूसरे दिन चंद्रग्रहण के कारण सुबह से मंदिर के कपाट बंद रहे और श्रद्धालुओं को दर्शन नहीं हो सके। ग्रहण समाप्ति के बाद शाम को विधिविधान से मंदिर के कपाट खोले गए। इसके बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं व भक्तों ने उत्साह के साथ लट्ठमार होली खेली।

# लक्ष्य से अधिक धान खरीद, किसानों को 14,886 करोड़ रुपए का भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10.53 लाख किसानों से हुई 62.30 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

**अमृत विचारः** खरीफ क्रय सत्र 2025-26 में राज्य सरकार ने धान खरीद का लक्ष्य पार करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया है। इस वर्ष 60 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के सापेक्ष 62.30 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। इसके एवज में 10.53 लाख किसानों को 14,886.35 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। प्रदेश में धान खरीद की प्रक्रिया 28 फरवरी को पूरी हो गई।

प्रदेश के 4869 क्रय केंद्रों के माध्यम से किसानों से धान खरीदा गया। कॉमन धान 2369 रुपये और ग्रेड-ए धान 2389 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदा गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित किया गया, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और किसानों को समय पर धनराशि प्राप्त हुई।

धान बिक्री के लिए 12,82,892 किसानों ने पंजीकरण कराया था। खाद्य एवं रसद विभाग के अनुसार ओटीपी आधारित सिंगल रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू की गई, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी बनी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कुछ जिलों में 31 जनवरी तक, जबकि अन्य संभागों में 28 फरवरी तक खरीद जारी रही। पिछले वर्ष 2024-25 में 57.70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी और 13,370.17 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। इस बार न केवल खरीद की मात्रा बढ़ी, बल्कि भुगतान का आंकड़ा भी अधिक रहा। सरकार का दावा है कि पारदर्शी खरीद व्यवस्था और समयबद्ध भुगतान से किसानों को सीधा लाभ मिला है तथा कृषि आय को स्थिरता मिली है।

### निराश्रित छात्रों को बांटे स्टेशनरी व फल



**उन्नाव।** शिक्षक प्रवीण कुमार की पुत्री प्रकृति शर्मा ने हुसैन नगर में निराश्रित बच्चों के लिए चलाए जाने वाले गुरुजी क्लासेस में पढ़ने वाले बच्चों को पोस्टर, कलर्स, ब्रश व फलों का वितरण किया। उन्होंने यह कार्य अपने जन्मदिन पर किया। एलएलबी की छात्रा प्रकृति शर्मा ने बाल अधिकार व महिला अधिकार की जानकारी देते हुए कहा कि छोटे व निराश्रित बच्चों को शिक्षा देने बहुत अच्छा कार्य है। शिक्षक ने कहा कि निराश्रित बच्चों को शिक्षा देना हर किसी के लिए संभव नहीं है। शिक्षा के द्वारा ही संस्कारों को बदलना संभव है। गुरुजी क्लासेस के अजय शंकर ने आभार जताया।

# 156 एग्री स्टार्टअप्स से खेती को मिली नई दिशा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में कृषि क्षेत्र को तकनीक और संस्थागत समर्थन से जोड़ने की दिशा में तेजी आई है। प्रदेश में इस समय 156 पंजीकृत एग्री स्टार्टअप सक्रिय हैं, जो किसानों को क्रेडिट सुविधा, डिजिटल सलाह और बाजार से सीधा संपर्क उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार की पहल से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने का प्रयास मजबूत हुआ है।

राज्य सरकार ने कृषि को परंपरागत ढांचे से बाहर निकालकर तकनीक आधारित मॉडल से जोड़ने पर जोर दिया है। स्टार्टअप्स के माध्यम से किसानों को समय पर ऋण, फसल प्रबंधन पर विशेषज्ञ परामर्श और उत्पाद की बेहतर मार्केटिंग के विकल्प मिल रहे हैं। इससे छोटे और सीमांत किसानों की साहूकारों पर निर्भरता घटी है और पारदर्शी वित्तीय सेवाएं गांव तक पहुंची हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए मौसम पूर्वानुमान, बीज चयन, उर्वरक उपयोग और कीट नियंत्रण संबंधी सलाह मोबाइल एप और कॉल सेंटर के माध्यम से उपलब्ध हो रही है। सरकार की स्टार्टअप नीति और निवेश प्रोत्साहन योजनाओं से युवाओं को कृषि उद्यमिता की ओर आकर्षित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं और खेती को आधुनिक व्यवसाय के रूप में पहचान मिल रही है।

# गोमाता के आशीर्वाद से सजेगी इको-फ्रेंडली होली, तैयार किया ऑर्गेनिक गुलाल'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** इस बार उत्तर प्रदेश में होली के रंग कुछ खास होंगे। योगी सरकार की गोसंवर्धन नीति के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में देसी गाय के गोबर के कंडों की राख और प्राकृतिक तत्वों से 'ऑर्गेनिक गुलाल' तैयार किया जा रहा है। यह पहल न केवल पर्यावरण व स्वास्थ्य के अनुकूल है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का माध्यम भी बन रही है। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता का कहना है कि बुलंदशहर, मथुरा, बिजनौर, सहारनपुर, संभल, उरई और मुरादाबाद समेत कई जिलों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं गोशाला संचालकों के सहयोग से गुलाल बना रही हैं। इसमें गोबर की राख के साथ गुलाब की पंखुड़ियां, चुकंदर, पालक, जामुन की पत्तियां और नील (इंडिगो) जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया जा रहा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, गोबर की राख में मौजूद क्षारीय तत्व नमी को कम कर सूक्ष्मजीवों की वृद्धि रोकने में सहायक होते हैं। प्रसंस्करण के बाद यह राख गुलाल को मुलायम आधार देती है, जिससे कृत्रिम रसायनों की जरूरत नहीं पड़ती। बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त रंगों की तुलना में यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित और पूरी तरह इको-फ्रेंडली है।

इस पहल से जहां एक ओर गोवंश संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। महिलाएं स्थानीय संसाधनों के उपयोग से आय अर्जित कर रही हैं। इस प्रकार, इस बार प्रदेश में होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण का भी उत्सव बनेगी।

## कीर्तिमान

**एआई आधारित रिटर्न स्क्रूटनी से 1.59 लाख करदाताओं के 48 हजार करोड़ से अधिक के डेटा का किया गया विश्लेषण**

# राजस्व संग्रह में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, फरवरी में 9,731 करोड़ की वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 75 जिलों में व्यापारी संवाद कार्यक्रम से बढ़ा राजस्व संग्रह,जीएसटी सुधार

**अमृत विचारः** प्रदेश में राजस्व संग्रह के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। राज्य कर विभाग ने फरवरी माह में 9,731 करोड़ रुपये की वसूली कर यह उपलब्धि हासिल की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 352 करोड़ रुपये अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 1,03,779 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो बीते वर्ष की समान अवधि से 402 करोड़ रुपये ज्यादा है।

सरकार की ओर से जीएसटी दरों के युक्तिकरण, कर प्रणाली के सरलीकरण और तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। जीएसटी 2.0 के तहत ई-इनवॉइस, ई-वे बिल और ऑनलाइन रिटर्न फाइलिंग प्रणाली को मजबूत किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रमों में 10 हजार से अधिक व्यापारियों ने भाग लिया, जिससे स्वैच्छिक कर भुगतान को बढ़ावा मिला और कर चोरी पर अंकुश लगा। राज्य कर विभाग ने एआई आधारित रिटर्न स्क्रूटनी प्रणाली लागू कर 1.59 लाख करदाताओं के 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का विश्लेषण किया। इससे संदिग्ध मामलों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई संभव हुई। बोगस फर्मों के खिलाफ अभियान में 2,166 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी गड़बड़ी पकड़ी गई। इस संबंध में 345 एफआईआर दर्ज की गईं और 86 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। 137 करोड़ रुपये की आईटीसी ब्लॉक की गई, जबकि 1,642 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा कराई गई।

### बकाया वसूली में भी शानदार रहा प्रदर्शन

बकाया वसूली में भी विभाग ने बेहतर प्रदर्शन किया। जीएसटी के तहत 2,406 करोड़ और वैट के तहत 711 करोड़ रुपये की वसूली हुई। ईंट-भट्ठा कारोबार से जनवरी 2026 में 47.62 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो दिसंबर की तुलना में दोगुने से अधिक है। सरकार का दावा है कि पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सख्त प्रवर्तन के समन्वय से राजस्व संग्रह में यह वृद्धि संभव हुई है।

### सीएम योगी के विजन से महेशपुर वन रेंज बनेगा नया ईको-टूरिज्म हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। लखीमपुर खीरी जिले की महेशपुर वन रेंज को नए पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड यहां 2.5 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न पर्यटन सुविधाओं का निर्माण करा रहा है।

महेशपुर वन रेंज दुधवा नेशनल पार्क के बफर क्षेत्र में स्थित है। यहां प्रवेश द्वार, कॉटेज ब्लॉक, शौचालय, पेयजल पॉइंट, इंटरलॉकिंग पाथवे, साइनेज, बेंच और ट्री-सीटिंग जैसी आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए थ्री डी म्यूरल, गजेबो (गोल हट), बच्चों का खेल क्षेत्र, सेल्फी पॉइंट और लाइफ-साइज एनिमल फिगरिन केज भी बनाए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सोलर लाइट्स, वर्षा जल संचयन प्रणाली और ट्यूबवेल जैसी व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। उद्देश्य है कि पर्यटकों को सुरक्षित, रोमांचक और प्रकृति के करीब अनुभव मिले। परियोजना मुख्यमंत्री के सस्टेनेबल टूरिज्म विजन का हिस्सा है, जिसके तहत नेशनल पार्कों और वन्यजीव अभयारण्यों के बफर जोन में भी पर्यटन गतिविधियां बढ़ाई जा रही हैं। यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड पहले से ही महेशपुर के चंदन चौकी क्षेत्र में ईको-लॉज और कैंपिंग साइट संचालित कर रहा है। यहां पर्यटकों को थारू जनजाति के पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय व्यंजनों से भी परिचित कराया जाता है। जनजातीय युवाओं को नेचर गाइड का प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# फंदे से लटके मिले विवाहिताओं के शव, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसैन नगर व बिहार थानाक्षेत्र के मुड़ियन खेड़ा गांव में विवाहिताओं के शव घरों में फंदे से लटके मिले। सूचना पर संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसैन नगर निवासी सुमन (35) पत्नी प्रकाश लोधी मंगलवार सुबह बरामदे में लगे पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। इससे उसकी मौत हो गई। फंदे से लटकने के पहले उसने नहाने गई इकलौती बेटी शालनी के बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। दरवाजा बाहर से बंद देख शालनी ने मां को आवाज लगाई लेकिन उत्तर नहीं मिला। उसने खिड़की से मां को फंदे से लटका देख शोर मचाया। इस पर पहुंचे पड़ोसियों ने शव नीचे उतारा। बेटी ने बताया कि पिता दो साल से सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। गांव के एक मामा का उसके घर आना जाना था। वह घर में शराब भी पीते हैं। घटना की सूचना देकर उसे बुलाया गया लेकिन वो नहीं आए। सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच में कमरे से शराब की बोतल व गिलास भी मिला। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



## !! रंगो के पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं !!

नवाबगंज परिशिष्ट



विनीत सिंह संवाददाता नवाबगंज





साक्षी महाराज
सांसद, उन्नाव

ब्रजेश रावत
विधायक मोहान





गौरांग राठी
जिलाधिकारी, उन्नाव

कृतिराज
सी.डी.ओ., उन्नाव

# कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

## नगर पंचायत नवाबगंज को बनाये नं.–1

## जनता से अपील

1. देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगें। भारत की एकता को सुद्ध करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगें।
2. यह नगर आपका है। नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में पालिका का सहयोग करें। सार्वजनिक सम्पत्तियों को नुकसान न पहुंचायें ।
3. जल अमूल्य है। आवश्यकतानुसार ही जल का दोहन करें।
4. स्वकर योजना का लाभ उठाये तथा अपना गृहकर स्वयं निर्धारित करें एवं पालिका के गृहकर जलकर/जल मूल्य आदि समस्त देयको का भुगतान समय से कर छूट का लाभ उठायें।
5. नगर के सार्वजनिक मार्गों, नालियों आदि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण कर अवरोध उत्पन्न न करें। पालिका नियमावली के अन्तर्गत दण्डनीय है।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण में भारत सरकार की ओर से नियुक्त सर्वेकर्ता/आब्जर्वर द्वारा सफाई से सम्बन्धित प्रश्नों पर नागरिकों का पॉजीटिव फीडबैक हो ।








## दिलीप लशकरी अध्यक्ष

नगर पंचायत नवाबगंज

समस्त सदस्यगण नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

## सात से 15 वर्ष के बच्चों का आधार में बायोमेट्रिक अपडेट मुफ्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने छह महीने के भीतर देशभर के एक लाख से अधिक स्कूलों में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट का अभियान पूरा कर लिया है। इस अभियान से करीब 1.2 करोड़ स्कूली बच्चे लाभांवित हुए हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस अभियान के तहत सात से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आधार में फिंगरप्रिंट एवं आंखों की पुतलियों के स्कैन को अद्यतन करने की सुविधा अक्टूबर, 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए मुफ्त रखी गई है।

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 4 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### ब्रिटानिया को 6.37 करोड़ का जीएसटी मांग का नोटिस

**नयी दिल्ली।** ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज को 6.37 करोड़ रुपये का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मांग का नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह आदेश केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त, ठाणे कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। यह मामला वित्त वर्ष 2020-21 से 2023-24 के बीच का है। विभाग ने कंपनी से 2.12 करोड़ रुपये कर और 4.24 करोड़ रुपये जुर्माना जमा करने को कहा है। इस तरह कुल 6.37 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

### बिग एफएम का रियल एस्टेट में प्रवेश, 4,000 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** रेडियो नेटवर्क बिग एफएम ने रियल एस्टेट कारोबार में कदम रखने की घोषणा की है। कंपनी ने बिग एफएम रियल्टी ब्रांड नाम से इस क्षेत्र में कदम रखते हुए अगले तीन साल में 3,500 से 4,000 करोड़ रुपये के कुल राजस्व का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि अपनी पहली प्रमुख परियोजना के तहत कंपनी ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में लखनऊ-बहराइच रोड पर लगभग 300 करोड़ रुपये में 80 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इस परियोजना से करीब 1,200 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

### डैन बेली जियो प्लेटफॉर्म्स के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने मंगलवार को डैन बेली को अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबारी पहल का नेतृत्व करने के लिए अध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। डैन बेली जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी को रिपोर्ट करेंगे। बेली के पास परामर्श और निवेश बैंकिंग में 35 साल से अधिक का अनुभव है।

## भारत के पास आठ सप्ताह का कच्चा तेल भंडार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष और तनाव के बीच भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों ने आश्वस्त किया है कि देश के पास पेट्रोल, डीजल और अन्य ईंधनों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए छह से आठ सप्ताह का पर्याप्त भंडार मौजूद है। भारत के कच्चे तेल और एलपीजी आयात का लगभग आधा हिस्सा 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से होकर गुजरता है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही में रुकावट आई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सरकार निरंतर स्थिति की निगरानी कर रही है और इस संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। देश के पास वर्तमान में लगभग 25 दिन की खपत के बराबर कच्चे तेल और इतनी ही अवधि के लिए तैयार ईंधन का भंडार उपलब्ध है। हालांकि, तत्काल कमी की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल और परिवहन लागत में वृद्धि से भारत के आयात बिल और मुद्रास्फीति पर प्रभाव पड़ सकता है। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वर्तमान परिस्थितियों में देश की तैयारियों पर मीडिया को जानकारी दी है।



जमशेदपुर में टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा को श्रद्धांजलि देते टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन।

## 187वीं जयंती पर जेएन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर, एजेंसी**

उद्योगपति और परोपकारी जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 187वीं जयंती मंगलवार को झारखंड के जमशेदपुर में मनाई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इस अवसर पर जे एन टाटा को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'राष्ट्र को औद्योगिक प्रगति की राह दिखाने वाले टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की जयंती पर मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं।'

उन्होंने कहा कि जमशेदजी टाटा ने जिस आधुनिक, समृद्ध और मजबूत औद्योगिक प्रणाली की कल्पना की थी, वह आज देश की विकास यात्रा की मजबूत नींव बन गई है। झारखंड से शुरू हुई टाटा समूह की यह यात्रा निरंतर और मजबूती के साथ आगे बढ़ती रहे।

इस अवसर पर टाटा स्टील द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और उनके परिवार के अलावा टाटा स्टील व टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शामिल हुए।

कार्यक्रम में टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन और निदेशक मंडल के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# खाड़ी युद्धः भारत के ऊर्जा क्षेत्र को झटका, एलएनजी में कटौती

### बढ़ रही परिवहन लागत, संघर्ष लंबा चला तो 100 डॉलर प्रति बैरल पहुंचेंगे कच्चे तेल के दाम

- कतर ने बंद की रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी स्थित एलएनजी सुविधाएं
- तेल की बढ़ती आयात लागत से महंगा हो सकता भारत में घरेलू ईंधन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



भारत और विश्व ऊर्जा बाजार पर पश्चिम एशिया के तनाव का प्रभाव साफ नजर आने लगा है, क्योंकि ईरान और अमेरिका-इजरायल संघर्ष ने तेल, गैस और शिपिंग की आपूर्ति में बड़े व्यवधान पैदा किये हैं। देश की ऊर्जा कंपनियां अब तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति में कटौती और कीमतों में वृद्धि के लिए तैयार हैं, जो भारी मशीनरी, उर्वरक और पेट्रो केमिकल प्लांट सहित कई उद्योगों में ईंधन का काम आती है। इस बीच खाड़ी में स्थिति के कारण समुद्री मार्गों पर भी गंभीर व्यवधान आ रहे हैं।

भारत के एलएनजी आपूर्ति के बड़े स्रोत कतर ने रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी स्थित अपनी प्रमुख एलएनजी सुविधाओं को बंद कर दिया है। कतर की यह बंदी विश्व के सबसे बड़े एलएनजी निर्यातक के उत्पादन को रोक देती है और गैस की कीमतों को तेजी से बढ़ा सकती है। यह फैसले ईरान के ड्रोन हमलों के बाद लिये गये हैं, जिनके कारण रास लाफान और मेसाइद औद्योगिक क्षेत्रों की उत्पादन गतिविधियां रुक गयी हैं। भारत जैसे बड़े एलएनजी आयातक देश पर इसका सीधा असर दिख रहा है।

कतर तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी देशों से एलएनजी आयात पर निर्भरता के कारण उपयोगकर्ता कंपनियों को आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण गैस आपूर्ति में कटौती कर दी गयी है और पेट्रोनेट एलएनजी तथा अन्य आयातक कम्पनियों ने ग्राहक इकाइयों को सीमित आपूर्ति की सूचना दी है। साथ ही, संकट की दूसरी बड़ी वजह तेल की कीमतों में उछाल है।

खाड़ी के तनाव के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गयी हैति पर द और कुछ बाजारों में यह 82 डॉलर तक पहुंच चुकी है। इससे तेल की बढ़ती आयात लागत से भारत के घरेलू ईंधन की कीमतों एवं मुद्रास्फीति दबाव बढ़ सकता है। महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज़ जलडमरूमध्य से व्यापार की वस्तुओं का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है।

दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल एवं गैस तो इस मार्ग से आती ही है, साथ ही भारत का करीब 60 प्रतिशत एलएनजी तथा लगभग आधा कच्चा तेल इसी मार्ग से आता है। इससे होने वाले व्यवधान से पोतवहन, लागत, बीमा प्रीमियम और परिवहन दरों में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जो ऊर्जा आपूर्ति की लागत को और बढ़ा सकती है। विश्लेषक चेतावनी दे रहे हैं कि अगर संघर्ष लंबा रहा, तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं।

## अधिक जोखिम वाले इलाकों से गुजरने पर जहाजों को देना होगा अधिक प्रीमियम

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच मालवाहक जहाजों के लिए युद्ध जोखिम से जुड़ा बीमा प्रीमियम बढ़ने की आशंका जताते हुए विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि अधिक जोखिम वाले इलाकों से गुजरने वाले जहाजों को अब अतिरिक्त प्रीमियम चुकाना होगा।

पॉलिसीबाजार के प्रमुख (समुद्री बीमा) बालसुंदरम आर. ने कहा कि कच्चे तेल और एलएनजी के परिवहन में शामिल शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) के जहाजों की लाल सागर जैसे संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों से गुजरने पर युद्ध जोखिम कवरेज हासिल करने पर लागत बढ़ सकती है। बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि युद्ध जोखिम और हड़ताल, दंगे तथा नागरिक अशांति कवर के लिए बीमा कंपनियां आमतौर पर तीन से सात दिन के नोटिस पर कवरेज रद्द कर सकती हैं।

प्रूडेंट इंश्योरेंस ब्रोकर्स के समुद्री विशेषज्ञता प्रमुख गौरव अग्रवाल ने कहा कि हाल ही में जहाज पर युद्ध कवरेज रद्द करने का नोटिस जारी किया गया है और मालवाहक बीमा पर भी ऐसा कदम जल्द उठाया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बीमा कवरेज रद्द होने के बाद नया युद्ध जोखिम कवर उपलब्ध भी होता है, तो उसकी कीमत काफी अधिक हो सकती है।

इंश्योरेंस ब्रोकर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईबीएआई) के हरि राधाकृष्णन ने कहा कि कुछ मामलों में प्रीमियम दर 0.25-0.5 प्रतिशत से बढ़कर लगभग एक प्रतिशत तक पहुंच गई हैं। इससे ढुलाई लागत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और वैश्विक व्यापार प्रवाह पर असर पड़ेगा। बीमा सलाहकारों का मानना है कि संघर्ष लंबा चलने की स्थिति में जहाज खेप की लागत, ढुलाई खर्च और जोखिम प्रीमियम दोनों बढ़ जाएंगे।

### एएआई ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिचालकों से ईंधन भंडार का विवरण मांगा

**नयी दिल्ली/मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के मद्देनजर देश के सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालकों से उपलब्ध ईंधन भंडार और अगले सात दिन के लिए अनुमानित आवश्यकता का विवरण देने को कहा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह निर्देश पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष की पृष्ठभूमि में आया है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा है। सूत्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर ईंधन आपूर्ति की स्थिति को स्पष्ट रूप से समझने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर ये विवरण मांगे गए हैं। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई सहित 33 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। मंत्रालय के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दो मार्च को देश के हवाई अड्डों से 355 उड़ानें रवाना हुईं और 344 उड़ानें आईं।

## कृषि खाद्य क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करेंगे भारत-कनाडा

- दोनों देशों के संस्थानों ने सहमति पत्र पर किये हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और कनाडा ने कृषि खाद्य क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत किया है। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान-कुंडली (निफ्टेम-के) और (यूनिवर्सिटी ऑफ़ सस्केचेवान यू-सास्क) के बीच पांच साल के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

एक सरकारी बयान के मुताबिक, इस समझौते पर निफ्टेम-के के निदेशक हरिंदर सिंह ओबेरॉय और यू-सास्क के उपाध्यक्ष (शोध) बलजीत सिंह ने सस्केचेवान के प्रीमियर स्कॉट मोए और भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा दाल प्रोटीन में एक साझा समर्थित उत्कृष्टता केन्द्र की घोषणा के बाद हुई है, जिसे निफ्टेम-के और यू-सास्क नेतृत्व करेंगे। सहमति पत्र में साझा शोध परियोजनाओं, ऑनलाइन शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षक और छात्रों के आदान-प्रदान, खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में एकीकृत डिग्री प्रोग्राम और उद्योग-उन्मुख अल्पावधिक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

इसमें नवाचार, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, खाद्य सुरक्षा और मूल्य श्रृंखला विकास को आगे बढ़ाने के मकसद से मिलकर वित्तपोषण प्रस्ताव, सेमिनार और वर्कशॉप की भी बात है। अधिकारियों ने कहा कि इस सहयोग से शोध से चलने वाले औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलने और कृषि खाद्य क्षेत्र में भारत-कनाडा सहयोग को और मज़बूती मिलने की उम्मीद है।

साथ ही खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमशीलता में निफ्टेम-के का वैश्विक जुड़ाव बढ़ेगा।

## अंतर-मंत्रालयीय समूह रखेगा पश्चिम एशिया पर नजर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर करीबी नजर रखने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है। निर्यातकों ने आशंका जताई है कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर संयुक्त हमलों के कारण पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव का भारत के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

बजट के बाद आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए गोयल ने कह कि हमने एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है जो प्रतिदिन बैठक कर रहा है और पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है ताकि हमारे पोत परिवहन, लॉजिस्टिक, निर्यात या यहां तक कि महत्वपूर्ण आयात में किसी भी तरह की कमजोर रुख का आकलन किया जा सके।

## चीन से आयातित पीवीसी रेजिन के खिलाफ प्रतिपूर्ति शुल्क जांच शुरू

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

घरेलू कंपनियों की शिकायतों के बाद भारत ने चीन से आयातित पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) रेजिन के खिलाफ प्रतिपूर्ति शुल्क जांच शुरू कर दी है। इस उत्पाद का उपयोग पाइप, बोतल और केबल सहित कई क्षेत्रों में किया जाता है।

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने केम्प्लास्ट कुड्डालोर विनाइल्स, डीसीएम श्रीराम और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा दायर एक आवेदन के बाद यह जांच शुरू की है। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि चीन अपने पीवीसी सस्पेंशन रेजिन निर्माताओं को सब्सिडी दे रहा है और वे कंपनियां भारतीय बाजारों में सस्ते दामों पर माल 'डंप' कर रही हैं, जिससे घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए पुख्ता आवेदन और सब्सिडी की मौजूदगी एवं उससे होने वाली क्षति के प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से संतुष्ट होने के बाद प्राधिकरण इसके द्वारा सब्सिडी-रोधी जांच शुरू करता है। महानिदेशालय कथित सब्सिडी की मौजूदगी, सीमा और प्रभाव का निर्धारण करेगा।

इसके बाद वह प्रतिपूर्ति शुल्क की उस राशि की सिफारिश करेगा, जो लागू होने पर घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगी। आवेदकों का आरोप है कि चीन के उत्पादकों और निर्यातकों को वहां की सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर दी जाने वाली सब्सिडी का लाभ मिला है।

## समय सीमा बढ़ी, 19 मार्च तक दें एनईपी के मसौदे पर सुझाव

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** बिजली मंत्रालय ने राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 के मसौदे पर संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित करने की समयसीमा एक माह बढ़ाकर 19 मार्च तक कर दी है।

मंत्रालय ने 25 फरवरी को जारी एक अधिसूचना में कहा कि कई पक्षों ने विद्युत नीति के मसौदे के प्रावधानों पर गौर करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। उनके अनुरोध पर यह समयसीमा बढ़ाई गई है। इससे पहले, टिप्पणियां और सुझाव देने की अंतिम तिथि 19 फरवरी थी। राष्ट्रीय विद्युत नीति (एनईपी) 2026 का उद्देश्य वितरण कंपनियों के उच्च घाटे और ऋण, शुल्क के लागत के अनुरूप न होने और एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी जैसी समस्याओं का समाधान करना है। मंत्रालय ने पहले कहा था कि 2005 से कई उपलब्धियां हासिल करने के बावजूद यह सुधार किया जा रहा है।

## ...तो भारत में निवेश पर होगा नकारात्मक असर

- बीएमआई ने जारी की 'इंडिया आउटलुक' रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

फिच ग्रुप की इकाई बीएमआई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष भारत में निवेश को प्रभावित कर सकता है। साथ ही यूरोपीय संघ एवं अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौतों से मिलने वाले सकारात्मक प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकता है। बीएमआई ने अपनी 'इंडिया आउटलुक' रिपोर्ट में कहा कि यदि ईरान संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर लगभग 0.3 से 0.6 प्रतिशत अंक तक का नकारात्मक असर पड़ सकता है। रिपोर्ट कहती है कि खासकर दक्षिण एशिया जैसे शुद्ध तेल आयातक देशों पर इस संकट का अधिक प्रभाव पड़ने का अनुमान है।

हालांकि, शोध एवं विश्लेषण इकाई बीएमआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है, जो चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 7.9 प्रतिशत वृद्धि से कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च से अनिश्चितता में तेज वृद्धि हो सकती है, क्योंकि पश्चिम एशिया संघर्ष से निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। रिपोर्ट कहती है कि मार्च से अनिश्चितता में तेज बढ़ोत्तरी होने की आशंका है। हमें लगता है कि इससे भारत में निवेश हतोत्साहित होगा, जिससे ईयू और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौतों का सकारात्मक प्रभाव आंशिक रूप से कम हो सकता है।"

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल और खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन एवं मिसाइलें दागीं।

## एआई और आईटी क्षेत्र में सुधार से 12 फीसदी बढ़ीं नियुक्तियां

**मुंबई, एजेंसी**

कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाए जाने और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में सुधार के चलते देश में दफ्तर में बैठकर काम करने वाले पेशेवरों (व्हाइट कॉलर) की नियुक्तियों में इस साल फरवरी में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' के अनुसार, व्हाइट-कॉलर नौकरियों के बाजार ने हाल के वर्षों में फरवरी महीने का अपना सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। इंडेक्स फरवरी, 2025 के 2,890 अंक के मुकाबले 12 प्रतिशत बढ़कर फरवरी, 2026 में 3,233 अंक पर पहुंच गया।



रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी में नियुक्तियों की रफ्तार में 23 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जो सामान्य तौर पर देखी जाने वाली 13-16 प्रतिशत की वृद्धि से काफी अधिक है।

फरवरी में आईटी क्षेत्र में नियुक्तियों में सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इस क्षेत्र में नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती में आठ प्रतिशत का इजाफा हुआ। रिपोर्ट कहती है कि भारत स्थित बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनियां इसकी मुख्य चालक रहीं, जहां नियुक्तियों में 55 प्रतिशत का उछाल देखा गया।

आईटी क्षेत्र के भीतर एआई-मशीन लर्निंग' से जुड़ी नियुक्तियों में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह दर्शाता है कि फरवरी का प्रदर्शन उच्च-कौशल और उच्च-मूल्य वाले प्रतिभा क्षेत्रों पर केंद्रित रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, नए लोगों की भर्ती में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 20 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक के वेतन पैकेज वाले पदों की मांग में 23 प्रतिशत का इजाफा हुआ। वहीं, गैर-आईटी क्षेत्रों ने भी नियुक्ति की गति को बनाए रखा। इसमें बीमा क्षेत्र 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे आगे रहा।

### काम की बात

### सात लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा

## सीधे बैंक अकाउंट में आएगा निष्क्रिय पीएफ खातों का पैसा

- कर्मचारी के न रहने पर उसके वारिस को मिलेगी रकम
- 31.86 लाख निष्क्रिय खातों में पड़े हैं 10,903 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

यदि आप कर्मचारी हैं या कभी कर्मचारी रहे हैं और कर्मचारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आपके निष्क्रय पड़े खाते में कुछ पैसे फंसे हुए हैं तो ये खबर आपके लिए अच्छी है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अब पुराने और निष्क्रिय खातों में पड़े छोटे-छोटे पैसे वापस लौटाने की तैयारी में जुट गया है। पीटीआई के मुताबिक, देश में सात लाख से ज्यादा ऐसे खाते हैं जहां हर खाते में 1,000 रुपये या उससे कम रकम बची हुई है। इन सबमें कुल 30.52 करोड़ रुपये पड़े हैं, जिन्हें अब सदस्यों या उनके वारिसों को लौटाया जाएगा।




**क्या होते हैं निष्क्रिय खाते :** ईपीएफ खाता तब निष्क्रिय माना जाता है जब उसमें 36 महीने से ज्यादा समय तक न तो कर्मचारी की तरफ से और न ही कंपनी की तरफ से कोई योगदान आता है। ज्यादातर ऐसे खाते नौकरी बदलने वाले लोगों, रिटायर हो चुके लोगों या जिन्होंने पुराने खाते भूल गए हैं, उनमें होते हैं। कुल मिलाकर देश में 31.86 लाख निष्क्रिय ईपीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं। अभी यह अभियान छोटी रकम वाले खातों से शुरू किया जा रहा है।

**पैसे कैसे वापस मिलेंगे?** यह प्रक्रिया काफी आसान और ऑटोमैटिक होगी। जिन लोगों के EPF खाते आधार से जुड़े हुए हैं और बैंक खाते भी लिंक हैं, उनके खाते में पैसे सीधे ट्रांसफर हो जाएंगे। कोई क्लेम फॉर्म भरने या कागजात जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर खाता धारक का निधन हो चुका है, तो रजिस्टर्ड नॉमिनी या कानूनी वारिस को रकम मिलेगी। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है ताकि पुराने खातों की सफाई हो और सही लोगों तक पैसा पहुंच सके।

बता दें कि श्रम मंत्रालय अब सभी निष्क्रिय खातों को धीरे-धीरे सेटल करने की योजना पर काम कर रहा है। इसका उद्देश्य बेकार पड़े पैसों को कम करना और सेवाओं को बेहतर बनाना है। साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि संगठन 'EPFO 3.0' नाम से एक बड़ा डिजिटल प्रोजेक्ट चला रहा है। इसमें कोर बैंकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं आएंगी, जिससे कागजी काम कम होगा और एक ही प्लेटफॉर्म पर खाते मैनेज करने और क्लेम करने की सुविधा मिल सकेगी। जो क्लेम रिस्क चेक पास कर लेंगे, वे पूरी तरह ऑटोमैटिक तरीके से प्रोसेस होंगे। इससे क्लेम सेटल होने में 3 दिन से भी कम समय लग सकता है। संगठन समय- समय पर शिकायतों और प्रोसेसिंग टाइम की समीक्षा भी करता है।

# पाकिस्तान में 16 जगहों पर हमले, जवाबी कार्रवाई में 67 अफगान तालिबान मारे गए

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तानी वायुसेना ने रात भर चलाया सीमा क्षेत्र में अभियान

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने मंगलवार तड़के दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर 16 स्थानों पर हुए हमलों को नाकाम कर दिया और रातभर जारी अभियानों में अफगान तालिबान के 67 और लड़ाकों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने अफगान तालिबान के हमलों के जवाब में 26 फरवरी को शुरू किए गए ऑपरेशन 'गजब-लिल-हक' के बारे में जानकारी दी। तरार ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में रात भर चले अभियानों में अफगान तालिबान के 40 लड़ाके मारे गए।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किये गए एक पोस्ट में बताया कि एक स्थान पर शारीरिक हमला करने का प्रयास किया गया, जबकि 12 स्थानों पर गोलीबारी की गई, जिन्हें बिना किसी जानमाल के नुकसान के नाकाम कर दिया गया। अफगान तालिबान ने उत्तरी बलूचिस्तान के किला सैफुल्लाह, नोश्की और चमन जिलों में 16 स्थानों पर सीमा पार से शारीरिक हमला किया, जबकि पाकिस्तानी सैनिकों ने 25 स्थानों पर गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि सभी ठिकानों पर हुए हमलों को नाकाम कर दिया गया, जिसमें अफगान तालिबान के 27 लड़ाके मारे गए और कई घायल हुए। मंत्री ने यह भी बताया कि उत्तरी बलूचिस्तान में तैनात अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कोर (एफसी) का एक जवान शहीद हो गया, जबकि पांच जवान घायल हो गए। सोमवार को मंत्री ने कहा था कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 435 अफगान तालिबान लड़ाकों को मार गिराया और 630 अन्य घायल हो गए।

## परमाणु पर प्रहार या तेल का खेल

अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी, 2026 को ईरान पर किए गए सैन्य हमलों ने दुनिया को हिला दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान का आधिकारिक उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना बताया गया है, लेकिन इसके पीछे की भू-राजनीतिक परतें कहीं अधिक गहरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या और प्रमुख परमाणु केंद्रों पर हमलों ने खाड़ी क्षेत्र को एक भीषण युद्ध की ओर धकेल दिया है। फरवरी महीने के अंतिम दिनों में शुरू हुआ यह हमला केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि दशकों से चल रहे अमेरिका-ईरान तनाव का चरम बिंदु है। अमेरिका का तर्क है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने के समय को घटाकर एक हफ्ते से भी कम कर दिया था, जिससे वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया। हालांकि, आलोचक इसे तेल का खेल और सत्ता परिवर्तन की चाल मान रहे हैं।

## अमेरिका-ईरान जंग




### हमले की अमेरिकी वजह

● परमाणु संवर्धन : अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने यूरेनियम को 60% से अधिक शुद्धता तक संवर्धित कर लिया था, जो सैन्य ग्रेड के बहुत करीब है।

● मिसाइल कार्यक्रम : अमेरिका का दावा है कि ईरान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें विकसित कर रहा था जो यूरोप और अमेरिकी मुख्य भूमि तक पहुंच सकती हैं जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया था।

● सत्ता परिवर्तन : राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरानी जनता से सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है। ईरान में आम लोग खामेनेई के शासन के खिलाफ हैं।

### क्या है यह तेल का खेल

● ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के आधिकारिक कारणों में तेल का जिक्र नहीं है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण वैश्विक तेल आपूर्ति का 20% हिस्सा तय करता है। रणनीतिकारों का मानना है कि ईरान की क्षेत्रीय शक्ति को कुचलकर अमेरिका ऊर्जा मार्गों पर अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहता है। आलोचकों का कहना है कि मध्य पूर्व में सऊदी अरब के अलावा इराक, यूएई, कुवैत और ईरान कच्चे तेल के बड़े उत्पादक हैं।

● ईरान पर हमले के पीछे भी वेनेजुएला की तरह तेल की बू आती है। अमेरिका तेल उत्पादन और उसके परिवहन में अपना दबदबा कायम करना चाहता है। ईरान पर हमले के पीछे यह भी बड़ी वजह हो सकती है। पिछले दिनों अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला बोलकर वहां के राष्ट्रपति मादुरो को गिरफ्तार कर लिया था। जिसकी दुनिया भर में निंदा की गई थी। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है लेकिन उत्पादन कम।

### मध्य पूर्व के बड़े तेल उत्पादक

● बड़े खिलाड़ी : सऊदी अरब के अलावा इराक, यूएई, कुवैत और ईरान तेल के बड़े खिलाड़ी हैं। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद वह भारी मात्रा में उत्पादन कर रहा है।

● सऊदी अरब : यह क्षेत्र का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। 2024 में इसका उत्पादन लगभग 10 .87 मिलियन बैरल प्रतिदिन था।

● ईरान : भारी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान का उत्पादन बढ़ा है। 2024 में यह लगभग 4 .62 मिलियन बैरल प्रतिदिन उत्पादन के साथ क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक था।

● इराक : यह लगभग 4 .50 मिलियन बैरल प्रतिदिन उत्पादन के साथ प्रमुख खिलाड़ी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दक्षिण अफ्रीका में इमारत ढही, नौ मरे

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग शहर में एक इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर नौ हो गई। आपातकालीन सेवाओं और शहर के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकार इमारत को अवैध बताते हुए उसे ध्वस्त करने की तैयारी कर रही है। जोहानिसबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं की प्रवक्ता जोलिले खुमाओलो ने कहा कि दो और शव बरामद किए गए हैं जबकि एक अन्य शव मलबे में पड़ा दिखा है। बचाव टीम शवों को कंक्रीट के मलबे से बाहर निकालने में व्यस्त हैं। जोहानिसबर्ग के सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारी म्गिनी त्शवाकू ने पुष्टि की।

### रजा पहलवी का समान अधिकारों का वादा

**वॉशिंगटन।** ईरान से निर्वासित पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी ने देश के जातीय समुदायों से एकजुट रहने का आह्वान किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, भविष्य में धर्म और राज्य की अलग-अलग व्यवस्था पर आधारित शासन में जनता को किसी भी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। पहलवी ने कहा कि हम इस शासन के पतन की कगार पर हैं। उन्होंने स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करने वाली अवसरवादी ताकतों से सतर्क रहने का आग्रह किया और संकल्प लिया कि इस्लामिक गणराज्य के बाद के ईरान में सभी समुदाय कानून के शासन और समान नागरिकता अधिकारों के तहत रहेंगे।

### ईरान के गेराश में 4.3 तीव्रता का भूकंप

**तेहरान।** दक्षिणी ईरान के गेराश शहर के निकट मंगलवार को 4 .3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी है। भूकंप का केंद्र भूमि की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी कम गहराई वाले भूकंप सामान्यत: प्राकृतिक टेक्टोनिक गतिविधियों से जुड़े होते हैं और इस भूगर्भीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में ऐसे झटके असामान्य नहीं माने जाते।

### चुनौतियों के बीच चीन में होगी वार्षिक संसद

**बीजिंग।** रियल एस्टेट क्षेत्र की सुस्ती, छोटे व्यवसायों की मुश्किलें और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी चीन की रफ्तार को थाम रही हैं। चीनी नेता शी जिनपिंग की उच्च प्रौद्योगिकी और एआई पर आधारित महत्वाकांक्षाओं और धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि की कठोर वास्तविकताओं के बीच संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की वार्षिक बैठक गुरुवार से शुरू हो रही है।

# भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरण

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी अर्थव्यवस्था में तीव्र वृद्धि विकसित भारत की मजबूत नींव

● बजट 2026-27 पर राष्ट्रीय वेबिनार का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव के आज के दौर में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व के लिए आशा की किरण बन गई है इसकी तीव्र वृद्धि विकसित भारत की मजबूत नींव है।

प्रधानमंत्री ने बजट 2026-27 पर राष्ट्रीय वेबिनार की इस वर्ष की श्रृंखला की दूसरी कड़ी के उद्घाटन संबोधन में कहा कि इस बार के बजट में अर्थव्यवस्था के उन स्तंभों और क्षेत्रों को मजबूत करने के ठोस कदम उठाए गए हैं जो वैश्विक परिवर्तनों को देखते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय विनिर्माण के लिए मजबूत भागीदारों की तलाश में है और भारत ने हाल में विभिन्न देशों और समूहों से जो मुक्त व्यापार समझौते किये हैं उससे देश के उद्योग-व्यवसाय जगत के लिए अवसरों का एक बड़ा द्वार खुला है। इसका फायदा उद्योग जगत को ही उठाना है और इसके लिए उसे अनुसंधान, बाजारों के अध्ययन और नवाचार पर समय तथा साधन खर्च करने होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योगों को अवसरों का पूरा लाभ उठाना है तो उन्हें गुणवत्ता को अपना महामंत्र बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य की प्रति के लिए सभी हितधारकों के बीच सामूहिक हिस्सेदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। आर्थिक वृद्धि की निरंतरता बनाए रखने और रफ्तार तेज करने के विषय पर आयोजित इस वेबिनार में प्रधानमंत्री ने अधिक निर्माण करो, अधिक उत्पादन करो, अधिक संपर्क स्थापित करो और अधिक निर्यात करो के मूल मंत्रों को दोहराया।



### बाधाओं को दूर करने को सरकार अग्रसर

प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख क्षमताओं को मजबूत करने और मौजूदा बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। मोदी ने जोर देते हुए कहा, दुर्लभ खनिज तत्वों के लिए समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर और कंटेनर विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य व्यापार के लिए अनुकूल परिवेश को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित 'बायोफार्मा शक्ति मिशन' का भी उल्लेख किया जिसका उद्देश्य भारत को जैविक औषधियों और अगली पीढ़ी की उपचार प्रणालियों के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। कहा, हम उन्नत बायोफार्मा अनुसंधान और विनिर्माण में नेतृत्व की ओर बढ़ना चाहते हैं। मोदी ने वैश्विक परिस्थितियों में हो रहे बदलावों के संदर्भ में कहा कि दुनिया विश्वसनीय और मजबूत विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है।

### चर्चाएं और उससे निकलने वाले सुझावों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से कहा, निश्चित रूप से, आज आप लोगों के बीच होने वाली चर्चाएं और उनसे निकलने वाले सुझाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों के बीच तालमेल के संबंध में बोलते हुए यह स्पष्ट किया कि विनिर्माण, संचालन व्यवस्था, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और शहरी केंद्र अलग-अलग इकाइयां नहीं हैं बल्कि एक ही आर्थिक संरचना के परस्पर जुड़े हुए स्तंभ हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार विनिर्माण निर्यात को बढ़ावा देता है जबकि प्रतिस्पर्धी एमएसएमई लचीलेपन और नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। मोदी ने कहा, इस वर्ष के बजट ने इन सभी स्तंभों को बहुत मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी के बिना केवल नीतिगत दिशा-निर्देशों से ही परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। उन्होंने हितधारकों से विनिर्माण और उत्पादन बढ़ाने तथा लागत संरचना को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने पर चर्चा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

# हमला नहीं करते तो ईरान कुछ महीनों में प्राप्त कर लेता परमाणु प्रतिरोधक क्षमता

● इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू बोले, बेहद जरूरी था हमला

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमला इसलिए किया क्योंकि तेहरान ने अपना परमाणु कार्यक्रम फिर से शुरू कर दिया था और वह कुछ ही महीनों में परमाणु प्रतिरक्षा प्राप्त कर लेता।

नेतन्याहू ने मंगलवार को फॉक्स न्यूज से कहा कि ईरान पर हमला करना बेहद जरूरी था क्योंकि तेहरान अपने मिसाइल एवं परमाणु कार्यक्रमों को हमलों से बचाने के लिए नए भूमिगत ठिकाने बना रहा था। उन्होंने कहा, ईरान ने नए ठिकाने, नए स्थल, भूमिगत बंकर बनाना शुरू कर दिया, जो उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और परमाणु बम कार्यक्रम को कुछ ही महीनों में सुरक्षित कर देते। अगर अभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती, तो भविष्य में भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। इजराइली प्रधानमंत्री ने टीवी चैनल से कहा, हमें अभी कार्रवाई करनी पड़ी, इसका कारण यह है कि पिछले साल जून में हुए 12 दिवसीय युद्ध में उनके परमाणु ठिकानों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर हमला करने के बाद... उन्होंने नए ठिकाने और भूमिगत बंकर बनाने शुरू कर दिए, जो कुछ ही महीनों में उनके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और परमाणु बम कार्यक्रम को सुरक्षित कर देते। उन्होंने कहा, अगर अभी कोई कार्रवाई नहीं की जाती, तो भविष्य में भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाती।

यह नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल किए गए दावों के विपरीत है। इजराइली नेता ने कहा था कि इजराइल ने ईरान पर ऐतिहासिक विजय हासिल की है जो पीढ़ियों तक कायम रहेगी। वहीं, ट्रंप ने दावा किया था कि ईरानी परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से नष्ट हो गया है। साक्षात्कार में नेतन्याहू ने इस बात से इनकार किया कि अमेरिका और इजराइल ईरान के खिलाफ अंतहीन युद्ध में लगे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अभियान जल्द ही समाप्त हो जाएगा। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने लोगों को यह कहते सुना है कि यहां एक अंतहीन युद्ध होने वाला है - लेकिन ऐसा नहीं है क्योंकि... ईरान में यह आतंकी शासन अपनी स्थापना के बाद से सबसे कमजोर दौर में है।

### मोदी ने ओमान के सुल्तान व कुवैत के प्रिंस से बात की, प. एशिया में संघर्ष पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक, कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से बात की और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान उनके देश पर हुए हमलों को लेकर चिंता जतायी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टेलीफोन पर हुई बातचीत में, प्रधानमंत्री मोदी ने इन नेताओं से वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के कल्याण और सुरक्षा पर भी चर्चा की। एक अधिकारी ने बताया, प्रधानमंत्री ने मंगलवार दोपहर बाद खाड़ी क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण नेताओं से बातचीत की। उन्होंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक, कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से फोन पर बातचीत की। मोदी ने इन नेताओं से उनके देश पर हुए हमलों को लेकर चिंता जतायी और वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के कल्याण और सुरक्षा पर चर्चा की। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद फोन पर यह बातचीत हुई।

# कोर्ट के आदेशों के खिलाफ अपील प्रवृत्ति पर लगे रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

● विधि अधिकारियों ने ऐसे मामलों को बताया बड़ी चुनौती

अदालती आदेशों के खिलाफ केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा बिना सोचे-समझे अपील दाखिल करने की प्रवृत्ति को सरकार से जुड़े मुकदमों पर अंकुश लगाने के लिए एक प्रमुख चुनौती बताया गया है।

सरकारी मुकदमों के प्रभावी और कुशल प्रबंधन पर हाल ही में आयोजित एक सम्मेलन में, दो दर्जन से अधिक केंद्रीय सचिवों और शीर्ष विधि अधिकारियों ने सेवा और अन्य मामलों में अपीलों के लिए स्पष्ट मानदंड, मुकदमों के समन्वित निपटान के लिए प्रत्येक विभाग में एक विशिष्ट अधिकारी की नियुक्ति और अदालती फैसलों के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए तंत्र की सिफारिश की ताकि अवमानना संबंधी मुकदमों को कम किया जा सके। केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा शनिवार को आयोजित सम्मेलन में, सेवा संबंधी मुकदमों, जवाबी हलफनामा दाखिल करने से पहले उचित परामर्श का अभाव, विभिन्न मंत्रालयों द्वारा अपनाए गए भिन्न रुख, विभागों और पैनल वकीलों के बीच समन्वय की कमी तथा सुविचारित नीतिगत निर्णय के बजाय बिना किसी सोच-विचार के अपील दाखिल करने की प्रवृत्ति जैसी प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों और मंत्रालय द्वारा विभिन्न मामलों से संबंधित विवरण साझा किए गए।

## मेलानिया ट्रंप ने की संरा सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक संघर्षरत क्षेत्रों में बच्चों के मुद्दे पर केंद्रित थी, जो ट्रंप के प्रमुख अभियानों में से एक रहा है।

यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका, इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह वैश्विक संस्था के सबसे शक्तिशाली निकाय में अध्यक्ष का पद संभालने वाली पहली महिला हैं जो दुनिया के किसी राष्ट्र प्रमुख की पत्नी हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी को यह अवसर इसलिए दिया गया है क्योंकि अमेरिका मार्च के लिए परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है।

# टीडीबी के पूर्व अध्यक्ष वासु से ईडी की पूछताछ

कोच्चि, एजेंसी

● शबरीमला सोना चोरी मामले में एजेंसी कर रही जांच

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शबरीमला मंदिर में सोना चोरी होने की घटना से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष एन. वासु से मंगलवार को पूछताछ की।

वासु को पिछले साल शबरीमला में सोने की चोरी के मामलों में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गिरफ्तार किया था और हाल ही में उन्हें वैधानिक जमानत पर रिहा किया गया था। जांच के तौर पर ईडी ने अब तक शबरीमला के पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों एस श्रीकुमार और मुरारी बाबू, पूर्व टीडीबी सचिव एस जयश्री और अभिनेता जयराम से पूछताछ की है।

एजेंसी ने इस साल जनवरी में केरल पुलिस की दो प्राथमिकियों के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था।

एजेंसी की ओर से दर्ज किए गए मामले में शबरीमला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर के द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजों से कथित तौर पर सोने की हेराफेरी का आरोप लगाया गया था।

केरल उच्च न्यायालय द्वारा गठित और उसकी देखरेख में गठित विशेष जांच समिति मंदिर से कथित तौर पर सोने के गबन की जांच कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज नई परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। विद्या को सीखने का प्रयास करेंगे।

**तुला** – आज परिवार एवं समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। अपने विरोधियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। अपने खर्चों पर धीरे-धीरे नियन्त्रण कर लेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी दिशाओं से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत शुभ है। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**धनु** – आज बच्चों के साथ पिकनिक की योजना बना सकते हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपने मन की बातें प्रेमीजन से साझा कर सकते हैं।

**मकर** – आज घर की बातें बाहर वालों से शेयर न करें। व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

**सिंह** – आज अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लन्घन न करें। शाम को तनाव से राहत मिलेगी। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कुंभ** – आज थकान की वजह से आप अपने कार्यों में अधिक ध्यान नहीं दे पायेंगे। धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है।

**कन्या** – आज प्रतिभा को विकसित करने में सफल रहेंगे। कड़ी मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। छोटी-छोटी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें।

**मीन** – आज बुरी नीयत वाले लोग आपको धोखा देने की कोशिश करेंगे। दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 04 .48 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाफाल्गुनी 07 .39 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

### सुडोकू - 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

### सुडोकू -79

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | 9 | 9 | | 5 |
| | | 7 | 5 | | 4 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 1 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

अमेरिका-ईरान जंग

हमलों को लेकर अंतराष्ट्रीय कानून की प्रासंगिता पर उठ रहे सवाल

# ईरान में बालिका विद्यालय पर हमले के बाद छिड़ी नई बहस

जोंडालुप, एजेंसी

● मिनाब शहर में हुए हमले में हुई थी करीब डेढ़ सौ छात्राओं की मौत

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद दक्षिणी ईरान के मिनाब में शजराह तैय्यबेह बालिका प्राथमिक विद्यालय पर हमले की खबरों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून की प्रासंगिकता पर नई बहस छेड़ दी है। खबरों के अनुसार, हमले के समय विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं।

ईरानी अधिकारियों ने दावा किया है कि इस घटना में 150 से अधिक लोगों की मौत हुई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 60 अन्य घायल हुए हैं। इन आंकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा सत्यापित वीडियो में बचावकर्मियों को मलबे में तलाश करते, स्कूल बैग निकालते और दीवारों पर जलने के निशान देखे जा सकते हैं। अमेरिकी अखबार 'न्यूयॉर्क टाइम्स' का कहना है कि उसने ऐसे वीडियो सत्यापित किए हैं जिनमें विद्यालय के पास इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का एक नौसैनिक अड्डा और उस अड्डे पर हमले के दृश्य दिखाई देते हैं।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधियों ने इसे नागरिक बुनियादी ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाने का मामला बताते हुए युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है। अमेरिका और इज़राइल ने सार्वजनिक रूप से विद्यालय को निशाना बनाने की पुष्टि नहीं की है। अमेरिकी सैन्य कमान 'सेंटकॉम' ने कहा है कि नागरिकों को हुए संभावित नुकसान की रिपोर्टों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जांच की जा रही है। उसने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और अनपेक्षित क्षति को न्यूनतम करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए जाते हैं।

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून लागू होता है, जो भेद, अनुपातिकता और सैन्य आवश्यकता जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। इन सिद्धांतों के तहत केवल सैन्य ठिकानों और लड़ाकों को निशाना बनाया जा सकता है, जबकि स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक परिवहन जैसे नागरिक ढांचे संरक्षित माने जाते हैं। किसी लक्ष्य की प्रकृति को लेकर संदेह होने पर उसे असैन्य माना जाना चाहिए।

### यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत स्थलों के भविष्य पर जताई चिंता

**पेरिस।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अमेरिका-इजरायल हवाई हमले के बाद ईरान के गोलेस्तान पैलेस को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक एजेंसी ने ईरान में अमेरिका-इजरायल बमबारी के बाद मध्य पूर्व में कई विरासत स्थलों के भविष्य पर चिंता जताई है। ईरान की मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, सोमवार को तेहरान में अर्ग स्क्वायर पर हुए हवाई हमले के कारण गोलेस्तान पैलेस चपेट में आ गया। कथित तौर पर महल की खिड़कियों, दरवाजों और शीशों को नुकसान पहुंचा है। गोलेस्तान पैलेस तेहरान के ऐतिहासिक केंद्र के बीचोबीच स्थित है। यह चारदीवारी वाला महल शहर के सबसे पुराने परिसरों में से एक है। यूनेस्को के अनुसार, 1779 में सत्ता में आने वाले कजार परिवार ने तेहरान को देश की राजधानी बनाया तथा यह पैलेस सत्ता का केंद्र बन गया। तालाबों और बगीचों से घिरे इस महल ने अपनी सजावट और प्रमुख विशिष्टताएं 19वीं शताब्दी में प्राप्त की थी।

## बिल क्लिंटन ने एप्स्टीन से संबंधों को नकारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने सांसदों के समक्ष बंद कमरे में दी गवाही में यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से दूरी बनाने की कोशिश की। यह बयान उन्होंने प्रतिनिधि सभा की निगरानी समिति के समक्ष दी गयी गवाही में दिया, जिनके वीडियो सोमवार को जारी किए गए। क्लिंटन ने कहा कि 2008 में एप्स्टीन द्वारा एक नाबालिग लड़की से वेश्यावृत्ति कराने के आरोप में दोष स्वीकार करने से कई वर्ष पहले ही उन्होंने उससे संबंध समाप्त कर लिए थे।, उनकी पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने कहा कि उन्हें एप्स्टीन से मुलाकात की याद तक नहीं है। एप्स्टीन ने 2019 में न्यूयॉर्क में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और तस्करी के आरोपों में जेल में आत्महत्या कर ली थी।







**सेमीफाइनल में आज**

| टीम | समय |
|---|---|
| न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

### भारत-इंग्लैंड की टीमें एक-दूसरे को बखूबी जानती हैं : कुरेन

**मुंबई।** भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड के सैम कुरेन ने कहा कि दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ इतना खेल चुकी हैं कि कुछ छिपाने के लिए नहीं है लेकिन उन्हें अपनी टीम से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। इंग्लैंड ने 2022 में भारत को सेमीफाइनल में दस विकेट से हराने के बाद खिताब जीता था जबकि भारत ने 2024 में इंग्लैंड को 78 रन से हराने के बाद खिताब जीता था। कुरेन ने वानखेड़े स्टेडियम पर इंग्लैंड के अभ्यास सत्र से पहले कहा इस मैदान पर हम काफी खेल चुके हैं लिहाजा कुछ छिपा नहीं है। उन्होंने कहा हमारे पास अभ्यास के लिये दो दिन का समय है जिससे हालात के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी। इन स्टेडियमों में हम इतना खेल चुके हैं कि अलग अलग हालात की आदत हो गई है।

### चंद्र ग्रहण की वजह से अभ्यास में विलंब

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले चंद्र ग्रहण की वजह से मंगलवार शाम के ट्रेनिंग सत्र में एक घंटे से अधिक का विलंब किया। टी20 विश्व कप के सह मेजबान भारत को पहले यहां वानखेड़े स्टेडियम में शाम छह से नौ बजे तक ट्रेनिंग करनी थी लेकिन टीम आखिरकार शाम सात बजकर 20 मिनट के करीब मैदान पर उतरी। सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्य खिलाड़ियों और कोच से पहले मैदान पर पहुंच गए थे लेकिन ट्रेनिंग कुछ देर बाद शुरू हुई। स्टेडियम की फ्लडलाइट भी शाम करीब छह बजकर 50 मिनट पर चालू कर दी गईं थी।

### प्रेशर से भागो मत सामना करो : गंभीर

**नई दिल्ली।** इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने प्लेयर्स से नॉकआउट के प्रेशर को अपनाने की अपील की है, क्योंकि डिफेंडिंग चैंपियन टीम गुरुवार को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में दो बार की विनर इंग्लैंड का सामना करने के लिए तैयार है। बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में बोलते हुए, गंभीर ने साफ किया कि इंडिया इस मौके की अहमियत से पीछे नहीं हटेगा। भारत की 2007 और 2011 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य गंभीर ने माना कि घर पर नॉकआउट खेलने का ज्यादा वजन होता है, लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टीम को पॉजिटिव लेना चाहिए।

### लक्ष्य ने शी युकी को हराकर किया उलटफेर

**बर्मिंघम।** भारत के लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां अपनी मानसिक मजबूती और शारीरिक ताकत का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियशिप के पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के शी युकी को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। लक्ष्य ने इस मुकाबले में 23-21, 19-21, 21-17 से जीत हासिल की। उन्होंने दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी युकी को व्यक्तिगत मुकाबले में पहली बार हराया। लक्ष्य ने 2023 में एशियाई खेलों की टीम चैंपियनशिप में चीन के इस खिलाड़ी को हराया था।

# दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के कप्तानों की भूमिका होगी अहम

## टी-20 विश्व कप : पहला सेमीफाइनल आज, आत्मविश्वास से भरी हैं दोनों टीमें



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम।

**कोलकाता, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को यहां टी-20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है, जिसमें दोनों टीम के कप्तानों की भूमिका अहम होगी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर इस समय शानदार फॉर्म में हैं। अमूमन ऐसा नहीं होता कि दोनों टीमों के कप्तान ही सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हों। ऐसे में मार्करम और सैंटनर के बीच मुकाबला दिलचस्प होगा, जो ईडन गार्डन्स में हजारों दर्शकों को रोमांच से भर देगा। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी प्रतियोगिताओं में प्रतिद्वंद्विता 2015 में वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के दौरान अपने चरम पर पहुंच गई थी। तब न्यूजीलैंड ने एक रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हरा दिया था जिससे डेल स्टेन और एबी डी विलियर्स जैसे खिलाड़ियों को करारा झटका लगा था।

दक्षिण अफ्रीका अब शुकरी कॉनराड के मार्गदर्शन में खतरनाक टीम बन गई है, जिसने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतकर अपने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अभी तक सीमित ओवरों की कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन ''चोकर'' का विख्यात तमगा अब उनके क्रिकेट शब्दकोश का हिस्सा नहीं है। इस मुकाबले के केंद्र में दो ऐसे कप्तान हैं, जिनकी अक्सर उतनी प्रशंसा या चर्चा नहीं होती जितनी होनी चाहिए थी क्योंकि वह रणनीतिक और तकनीकी रूप से उन कप्तानों से कहीं बेहतर हैं जिनकी कहीं अधिक प्रशंसा की जाती है। मारकरम ने अभी तक इस टूर्नामेंट में 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 268 रन बनाए हैं। उन्होंने पावर प्ले में गेंदबाजों को अच्छी तरह से निशाना बनाया है। दूसरी तरफ सैंटनर ने 6.35 की इकॉनमी रेट के साथ बल्लेबाजों को बांधे रखा है। उन्होंने बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाया है। मार्क्रम, क्विंटन डीकॉक, डेवाल्ड ब्रेविस, रयान रिकलेटन, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और मार्को यानसन जैसे दमदार बल्लेबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम किसी भी विरोधी टीम की नींद उड़ा सकती है। लेकिन सैंटनर के पास रचिन रविंद्र (सात से कम इकॉनमी रेट से नौ विकेट), ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची जैसे स्पिनर होंगे जिन्होंने अभी तक मिलकर अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर भारत को छोड़ दिया जाए तो दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इतने अच्छे स्पिन आक्रमण का सामना करेगी। न्यूजीलैंड के पास दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने के लिए एक अच्छे लेग स्पिनर की कमी है क्योंकि ईश सोढ़ी ने अब तक खेले गए मैचों में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है।

**टीम**

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, डेवोन कॉनवे, काइल जैमीसन, जैकब डफी, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्क चैपमैन, मैट हेनरी, इश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, जेम्स नीशम।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, एनरिक नॉर्किया, जेसन स्मिथ।



न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर।



अभ्यास सत्र के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।



अपने साथी के साथ न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी (बाएं)।



दक्षिण अफ्रीका के क्वेना मफाका।

# बुमराह को पावरप्ले में कम से कम दो ओवर मिलने चाहिए : गावस्कर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि हैरी ब्रुक और जसप्रीत बुमराह के बीच की जंग भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले का नतीजा तय करेगी तथा उन्होंने भारतीय टीम प्रबंधन से अपनी तेज गेंदबाजी के अगुआ को पावरप्ले में कम से कम दो ओवर देने का आग्रह किया।

मौजूदा चैंपियन भारत गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगा। इससे पहले 2022 और 2024 में भी इन दोनों टीमों के बीच सेमाईफाइल खेला गया था। इंग्लैंड ने 2022 में एडिलेड में भारत को 10 विकेट से हराया, जबकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने दो साल बाद वेस्टइंडीज के प्रोविडेंस में इसका बदला चुकता कर दिया था।गावस्कर ने चैम्प्स फाउंडेशन के लिए आयोजित की जा रही डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ प्रतियोगिता से पहले मीडिया से कहा मेरा मानना है कि बुमराह को पावरप्ले में कम से कम दो ओवर करने चाहिए, क्योंकि नई गेंद से अगर वह शुरू में विकेट ले लेते हैं, तो भारत का पलड़ा भारी हो जाएगा। वह जोस बटलर, फिल साल्ट और हैरी ब्रूक के विकेट लेकर इंग्लैंड की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर सकते हैं। बुमराह पावरप्ले के दौरान एक ओवर ही गेंदबाजी करते रहे हैं, क्योंकि टीम डेथ ओवरों के लिए उनके कम से कम दो ओवर बचाकर रखती है। गावस्कर ने कहा कि बुमराह को चार ओवर के बाद गेंद सौंपने का कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने कहा जब चार ओवर पहले ही फेंके जा चुके हैं और बल्लेबाजों को लगभग 20 गेंदें खेलने को मिल चुकी हैं, तो इसका मतलब होगा कि जब बुमराह गेंदबाजी करने के लिए आएंगे तो दोनों बल्लेबाजों को 8-10 गेंदें खेलने को मिल चुकी है और उन्होंने क्रीज पर अपने पांव जमा लिए होंगे। बुमराह और भारत दोनों के लिए यह बेहतर नहीं होगा कि बुमराह शुरू में गेंदबाजी करके विकेट हासिल करें। इस गुरु भारतीय कप्तान ने कहा कि दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में लचीलापन है।



> जहां तक बुमराह का सवाल है तो उनको समझना आसान नहीं है। वह पहले वाइड गेंद फेंकते हैं तो अक्सर लगता है कि गेंद अंदर की तरफ आएगी। लेकिन वह गेंद को स्विंग करा सकते हैं। इसीलिए वह तीनों प्रारूप में इतने खतरनाक गेंदबाज हैं।
>
> -सुनील गावस्कर



## मंधाना महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 58 और 31 रन की पारियां खेलने वाली स्मृति के 790 अंक हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट को पछाड़ा जिनके 782 अंक हैं। वोलवार्ट के पास मार्च और अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान फिर से शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका होगा।

अपने अंतिम एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में शतक जड़ने वाली एलिसा हीली ने 744 अंक के साथ रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहते हुए अलविदा कहा। बेथ मूनी तीसरे जबकि एशले गार्डनर (724) पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नौवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर हैं।

# विश्व कप विजेता महिला टीम लॉरेस पुरस्कार के लिए नामित

**मैड्रिड, एजेंसी**



भारत की महिला क्रिकेट टीम को पिछले साल पहली बार विश्व कप खिताब जीतने के लिए लॉरेस की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। लॉरेस स्पोर्ट ने मंगलवार को नामांकन की पुष्टि की। भारतीय टीम इस पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम है। यह विश्व कप में टीम के शानदार प्रदर्शन की पहचान है। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत के दौरान महिलाओं के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल किया था।

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम, यूरोपीय राइडर कप टीम, फ्रांस की फुटबॉल लीग की टीम पेरिस सेंट जर्मेन और मैकलारेन फॉर्मूला वन टीम जैसी बड़ी टीमों के साथ नामित किया गया है। लॉरेस स्पोर्ट ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य (339) को हासिल किया। इसके बाद टीम ने दक्षिण अफ्रीका अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला खिताब जीता और इस पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय महिला टीम की जीत देश के क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में एक अहम पल था।

सैकिया ने बयान में कहा विश्व कप 2025 की जीत ना केवल टीम के लिए बल्कि हमारे देश के पूरे क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक अहम पल था। टीम ने युवा लड़कियों की एक नई पीढ़ी को क्रिकेट अपनाने के लिए प्रेरित किया है और हम उन नींव और सहयोग प्रणाली को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो आने वाले वर्षों तक इस कामयाबी को बनाए रखेंगे।

**एएफसी एशियाई कप**

**मैच से पहले सामने आया शर्मनाक सच, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के भीतर कुप्रबंधन उजागर**

# भारतीय महिला टीम के पास उचित खेल किट नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया में एएफसी महिला एशिया कप के मैच से ठीक एक दिन पहले टीम की खिलाड़ियों ने उचित किट नहीं होने का मामला उठाया है जिससे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के भीतर कुप्रबंधन भी उजागर होता है। भारत बुधवार को पर्थ में वियतनाम के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। उससे पहले टीम की सभी 26 खिलाड़ियों ने एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायणन को पत्र लिखकर उचित कपड़ों और खेल किट की कमी पर अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे उनके मनोबल पर असर पड़ा है और उनका ध्यान भंग हुआ है।

पत्र में कहा गया है, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पेशेवर मानकों को पूरा करना जरूरी होता है। जिसमें खिलाड़ियों को फिट आने वाली उचित पोशाक भी शामिल है। इससे एआईएफएफ प्रबंधन में पेशेवरपन की कमी का पता चलता है। पत्र के अनुसार पिछले कुछ दिनों में खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को उचित पोशाक नहीं होने के कारण टूर्नामेंट से पहले ही चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए गलत मैच किट के आने से मनोबल पर बुरा असर पड़ा है और इससे हमारे एकाग्रता भंग हुई है। इस पत्र पर कप्तान स्वीटी देवी नागमबम और देश की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने वाली ग्रेस डांगमेई समेत आठ खिलाड़ियों ने हस्ताक्षर किए हैं। पत्र में कहा गया है कि अन्य खिलाड़ी भी इस पत्र से सहमत हैं। पत्र में सभी 26 खिलाड़ियों के नाम दिए गए हैं। पत्र के अनुसार, सभी खिलाड़ियों ने दो मार्च को दोपहर दो बजे बैठक की और सर्वसम्मति से यह पत्र लिखने का फैसला किया। बैठक में स्वीटी देवी, मनीषा कल्याण, ग्रेस डांगमेई, संगीता बसफोरे, पंथोई चानू, संजू, प्यारी ज़ाक्सा, श्रेया ने अहम भूमिका निभाई।



### भारत का पहला मैच वियतनाम से, अंतर्राष्ट्रीय मैचों का कम अनुभव पड़ सकता है भारी

**पर्थ।** भारतीय टीम बुधवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली वियतनाम की टीम के खिलाफ एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अभियान की शुरुआत करेगी जिसमें उसे अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने का कम अनुभव भारी पड़ सकता है। भारत चार टीमों के ग्रुप में रैंकिंग के लिहाज से सबसे निचले पायदान पर है और उसने इस साल एक भी अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ग्रुप की अन्य तीन टीमें वियतनाम, जापान और चीनी ताइपे हैं। भारतीय टीम ने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2025 में ईरान व नेपाल के खिलाफ खेले थे।